www.epaper.azadsipahi.in

09 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


रांची
रविवार, वर्ष 11, अंक 21


जन्मदिन की बधाई देने लालकृष्ण आडवाणी के आवास पहुंचे पीएम मोदी











# केंद्र की नजर झारखंड के लोहा, तांबा और अन्य खनिज पर है : हेमंत सोरेन

## अबुआ सरकार के कारण भाजपा कुछ नहीं कर पा रही

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार की गिद्ध की तरह नजर झारखंड के लोहा, तांबा और अन्य खनिज संपदा पर है। देशभर की मुनाफा कमाने वाली सार्वजनिक उपक्रमों को सरकार साजिश के तहत बंद कर प्राइवेट कंपनीयों को बेच रही है। उद्योग की जननी कहे जाने वाली एचइसीएल जिससे देशभर में कई फैक्ट्री लगी, उसे भी सरकार ने बंद कर दिया है। हालांकि झारखंड में अबुआ सरकार के कारण भाजपा कुछ कर नहीं पा रही है। मुख्यमंत्री शनिवार को घाटशिला उप चुनाव को लेकर झामुमो की ओर से मऊभंडार के ताम्र प्रतिभा मैदान में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे।

**जो इनकी बात नहीं मानता, उन्हें जेल भेजते हैं:** मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि झारखंड पर कब्जा करने के लिए भाजपा ने उन्हें जेल भेजा था। उन्होंने कहा कि जो भी इनकी बात नहीं मानता है, उसे ये लोग जेल में सड़ाने का काम करते हैं।

**भाजपा वादा पूरा नहीं करती:** हेमंत ने कहा कि झारखंड की आधी आबादी यानी महिलाओं को आर्थिक स्वावलंबी बनाने के लिए हमारी सरकार ने मईयां सम्मान योजना शुरू किया है। महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने भी देश के कई राज्यों में चुनाव जीतने के लिए महिलाओं के साथ इसी तरह का वादा किया था। दिल्ली, हरियाणा और महाराष्ट्र में चुनाव जीतने के बावजूद भाजपा सरकार ने वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि राज्य में सिर्फ बिजली बिल माफ किया, बल्कि बिजली मुफ्त किया गया।



### सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग झारखंड मांग कर नहीं, बल्कि लड़ कर लिये हैं। कितनी महिलाओं का सिंदूर उजड़ा, तो कितने बच्चे अनाथ हो गये। देश ने जब आजादी कि लड़ाई का सपना नहीं देखा था, तब यहां अपने अधिकार के लिए संघर्ष हुआ था। झारखंड बनने पर सत्रह वर्षों तक आदिवासी-दलित, किसान-मजदूर विरोधी भाजपा सत्ता में रही। झारखंड अलग राज्य जिस उद्देश्य से बना था, वह खत्म होने लगा था। गुरूजी शिबू सोरेन ने भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए संघर्ष किया था। झारखंड में आज आम आदमी की सरकार है, जो जनता के लिए काम करती है। सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से गांव तक पदाधिकारियों को पहुंचाने का अभियान शुरू किया गया है, जिससे लोगों कि समस्या दूर हो सके।

### दिल्ली से काम में अड़ंगा लगाया जाता है

हेमंत सोरेन ने पुल-सड़क नहीं, तो वोट नहीं पर कहा कि आप भले वोट नहीं दें, लेकिन पुल-सड़क जरूर बनेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड का 70 फीसदी हिस्सा वन विभाग के अधीन पड़ता है, जहां काम करने में समस्याएं खडी होती है। दिल्ली से काम पर अड़ंगा लगता है। केंद्र सरकार से जमकर तू-तू, मैं-मैं भी होती है। हालांकि सरकार समस्या से घबराने वाली नहीं है। काम में अड़ंगा जरूर लगता है, लेकिन जब तक काम पूरा नहीं होता है, सरकार छोड़ती भी नहीं है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन को जिताने की अपील की।

# सरकार का स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार पर ध्यान नहीं : बाबूलाल



### भाजपा ने अपने प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने घाटशिला उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के समर्थन में तेरेंगा पंचायत के तालडीह टोला में जनसम्पर्क किया। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की सबसे बड़ी समस्या हेमंत सोरेन हैं। वे जबतक सत्ता में रहेंगे समस्या बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में लूट मची हुई है, घुसपैठियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। आदिवासी की जमीन पर कब्जा हो रहा है। बेरोजगारी चरम पर है। झारखंड में चारों ओर भ्रष्टाचार का बोल बाला है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को जिताने की अपील की।

**भाजपा नेताओं ने गहन जनसंपर्क चलाया:** भाजपा नेताओं ने घाटशिला के विभिन्न पंचायतों में गहन जनसंपर्क अभियान चलाया। भाजपा के नेता सह विधायक सीपी सिंह, भानू प्रताप शाही, अमित यादव, लक्ष्मण नायक, मुखिया दुलारी सोरेन समेत अन्य लोगों ने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील की। इस जनसंपर्क अभियान में आजसू प्रमुख सुदेश महतो समेत अन्य कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

### राज्य सरकार पर साधा निशाना

सुदेश महतो, भानु प्रताप शाही, अमित यादव समेत अन्य नेताओं ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार का न शिक्षा पर ध्यान है और न ही रोजगार पर। राज्य में केवल लूट-खसोट चल रहा है। भानु प्रताप शाही ने कहा कि हेमंत सरकार ने युवाओं को छला है। वहीं, सुदेश ने हेमंत सोरेन के भाजपा प्रत्याशी पर की गयी टिप्पणी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हार देख कर कार्यकर्ताओं का अपमान कर रहे हैं।

# घाटशिला उपचुनाव में आज पांच बजे शाम से थम जायेगा चुनाव प्रचार

- मतदान 11 को, मतगणना 14 नवंबर को
- 9 से 11 नवंबर तक रहेगा ड्राइ डे
- नेताओं और कार्यकर्ताओं को शाम 5 बजे तक छोड़ना होगा घाटशिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला के उपचुनाव के लिए रविवार रविवार को शाम पांच बजे से चुनाव प्रचार समाप्त हो जायेगा। यहां 11 नवंबर को मतदान होगा। मतगणना 14 नवंबर को होगा। घाटशिला के बाहर के नेताओं और कार्यकर्ताओं को रविवार शाम पांच बजे तक विधानसभा क्षेत्र छोड़ देना होगा। वहीं, 9 नवंबर की शाम 05:00 बजे से 11 नवंबर की शाम 5 बजे तक ड्राइ डे घोषित किया गया है। इस दौरान शराब बिक्री पर पाबंदी रहेगी।







आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आजाद सिपाही से कहा

# घाटशिला उपचुनाव में परिवर्तन की लहर है

■ घाटशिला उपचुनाव का परिणाम निश्चित रूप से लोगों को चकित करेगा

■ जिस मुद्दे को लेकर सरकार जा रही, उसी समस्याओं से अधिकांश महिलाएं आज पीड़ित हैं

**हमारे साथ हैं झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी। जैसा कि घाटशिला उपचुनाव अब ऐसे मोड़ पर आ चुका है, जहां कहा नहीं जा सकता कि किसका पलड़ा कितना भारी है। यह उपचुनाव अब बिल्कुल गरम हो चुका है। बाबूलाल मरांडी के साथ उपचुनाव को लेकर हुई बातचीत के मुख्य अंश :**

**सवालः** भाजपा की स्थिति कितनी मजबूत है इस उपचुनाव में अभी?

**जवाब :** देखिए, मैं यह कह सकता हूं कि जब यह परिस्थितियां बन गयी थीं कि यह चुनाव होना है, तो हम सब लोगों ने यहां खूंटा खंभा गाड़ना प्रारंभ कर दिया था। चुनाव घोषणा होने के पहले ही हमारे प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू जी को दो-तीन बार भेजा था। चुनाव घोषणा होने के पूर्व हम ने भी खुद एक बार नहीं, बल्कि दो बार आये थे और कार्यकर्ताओं के साथ बैठे थे। फिर उसी समय क्षेत्र की हम लोगों ने बड़ी बारीकी से, जिसको कह सकते हैं एक रचना किया था। पूरा विधानसभा क्षेत्र को 20-25 बूथों में एक-एक टुकड़ों में बांटा। ताकि एक-एक हमारे प्रमुख नेता उस क्षेत्र में आकर के और पोलिंग बूथ तक जायें। पोलिंग बूथ में कार्यकर्ताओं के साथ बैठना, पंचायत स्तर पर सम्मेलन करना और उससे पहले जो मंडल हम लोगों ने बनाया था, वहां पर सम्मेलन करना। उन सब में तो मैं खुद गया हूं। आज मैं कह सकता हूं जिस रचना को हम लोगों ने बनाया था, वहां एक-एक सीनियर नेता, विधायक, पार्टी पदाधिकारी, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, ऐसे सारे लोगों को काम दिया था। वह सभी लोग काम कर रहे हैं। मैं कह सकता हूं कि पोलिंग बूथ तक या गांव तक भी लोग गये। कल और आज दो दिन में महिला हो, पुरुष हो, जो कार्यकर्ता हैं हमारे लोकल क्षेत्र के घर-घर भी संपर्क करने का लोगों ने प्रयास किया। विधानसभा स्तर पर व्यवस्थित तरीके से जो जनसंपर्क हुआ है। मतदाताओं से जो संपर्क साधा गया है, और हमने भी खुद हमारे दृष्टिकोण से, पार्टी के दृष्टिकोण से हम सातों मंडल की सम्मेलन में हम गये थे। सातों मंडलों में जो कार्यकर्ताओं का उत्साह भी मैंने देखा, जोश भी देखा, उपस्थिति भी हमने देखा, लोगों की रिस्पांस भी मैंने देखा। फिर 12-14 जो पंचायत हैं, वहां भी हम खुद गये थे। वहां भी हमने बैठकों को संबोधित किया, तो वहां भी हमने उपस्थिति को देखा और रिस्पांस भी देखा। तो मैं कह सकता हूं कि इस बार घाटशिला विधानसभा का जो उपचुनाव का जो परिणाम होगा, निश्चित रूप से लोगों को चकित करेगा।

**सवालः** तो ये जनसंपर्क जब आप लोगों ने साधा जनता से, तो क्या इश्यूज पाया आप लोगों ने? क्या इश्यूज था, मीन्स टॉपिक?

**जवाब :** देखिए मुद्दा बिल्कुल साफ था। जिन इशू को लेकर के हेमंत सोरेन घूम रहे हैं, उसमें आज भी जो बड़ी तादाद में जहां भी महिलाएं कहती हैं कि भई हमें तो मंईयां योजना मिलता था, वह कट गया। बहुत सारे लोगों ने कहा कि हमें तो मिलता ही नहीं है। तो यह ध्यान में आया, जिस इशू को लेकर के वो जा रहे हैं, उसी समस्याओं से अधिकांश महिलाएं आज पीड़ित हैं एक प्रकार से।

**सवालः** घाटशिला में 51,000 महिलाएं मंईयां सम्मान योजना से लाभांवित हैं, ऐसा कहा जाता है, मतलब सरकार बोलती है।

**जवाब :** नहीं, वो कह रही है ना? उसमें से 20,000 को पहले काट दिया, हो सके फिर से वो जोड़ा हो, लेकिन लोग उस बात को अब समझ रहे हैं। फिर उसके बाद जैसे जो वृद्ध है, विधवा है, दिव्यांग है, ऐसे लोगों की भी लंबे समय से पेंशन बंद थीं। शायद इधर चुनाव की घोषणा हुआ, हम लोग जब सब जगह हल्ला करने लगे, तो शायद कुछ लोगों को भेजा है। तो लोग इस बात को समझ रहे हैं। फिर इनके जो 6 वर्षों के कालखंड में जो विकास का जो काम होना चाहिए था, वह नहीं हुआ। सड़कें भी जो बनी हैं तो भाजपा के शासनकाल में बनी हैं। वह भी आज टूट रही हैं, यह लोग देख रहे हैं। बिजली भी पहले जो नियमित होती थी, आज वह भी नहीं दिख रही है। अभी हम एक पंचायत में थे, वहां ट्राइबल महिला हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति यह है कि

आजाद सिपाही **खास बातचीत**



बीमार लोगों को एंबुलेंस के लिए 108 नंबर पर डायल करना होता है। उसकी हालत क्या है कि यहां से जो डायल करता है, वह रांची में लोग उठाते हैं। और फिर रांची से यहां खबर भेजा जाता है, तब तक पता चला कि यह गाड़ी खराब है, तो ड्राइवर नहीं है, वगैरह-वगैरह। कहने का अर्थ है कि लोगों को उसका लाभ नहीं मिलता है। तो आम लोग इस बात से बड़ी दुखी हैं और इससे आक्रोशित भी हैं। उनको पता है कि भाई यह सरकार सिर्फ हम सब लोगों को ठग रही है।

**सवालः** पिछली बार जो यह मार्जिन था 20,000 का, 22,000 का, तो इस मार्जिन को कैसे कम करेंगे?

**जवाब :** देखिये इसको कम करना क्या? पहली बात तो हमारे पास जो वोटर्स थे, जो पिछले बार लोग दिया था, वह तो बिल्कुल इंटैक्ट हैं। उनको कोई कारण नहीं है कि वह हमें वोट नहीं देंगे। पिछले बार तो बल्कि प्रत्याशी भी नये थे, पहली बार घूम रहे थे। बीजेपी के लिए वोट मांगने के लिए और तब भी लोगों ने 76,000 वोट दिया। आपने कहा 20-22,000 वोट से पीछे थे, तो पहली बात तो हमारा ही वोटर है। और फिर कुछ वोट उस समय जो प्रत्याशी या संपर्क नहीं हो पाने के कारण, नये होने के कारण जो घर में भी पड़े रह गये होंगे, तो भी वोट आयेंगे, तो वह बढ़ेगा। फिर हमने कहा कि जो 6 वर्षों में इतना व्यापक संपर्क नहीं हुआ था मतदाता से। अब उनको भी यह बात समझ में आ रहा है कि भाई हमें ये ठग रहे हैं। अगर उनमें से जो 10-20,000 की जो वोट बता रहे हैं, उसमें से अगर थोड़ी ही वोट इधर बीजेपी की तरफ, कमल फूल की तरफ शिफ्ट कर जायेगी। मुझे लगता है इस बार वह शिफ्ट कर जायेगी। तो निश्चित रूप से जो आज हम पीछे दिख रहे थे, आप देखेंगे कि रिजल्ट आयेगा, तो मुझे लगता है कि बिल्कुल परिणाम आश्चर्यजनक होगा।

**सवालः** जेएलकेएम कुछ प्रभावित कर सकता है?

**जवाब :** मुझे नहीं लगता है। हां, खड़े हैं तो थोड़ा बहुत तो वोट लेंगे ही। लेकिन क्योंकि पिछली बार उनको वोट मिला था मात्र 8 या 9 हजार, 9 हजार से भी कम वोट मिला था। तो कुल मिलाकर जिन मतदाताओं ने उस समय बड़े उत्साह से उनको वोट दिया होगा कि चलो भई यह जीतेंगे या वह फाइट में रहेंगे। जब एक बार मुट्ठी खुल जाती है, तो लोगों को यह समझ में आ जाता है कि नहीं साहब, यह फाइट में भी नहीं रहेंगे, तो हम वोट को क्यों बर्बाद करेंगे? तो फिर जो सरकार के अगेंस्ट में जो वोट डालना होता है, तो निश्चित रूप से फिर बीजेपी को ही वोट डालेंगे, कमल छाप को ही वोट डालेंगे। तो यह मुझे नहीं लगता है कि जितनी वोट उस समय उन्होंने लाया था, उतना वह ला पायेंगे।

**सवालः** अभी मुख्यमंत्री ने एक बयान दिया था हेमंत सोरेन जी ने कि मतलब 'बैल' शब्द का प्रयोग किया उन्होंने, कहा है, कहा कि खाया-पिया-मोटाया झामुमो में प्रत्याशी को लेकर भाजपा प्रत्याशी को लेकर, और हल जोत रहे हैं भाजपा का। तो इसको किस रूप में आप देखते हैं?

**जवाब :** देखिए, मैं उन्होंने जिस भाषा का प्रयोग किया, तो मुझे याद आया कि भई, चूंकि जेएमएम का चरित्र उसी प्रकार से रहा उन लोगों का। अब दिल्ली की मंडी में गाय-बैल की तरह ही जेएमएम के नेता उस समय बिका करते थे। तो हमें लगता है कि वह मंडी उनको बार-बार याद आती है, इसीलिए लोगों की वह तुलना बैल से, जानवर से, वह जोड़ते रहते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हेमंत सोरेन को शायद वह दिमाग में उनके यही घुसते रहता है। क्योंकि नहीं तो एक मुख्यमंत्री को इस प्रकार की बातें नहीं बोलनी चाहिए थी। अरे मुख्यमंत्री हैं और उनके यहां भी कई लोगों को पार्टी में लाकर के चुनाव लड़ाते हैं। यहीं आपका बहरागोड़ा में चुनाव लड़ाये हैं, वह उनका बाय बॉर्न तो उस पार्टी में थे नहीं। वह कई बार हमसे भी चुनाव लड़ा है, हम जेवीएम में थे उस समय चुनाव लड़ा है। बीजेपी में भी थे कई वर्षों तक, फिर चुनाव के समय वह चले गये जेएमएम में। अभी वहां षाड़ंगी को ले गया है, तो पिछले बार उन्होंने उनको क्या बोलते हैं, चुनाव तो नहीं लड़ाया, लेकिन उनको ले गया था, तो वह भी वह काम कर रहा है, बड़ा घूम रहा है। तो ऐसे अगर आप देखेंगे, तो पॉलिटिकल पार्टी में कई एक ऐसे नेता आपको मिलेंगे जो यहां से वहां चलते रहता है। तो इसको अगर आप इस रूप में उनको कहेंगे, तो मैं समझता हूं कि यह शायद उचित नहीं है। लेकिन हमने कहा कि भई आदमी जैसा होता है, तो नेचर ऐसे ही बन जाता है बोलने की, आदत बन जाती है। इसलिए वह बोलते हैं।

## जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आजाद सिपाही से कहा

# घाटशिला में हम इस बार 50 हजार से अधिक के मार्जिन से जीतेंगे

■ जेएमएम के लिए यह उपचुनाव महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह रामदास दा के काम पर मुहर होगा

■ जेएमएम हर जाति और समुदाय को साथ लेकर चलनेवाला संगठन है

■ मंईयां सम्मान योजना से किसी भी लाभुक का नाम नहीं काटा गया है

**आज हमारे साथ जो मेहमान हैं, वह किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। वह झारखंड मुक्ति मोर्चा की मुखर आवाज हैं, जिन्हें हम प्रेम से दादा भी बोलते हैं। सुप्रियो भट्टाचार्य जी का हम आजाद सिपाही में स्वागत करते हैं।**

**सवालः** घाटशिला उपचुनाव का तापमान बढ़ चुका है। लगभग स्टार प्रचारक सड़क पर उतर आये हैं और जनता से वन टू वन कनेक्ट भी कर रहे हैं। जेएमएम ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। शुरू में ऐसा लग रहा था कि बहुत लाइटली तरीके से जेएमएम यह चुनाव जीत लेगा। लेकिन जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है और आपको क्या लग रहा है कि यह उपचुनाव जेएमएम के लिए अभी भी आसान है? और यह चुनाव कितना महत्वपूर्ण है जेएमएम के लिए?

**जवाबः** देखिए हर चुनाव में कंटेस्ट तो होता ही है और हम लोग कभी भी किसी चुनौती को हलके से नहीं लेते हैं। लेकिन यह चुनाव पहली बार ऐसे वक्त में हो रहा है, जब 10 महीने पहले हम लोगों को जनादेश था। रामदास दा ने जो काम किया था इस क्षेत्र में, खासकर शिक्षा के क्षेत्र में, चाहे वह सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का हर प्रखंड में, हर पंचायत में स्कूल की व्यवस्था करना... साथ-साथ यहां पर जनजाति विश्वविद्यालय की स्थापना (पंडित रघुनाथ मुर्मू के नाम पर)। यहां इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना, ये तीनों प्रखंड में महिला डिग्री कॉलेज का आना। ये सारे चीजों के साथ-साथ जो युवाओं के रोजगार का सवाल था और भी बहुत सारे जो किसानों के सवाल थे... जो यहां का जो प्रमुख आकर्षण है घाटशिला का, वो है पर्यटन। उस पर्यटन के क्षेत्र में भी काम करना। तो ये तमाम काम थे कि हम लोगों को आशीर्वाद मिला था। लेकिन विधि का विधान जो है, हम लोगों ने लगातार उस वक्त तो गुरुजी को खोया, रामदास दा को खोया, और आपके पिताजी को भी खोया। वही एक समय, बड़ा कठिन दौर था हम लोगों के लिए। उसके बाद आज ये समय आया। तो हमको लगता है कि समय के साथ-साथ परिस्थितियां भी बदली हैं। एक वक्त जो यहां पर हम लोग पूरी तरह से एकाग्र होकर आगे बढ़ रहे थे, उसमें एक बाधा आयी थी। लेकिन अब वह बाधा भी समाप्त हो जायेगी। जब हम लोग बहुत बड़े मार्जिन के साथ ये उपचुनाव जीतेंगे।

क्योंकि घाटशिला ताम्र भूमि है और आणविक भूमि भी है। तो ताम्र भूमि और आणविक भूमि होने के कारण, यह जगह बहुत सख्त भी है और बहुत शांत भी है। तो हम लोग इस क्षेत्र में जड़ों तक पहुंचे हुए हैं।

**सवालः** तो, किस आधार पर आप यह बोल सकते हैं कि चूंकि पिछली बार जो डिफरेंस रहा, आप लोग 22 हजार वोट से प्लस में थे, जीते थे। किस आधार पर आप कह रहे हैं कि 22 हजार से भी ज्यादा वोट इस बार हासिल होगा?

**जवाबः** इस बार हम लोग इसी आशा के साथ, इसी विश्वास के साथ कह रहे हैं, क्योंकि एक तो सोमेश का जो अपना व्यक्तित्व है। उनके मुकाबले में जो भी लोग खड़े हैं, उनका जो व्यक्तित्व है और जो काम करने का स्वभाव रहा है। लोग इस बात को समझते हैं कि कौन योग्य है और कौन योग्य नहीं है।

आजाद सिपाही **खास बातचीत**



तो निश्चित तौर पर सोमेश के साथ में ये एक बड़ा पॉजिटिव आस्पेक्ट हम लोगों के लिए है। क्योंकि जो प्रतिद्वंद्वी है वो, वो एक आतंक का ही नाम है। तो उस आतंक के खिलाफ भी लोग हैं, और हर तबके के लोग हैं। इसलिए मार्जिन इस बार 22 हजार नहीं, 44 हजार नहीं, 50 हजार पार करेंगे।

**सवालः** जो भाजपा के प्रत्याशी हैं, कल मुख्यमंत्री ने एक बयान दिया कि बैल से कंपेयर किया गया कि खाये पिये मोटाये जेएमएम में और हल जोतने भाजपा में चले गये। तो इसे किस रूप में आप देखते हैं?

**जवाबः** हम लोगों का झारखंड मुक्ति मोर्चा जो है ना इस इलाके में विभूति बाबू का प्रभाव रहा है, उनका यह साहित्यिक स्थल है। विभूति बाबू ने 'ओपुर संसार' बोलके एक उपन्यास लिखा था, उस पर सत्यजीत रे जी ने फिल्म बनाया और वो ऑस्कर भी जीता। हमारा झारखंड मुक्ति मोर्चा ओपुर पाठशाला है। बिना यहां का शिक्षा दीक्षा के हमको नहीं लगता है कि कोई राजनीतिक व्यक्तित्व सफल हो पाया है। जिसकी भी जो भी पहचान हो, चाहे इसके पहले दो-दो पूर्व मुख्यमंत्री जो आज भारतीय जनता पार्टी के बहुत बड़े नेता कहलाते हैं, उनका जन्म, उनकी शिक्षा, उनकी दीक्षा सभी गुरुजी के हाथों हुआ और उसके बाद लोगों ने अपने स्वार्थ में राह बदला। इसलिए हेमंत जी ने कहा, ये ऊ बैल है जो खाता-पीता तो हम लोग का है, और हल जोतने कहीं और चल जाता है। लेकिन इसके साथ भी उन्होंने बहुत स्पष्ट कहा कि बैल हल तो जोतता है, लेकिन उसके पीछे का जो किसान है, वो जनता है। जनता इन बैलों को सुधारना जानती है, और जनता इस बात का जवाब 11 तारीख को देगी।

**सवालः** क्या आपको नहीं लग रहा है कि यह चुनाव धीरे-धीरे जाति आधारित भी हो रहा है? जैसे जो टीम गठित की गयी है। जैसे यहां संथाल हैं, भूमिज हैं, हो हैं और भी कई अन्य जातियां हैं। उन्हें साधने के लिए एक-एक टीम गठित की गयी है, लोग निर्धारित किये गये हैं। तो ऐसा क्यों है?

**जवाबः** यहां बड़ी संख्या में आबादी बांग्लाभाषी हैं। हमारे जो हो भाषी लोग हैं (दीपक जी हैं) यहां के जो संजीव सरदार हैं। यहां के जो उड़ियाभाषी हैं (कुणाल हैं, चमेड़ा हैं)। यहां का भूमिज के साथ में पोटका का भूमिज, चाहे आपको सरायकेला का भूमिज, आपस में शादी-बियाह, बेटी-रोटी का संबंध है। तो वो एक हित-नाता भी होता है। तो उसी कारण ये चीजें हर पार्टियां करती हैं। ये तो सामाजिक बंधन है। राजनीति समाज से तो अलग नहीं है। तो सामाजिक बंधन के तहत ही ये चलता है।

**सवालः** दादा, चूंकि चंपाई सोरेन जी जेएमएम के बड़े नेता रहे, जेएमएम की हर चाल से वह वाकिफ हैं, रणनीति से वाकिफ हैं। और यह चुनाव का आखिरी मोड़ है। यही रात अंतिम, यही रात भारी। ये जो दो-तीन रातें हैं, ये बहुत ही क्रुशियल समय है, और असली चाल यहीं खेलेंगे चंपाई सोरेन। तो उसकी काट है आपके पास?

**जवाबः** अरे, चंपाई दा... खेल तो यहीं से न सीखे हैं। क्या गुण है, क्या अवगुण जो भी सीखे हैं, यहीं से सीखे हैं। और देखिए, गुरु हमेशा गुरु होता है। गुरु इसलिए गुरु होता है कि वो हर चीज तो बता देता है, लेकिन गुरु बनने के पीछे की जो कहानी है, वो कभी नहीं बताता है। तो यही डिफरेंस है चंपाई दा का खेल में और हम लोगों के खेल में।

उत्तराखण्ड शासन

उत्तराखण्ड 25 रजत जयंती वर्ष

देवभूमि रजत उत्सव





# राज्य स्थापना दिवस

9 नवम्बर

की हार्दिक शुभकामनाएँ

## उत्तराखण्ड रजत जयंती उत्सव

**₹8260+ करोड़**

की परियोजनाओं का

**लोकार्पण एवं शिलान्यास**

"माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विज़न के अनुरुप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

### मुख्य लोकार्पित परियोजनाएं

- अमृत योजना के तहत देहरादून के 23 जोनों में पेयजल आपूर्ति परियोजना।
- पिथौरागढ़ विद्युत उपकेंद्र का शुभारंभ।
- सरकारी भवनों में सौर ऊर्जा संयंत्र।
- हल्द्वानी स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड।

### मुख्य शिलान्यास परियोजनाएं

- सौंग बांध पेयजल परियोजना–देहरादून को 150 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति।
- जमरानी बहुउद्देशीय परियोजना, नैनीताल–पेयजल, सिंचाई और विद्युत उत्पादन हेतु।
- विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना।
- चंपावत में महिला खेल महाविद्यालय की स्थापना।
- नैनीताल में अत्याधुनिक दुग्ध संयंत्र।

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी

के कर-कमलों द्वारा

दिनांक: 09 नवम्बर, 2025 | समय: प्रातः 9 बजे | स्थान: एफ.आर.आई., देहरादून, उत्तराखण्ड

### गरिमामयी उपस्थिति

**ले ज गुरमीत सिंह**
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, (से नि)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



## संकल्प
नये उत्तराखण्ड का

- समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश में प्रथम राज्य बना उत्तराखण्ड।
- राज्य में सशक्त भू कानून, सख्त धर्मान्तरण विरोधी कानून, सख्त नकल विरोधी कानून, एवं दंगारोधी कानून हुआ लागू।
- राज्य में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में ₹3.56 लाख करोड़ के एम.ओ.यू. हुए साईन। अब तक ₹01 लाख करोड़ से अधिक के निवेश की हो चुकी ग्राउंडिंग।
- राज्य के इतिहास में पहली बार पेश हुआ 1 लाख करोड़ से ज्यादा का बजट।
- शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख से बढ़ाकर किया 50 लाख रुपए। परमवीर चक्र विजेताओं की अनुग्रह राशि 50 लाख से बढ़ाकर की गई डेढ़ करोड़।
- राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार 26 गुना बढ़ा है। प्रति व्यक्ति आय 17 गुना बढ़ी है। राज्य गठन के समय वर्ष 2000 में अर्थव्यवस्था का आकार ₹14501 करोड़ था, जो 2024-25 में बढ़कर ₹378240 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।
- केदारनाथ पुनर्निमाण और बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत कार्य गतिमान। बद्रीनाथ धाम को स्मार्ट आध्यात्मिक पहाड़ी कस्बे के रूप में विकसित करने हेतु ₹255.00 करोड़ की विकास योजनाओं का कार्य गतिमान।
- कुमाऊं क्षेत्र में मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अन्तर्गत 48 मन्दिरों को सर्किट के रूप में जोड़ने का कार्य गतिमान।
- दिल्ली - देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड के बनने से 2 से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- राज्य में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेज गति से गतिमान। अब तक 70 प्रतिशत कार्य हुआ पूर्ण।
- राज्य में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिये ₹200 करोड के वेंचर फण्ड की स्थापना।
- वृद्धावस्था पेंशन को बढ़ाकर ₹1500 किया गया है। अब दोनों बुजुर्ग दंपत्ति को मिल रहा वृद्धावस्था पेंशन का लाभ। वृद्धावस्था, विधवा, तथा दिव्यांग पेंशन का भुगतान 3 माह की जगह अब प्रत्येक माह होगा।
- वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अन्तर्गत सीमांत के 51 गांवों का चयन कर किया जा रहा सुनियोजित विकास।
- मुख्यमंत्री अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत राज्य के करीब पौने दो लाख गरीब परिवारों को साल में 3 सिलेंडर मुफ्त रिफिल।

विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR




आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 09 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# गिरिडीह सदर अस्पताल में लापरवाही: नर्स ने बीच रास्ते छीन लिया स्ट्रेचर, ठेले पर ले जाना पड़ा मरीज

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** सदर अस्पताल गिरिडीह एक बार फिर लापरवाही और संवेदनहीनता के आरोपों से घिर गया है। शनिवार को अस्पताल परिसर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, बक्सीडीह रोड के झिंझरी मोहल्ला निवासी सुनील राम कुछ दिन पहले सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये थे। रांची रिम्स में उनका इलाज किया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके पैर का ऑपरेशन कर उसमें रॉड डाला। स्थिति में सुधार न होने और आगे के उपचार के लिए उन्हें गिरिडीह सदर अस्पताल में भर्ती किया गया था।

**नर्स ने बीच रास्ते छीन लिया स्ट्रेचर :** शनिवार को मरीज की पत्नी आधार कार्ड अपडेट कराने के उद्देश्य से उन्हें अस्पताल परिसर के पास स्थित केंद्र ले जा रही थीं। वह अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराये गये स्ट्रेचर सह व्हील ट्रॉली से अपने पति को ले जा रही थीं।

इसी दौरान अस्पताल की एक नर्स बीच रास्ते में आयी और बिना किसी कारण स्ट्रेचर छीन लिया। अचानक स्ट्रेचर वापस ले लिए जाने से मरीज की पत्नी परेशान हो गयी। मजबूरी में परिजनों ने सड़क किनारे से एक ठेला भाड़े पर लिया और उसी पर मरीज को बैठाकर आधार केंद्र तक ले गये। यह पूरा दृश्य मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड हो गया और वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर फैल गया।



## जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग

इस घटना को लेकर लोगों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से घटित मामले की जांच कराने और जिम्मेदार स्वास्थ्यकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने कहा कि अगर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में ऐसी घटनाएं रुक नहीं सकेंगी। फिलहाल अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## स्थानीय लोग नाराज, बोले-यह है स्वास्थ्य विभाग की असली तस्वीर

वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ गयी है। लोगों का कहना है कि सदर अस्पताल में मरीजों के साथ इस तरह का व्यवहार बेहद शर्मनाक है। ग्रामीणों ने इस घटना को मानवता पर धब्बा बताते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य विभाग की संवेदनहीनता और लापरवाही का ताजा उदाहरण है। कई लोगों ने सवाल उठाया कि यदि एक गंभीर मरीज को स्ट्रेचर भी सही से उपलब्ध नहीं कराया जा सकता, तो फिर अस्पताल की व्यवस्था कैसे बेहतर मानी जाये?

# ट्यूनीशिया में फंसे 48 झारखंडी कामगारों की सुरक्षित वापसी

**प्रवासी कामगारों के हितों के प्रति मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का उज्जवल उदाहरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर प्रवासी कामगारों के मसीहा साबित हुए हैं। उनकी संवेदनशीलता और त्वरित पहल के कारण अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया में फंसे झारखंड के 48 प्रवासी कामगारों की सुरक्षित वापसी संभव हो पायी है। बीते तीन महीनों से वेतन न मिलने और आर्थिक संकट से जूझ रहे इन कामगारों की मदद के लिए मुख्यमंत्री ने तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया था। जैसे ही मुख्यमंत्री को कामगारों की परेशानी की जानकारी मिली, उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अधीन राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को सक्रिय किया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभाग ने तत्परता दिखाते हुए भारतीय दूतावास और संबंधित एजेंसियों के सहयोग से पूरी प्रक्रिया को अंजाम दिया।

सभी कामगार हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो जिलों के निवासी हैं, जो पीसीएल प्रेम पावर कंस्ट्रक्शन लिमिटेड में कार्यरत थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद श्रम विभाग के अधिकारियों ने कामगारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को विस्तार से जाना। अब सरकार इन कामगारों और उनके परिवारों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने की दिशा में कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदैव यह सिद्ध किया है कि झारखंड का हर श्रमिक, चाहे वह देश में हो या विदेश में, सरकार की जिम्मेदारी है। ट्यूनीशिया में फंसे कामगारों की वापसी इसी सोच और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

यह सफलता न केवल झारखंड सरकार की संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई की मिसाल है, बल्कि प्रवासी कामगारों के प्रति राज्य सरकार की गहरी चिंता और मानवीय दृष्टिकोण को भी उजागर करती है। मुख्यमंत्री के प्रयासों से एक बार फिर यह संदेश गया है कि झारखंड सरकार अपने नागरिकों के साथ हमेशा खड़ी है। हर परिस्थिति में, हर स्थान पर।



# एफआइसीएसआइ ने लगाया मेगा जॉब फेयर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरकारी आइटीआइ परिसर में शनिवार को एफआइसीएसआइ ने मेगा जॉब फेयर लगाया। इसका ग्राउंड इम्प्लीमेंटेशन एरोसॉफ्ट हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड ने किया, जो झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी(जेएसडीएम) का ट्रेनिंग पाटनर है। फेयर में 520 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया। 100 से अधिक उम्मीदवारों का चयन विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों ने किया। शेष योग्य अभ्यर्थियों को आगामी चयन प्रक्रियाओं के लिए रखा गया है। झारखंड के युवाओं को खाद्य उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में अधिकतम रोजगार अवसर प्रदान करना जॉब फेयर का मुख्य उद्देश्य है। बारबेक्यू नेशन, कम्पास ग्रुप, मोजायक वर्कस्किल्स, एडुवांटेज, आईसेक्ट, बिगबास्केट, मदर डेरी, एब्सोल्यूट बारबेक्यू आदि देश की प्रतिष्ठित कंपनियों ने खास तौर से इसमें हिस्सा लिया। एनआइसीएसआइ की पुष्पिता और शशांक ने संचालन का कार्यभार संभाला। एरोसॉफ्ट हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर रजनीकांत और प्लेसमेंट हेड पवन कुमार मौके पर उपस्थित थे। साथ ही आइटीआइ, कल्याण रांची की प्रिंसिपल अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने भी भागीदारी निभायी।

## संत माइकल्स स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता



रांची (आजाद सिपाही)। संत माइकल्स पब्लिक स्कूल, पुंदाग में शनिवार को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई। इसमें नर्सरी से लेकर कक्षा वन तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विविध रूप धर सब का मन मोहा। स्वतंत्रता सेनानी, डॉक्टर, सैनिक, शिक्षक, परी, राजा-रानी आदि की वेशभूषा में नन्हे-मुन्नों ने बालशुल्भ व्यवहार प्रतिभा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। विद्यालय के प्रधानाचार्य मो नेजातूल्लाह ने कहा कि बच्चों में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए विजेताओं के नाम घोषित किए। सिद्धि पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रोग्राम इंचार्ज जोहरा जमाल और शिक्षिकाओं ने इसमें मुख्य योगदान दिया। स्कूल के निदेशक राम प्रवेश भारती और उप प्रधानाचार्या मौके पर खास तौर से उपस्थित थे।

## आध्यात्म और सेवा से बढ़ती है शिक्षा की गुणवत्ता : आनंद चित्तप्रभा

रांची (आजाद सिपाही)। राजकीय शिवनारायण मारवाड़ी बालिका उच्च विद्यालय, अपर बाजार में शनिवार को आनंद मार्ग महिला कल्याण विभाग का यूथ कांफ्रेंस हुआ। इसमें 150 छात्राओं ने खास तौर से हिस्सा लिया। मनीला से आयीं मुख्य प्रशिक्षक अवधुतिका आनंद चित्तप्रभा आचार्य ने बच्चों को ज्ञानात्मक बाते बतायी। कहा कि मानव के जीवन में आध्यात्म और सेवा का बड़ा स्थान है। इनकी सहायता से व्यक्ति अपने जीवन को सर्वोच्च स्तर पर ले जाने में सक्षम हो जाता है। शिक्षा की गणवत्ता भी बढ़ती है। उन्होंने आह्वान करते हुए छात्राओं से कहा कि आध्यात्म और सेवा भाव को आत्मसात कर शिक्षा के उच्च शिखर तक पहुंचेन का प्रयत्न करें। सफलता अवश्य मिलेगी। अवधुतिका आनंद स्नेहमया आचार्या ने बच्चों को यम-नियम की बारीकियां समझायी। बच्चियों को प्रशिक्षित करते हुए कहा कि यम साधना मनुष्य को वाह्य जगत के साथ सामंजस्य स्थापित करने में मदद करता है। नियम साधना अतः जगत के साथ समंजन स्थापित करने में सहयोगी है। मंच संचालन और कार्यक्रम का संयोजन मृदुला सिंह ने किया। प्राचार्या वर्षा ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

# बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनाने पर हुई चर्चा

**जनजाति गौरव दिवस आयोजन समिति की हुई बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आरोग्य भवन सभागार में शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती की तैयारी को लेकर जनजाति गौरव दिवस आयोजन समिति की बैठक हुई। इसमें रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में भव्य और ऐतिहासिक जयंती समारोह आयोजित करने को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा और झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव ने डिस्टिलरी पुल, कोकर के पास भगवान बिरसा मुंडा की समाधि स्थल और भगवान बिरसा मुंडा की जर्जर प्रतिमा पर खेद भी जताया। सरकार से अष्टधातु की प्रतिमा अति शीघ्र लगाने की मांग की। कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सोमा ने बताया कि जयंती समारोह की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसमें विभिन्न जनजातियों की झांकियां मन मोहेगी। पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-नगाड़े और मांदर के साथ नृत्य मंडली रंग जमायेंगे। आयोजन स्थल के चारो ओर स्वतंत्रता सेनानियों की कटाउट भी लगाया जायेगा। समारोह में राज्यपाल संतोष गंगवार बतौर मुख्य अतिथि भागीदारी निभायेंगे। संयोजक जगलाल पहान, बबलू मुंडा, अशोक मुंडा मुकेश मुंडा आशीष मुंडा नकुल तिर्की , प्रदीप लकड़ा, बिनाचंद उरांव, मुन्ना हेंब्रम, बुधराम बेदिया, एतवा बेदिया , मुकेश मुंडा, पंचम भोक्ता, सुनील टोप्पो, हिंदुवा उरांव, कामेश्वर साहू एवं जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव आदि बैठक में मौजूद थे।



# वंदे भारत जैसी ट्रेनें भारतीय रेल के अगले युग की नींव रख रही हैं : पीएम मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** भारत के आधुनिक रेल ढांचे के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी से चार नयी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए, पीएम ने सभी का स्वागत किया। काशी के लोगों को देव दीपावली की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित देशों की आर्थिक प्रगति का एक प्रमुख आधार सुदृढ़ अवसंरचना रही है। हर वह देश जिसने उल्लेखनीय विकास प्राप्त किया है, वहां पर ढांचागत प्रगति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उन्होंने कहा कि भारत भी अब उसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न हिस्सों में नयी वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत की घोषणा की। वाराणसी-खजुराहो वंदे भारत के साथ उन्होंने फिरोजपुर-दिल्ली, लखनऊ-सहारनपुर और एनार्कुलम-बेंगलुरु वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इन चार नयी ट्रेनों के साथ अब देश में परिचालन में वंदे भारत ट्रेनों की संख्या 160 से अधिक हो गयी है। प्रधानमंत्री ने वाराणसी और पूरे देशवासियों को इन नयी ट्रेनों के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें भारतीय रेल के अगले युग की नींव रख रही हैं। भारतीय रेल को बदलने का एक व्यापक अभियान है। प्रधानमंत्री ने वंदे भारत को भारतीयों द्वारा, भारतीयों के लिए और भारतीयों की ट्रेन बताया, जो हर भारतीय के गर्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत ने विकसित भारत के लिए अपने संसाधनों को सशक्त बनाने का संकल्प लिया है, और ये ट्रेनें उस दिशा में मील का पत्थर बनेंगी।



## महत्वपूर्ण खबरें

### डोरंडा कॉलेज ने संत जेवियर्स को 3/2 से हराया



रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा महाविद्यालय में शनिवार को रांची विवि इंटर कॉलेज पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें डोरंडा महाविद्यालय ने संत जेवियर्स को 25 -21 , 18-25, 25-22, 18-25, 15-12, कुल 3/2 से हराया। इस मैच मैं दोनों टीमों के बीच बहुत ही कांटे के टक्कर का मैच देखने को मिला। फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच अंकित तिग्गा, डोरंडा कॉलेज और मैन ऑफ द सीरीज अर्पित आइंद संत जेवियर्स कॉलेज को दिया गया। मुख्य अतिथि रांची विवि के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कॉलेज के प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मुफ्त नेत्र जांच शिविर आज


रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा और वीर कुंवर सिंह विचार मंच की ओर से रविवार को मुफ्त नेत्र जांच शिविर लगाया जा रहा है। वीर कुंवर सिंह पार्क, हरमू में दिन के दस बजे से शिविर शुरू होगा। प्रसिद्ध चिकित्सक जांच कर परामर्श देंगे। प्रदेश प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी सूरज नाथ शाहदेव ने लोगों से इसमें भाग ले लाभ उठाने की अपील की है। विशेष जानकारी के लिए मो. 9931915180 और 9431193112 पर संपर्क किया जा सकता है।

### इंडियन टैलेंट इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने भ्रमण किया



रांची (आजाद सिपाही)। इंडियन टैलेंट इंटरनेशनल स्कूल बेड़ो के बच्चों को विद्यालय के तरफ से शनिवार को एक अनुभव यात्रा पर ले जाया गया। इस यात्रा में गुमला जिले के नवरत्न गढ़ ले जाया गया। शिक्षकों ने बच्चों को किले के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताया। इसमें बच्चों ने 16वीं शताब्दी में बने किले के वास्तु कला के अद्भुत नमूनों को बच्चों ने देखा और अवगत हुये। विद्यालय के डॉयरेक्टर प्रीतम कुमार ने कहा कि इस प्रकार का परिचयात्मक दौरों से बच्चों में पर्यावरण और समाज की समझ के साथ सामाजिक कौशल में वृद्धि होती है।

### बिरला हनुमान मंदिर में चोरी का प्रयास, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए चोर



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के बरियातू, जोड़ा तालाब स्थित बिरला हनुमान मंदिर में शुक्रवार की रात चोरों ने दान पेटी चुराने का कुत्सित प्रयास किया। चोरों की इस करतूत को सीसीटीवी फुटेज में कैद कर लिया गया है। इसमें दो चोर साफ दिख रहा है कि कैसे दान पेटी को तोड़कर खोलने का प्रयास किया। जब दान पेटी तोड़ने में कामयाब नहीं हुआ तो उसे उठाकर ले जाने का प्रयास भी किया, लेकिन इसमें भी वे लोग कामयाब नहीं हुआ। मंदिर के संरक्षक दयानंद सिंह ने इस घटना की सूचना बरियातू थाना में दी है और प्रशासन से चोरों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि चोरों की इस करतूत से आस्था को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि बरियातू थाना प्रभारी ने इस संबंध में आश्वासन दिया है कि सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चोरों की शिनाख्त की जा रही है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी कर ली जायेगी। मंदिर में चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है।

### डीजीपी बनते ही तदाशा मिश्रा ने इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह को एसीबी से पुलिस मुख्यालय लाया

रांची (आजाद सिपाही)। डीजीपी का प्रभार ग्रहण करते ही तदाशा मिश्रा ने अपने एक आदेश में एसीबी में इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थापित अरुण कुमार सिंह का स्थानांतरण आदेश जारी किया। अरुण कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से पुलिस मुख्यालय (झारखंड) में एनजीओ प्रभारी के पद पर प्रतिनियुक्त किया गया है। आदेश में कहा गया है कि इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह अगले आदेश तक पुलिस मुख्यालय में अपनी सेवाएं देंगे। यह निर्देश झारखंड के डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) द्वारा जारी किया गया है और सभी संबंधित अधिकारियों को इसका अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। जानकारी के अनुसार एसीबी में अपनी कड़ी कार्यशैली, ईमानदारी और अनुशासन के लिए अरुण कुमार सिंह चर्चित रहे हैं। उन्होंने एसीबी में रहते कई महत्वपूर्ण मामलों की जांच में सक्रिय और अहम भूमिका निभायी। इससे एसीबी में उनकी अलग पहचान भी बतायी जाती है।

### बाबूलाल मरांडी के आरोप पूरी तरह से निराधार : लाल किशोर नाथ शाहदेव



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग पर लगाये गये आरोपों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी लगातार वैसे अधिकारियों के बारे में अनर्गल आरोप लगाते हैं जो प्रशासनिक व्यवस्था के कारण उनके फोन कॉल को रिसीव नहीं कर पाते हैं या उनकी पैरवी को नहीं सुनते हैं। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के ये आरोप पूरी तरह से निराधार और राजनीति से प्रेरित हैं। हेमंत सोरेन सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि भाजपा शासनकाल में ही पद संरक्षण और नियम विरुद्ध पोस्टिंग की गंदगी फैली थी, जिसे गठबंधन सरकार अब साफ कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी को दोहरी जिम्मेदारी देने के पीछे प्रशासनिक आवश्यकताएं हो सकती हैं। यह अस्थाई व्यवस्था झारखंड में प्रशासनिक क्षमता की कमी नहीं दर्शाती, बल्कि यह सुनिश्चित करती है कि महत्वपूर्ण विभाग का काम रुका न रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 09 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


### सुदेश महतो पहुंचे सुनील महतो के शहीद स्थल

# सुनील महतो की शहादत को भूल गया झामुमो : सुदेश महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि घाटशिला विधानसभा में झामुमो की हार तय है। हताशा में मुख्यमंत्री एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को बैल कहकर अपने कार्यकर्ताओं का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो घाटशिला की धरती पर शहीद अपने पूर्व सांसद सुनील महतो और निर्मल महतो की शहादत को भी भूल गया है। श्री महतो ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा बैल कहा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सवाल किया कि झामुमो अपने कार्यकर्ताओं को बैल मानता है क्या?

श्री महतो शनिवार को घाटशिला विधानसभा के बाघुड़िया ग्राम पहुंचे, जहां नक्सलियों ने पूर्व सांसद सुनील महतो की हत्या की थी। सुदेश महतो ने सुनील महतो की प्रतिमा और शहीद स्तंभ पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ भाजपा सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, आजसू उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, महासचिव हरेलाल महतो, जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, बंगाल विधायक बानेश्वर महतो, मांडू विधायक निर्मल महतो, बड़काగांव विधायक रोशन लाल चौधरी, रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, पार्वती देवी, सत्यनारायण महतो, स्वपन सिंह, संजय सिंह, संजय मेहता, राजू कर्मकार, सुखलाल हेंब्रम, नंदलाल बिरुआ उपस्थित रहे।

### भूमिज-मुंडा समाज का सम्मेलन

# घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन को समर्थन देने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**जादूगोड़ा।** घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के गालूडीह के समीप भूमिज-मुंडा समाज का एक दिवसीय विशाल सम्मेलन को आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में घाटशिला, मुसाबनी, धालभूमगढ़ एवं गुड़ाबांधा प्रखंड से तीन हजार से अधिक भूमिज-मुंडा समाज के लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पोटका के विधायक संजीव सरदार उपस्थित हुए। सम्मेलन में घाटशिला क्षेत्र के समाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों ने समाज की एकता, अधिकार और विकास पर अपने विचार रखे, जहां समाज के लोगों ने विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन को एक स्वर में समर्थन देने की घोषणा किया।



## झामुमो ने भूमिज समाज को हमेशा मान-सम्मान दिया : विधायक

मौके पर मुख्य अतिथि विधायक संजीव सरदार ने कहा कि हमें भूमिज समाज को एकजुट करना होगा। झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और असम सहित कई राज्यों में हमारे समाज के लोग फैले हैं, लेकिन एकजुटता की कमी के कारण हम एक-दूसरे से जुड़ नहीं पा रहे हैं। अब समय है कि हम संगठित होकर समाज की दिशा तय करें। विधायक ने बताया कि उन्होंने पिछले कुछ सप्ताहों में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न भूमिज गांवों और टोलों का दौरा किया है, जहां समाज के लोगों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रीतम सिंह, झंटू सिंह, सुनील सिंह सरदार, कालीराम सिंह भूमिज, शुभंकर सिंह भूमिज, तुषार कांत सरदार, प्रदीप सिंह, कार्तिक सिंह, सुकुमार सिंह, अमर सिंह सरदार, सुनील सरदार, बलराम सिंह, सुनाराम सिंह समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सरकार नियोजन एवं स्थानीय नीति बनाने में रही विफल, युवाओं का भविष्य अधर में लटका

# झामुमो नेता विकास के नाम पर वोट नहीं मांग पा रहे: दिनेशानंद गोस्वामी

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी ने राज्य सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि झामुमो नेता अब विकास के नाम पर वोट मांगने की स्थिति में नहीं हैं, क्योंकि पिछले छह वर्षों में सरकार ने न तो नियोजन नीति बनायी और न ही स्थानीय नीति, जिससे नियुक्तियां बाधित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नियुक्तियां संबंधित जिलों के लिए आरक्षित थीं, जिससे स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता मिलती थी। लेकिन राज्य सरकार ने इस व्यवस्था को खत्म कर दिया, जिसके कारण अब बाहर के उम्मीदवार किसी भी जिले में नौकरी पा सकते हैं, जबकि स्थानीय युवाओं को दरकिनार किया जा रहा है।

डॉ गोस्वामी ने कहा कि सरकार ने निजी कंपनी में 75% प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण देने का वादा किया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसके विपरीत, शराब बंदोबस्ती, बालू घाट की नीलामी और अन्य ठेकों में बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार अब तक पेसा कानून को पूरी तरह लागू नहीं कर पायी है, जिससे बालू घाट, बंदोबस्ती और वनपट्टा का आवंटन ग्राम सभा के अधीन लाने की प्रक्रिया अधर में है। डॉ गोस्वामी ने कहा कि स्वास्थ और शिक्षा व्यवस्था पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल हैं, स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है और बंद पड़ी ताम्र खदानों को शुरू करने के लिए झामुमो सरकार ने कोई प्रयास नहीं किया गया।

बालू घाटों की बंदोबस्ती न होने से बालू की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिससे आम जनता को भारी आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है। और घाटशिला की जागृत मतदाता भाजपा प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से जितायेगी।




## महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकार पर हमला: गीता कोड़ा

पूर्व सांसद एवं भाजपा की वरिष्ठ नेत्री गीता कोड़ा ने शनिवार को प्रेस वार्ता में कहा कि राज्य सरकार में महिलाओं की सुरक्षा भगवान भरोसे है। राज्य में बीते छह वर्षों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भयावह वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि साहेबगंज की दारोगा रूपा तिर्की हत्याकांड, रूबिका पहाड़िया की 52 टुकड़ों में निर्मम हत्या और एसआइ संध्या टोपनो की हत्या जैसी घटनाओं ने सरकार की नाकामी और संवेदनहीनता को उजागर किया है। गीता कोड़ा ने आरोप लगाया कि आदिवासी बेटियों के साथ दुष्कर्म करने वाले अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों पर मौन है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना से कोल्हान तक झारखंड की रोटी, माटी और बेटी खतरे में हैं। गीता कोड़ा ने कहा कि भाजपा ही महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण की सच्ची लड़ाई लड़ रही है, और आने वाले चुनाव में महिलाएं इस भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को करारा जवाब देंगी। कोड़ा ने चाइबासा की घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार का आदिवासी और महिला विरोधी चेहरा उजागर हुआ है। निहत्थे आदिवासी युवक और गर्भवती महिला को जेल भेजना सरकार की अमानवीय चेहरा को दर्शाती है। प्रेस वार्ता में अशोक बड़ाइक, चंडी चरण साव, लखन मार्डी उपस्थित थे।

# जेएमएम सरकार ने युवाओं को छला: भानु प्रताप शाही

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** शुनिवार को घाटशिला मंडल के विभिन्न बूथ पर भाजपा ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस जनसंपर्क अभियान में पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही, बरकट्ठा विधायक अमित यादव उपस्थित थे। पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने राज्य सरकार पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि छह साल से झारखंड की सत्ता पर काबिज राज्य सरकार ने प्रदेश को विकास नहीं, लूट दी है। जनता को रोजगार, शिक्षा और विकास से वंचित रखा गया, जबकि सत्ता के गलियारों में सिर्फ भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का बोलबाला रहा। इसलिए घाटशिला उपचुनाव में क्रम संख्या 1 कमल फूल छाप बाबूलाल सोरन को भारी से भारी मतों से विजय बनायें।



विधायक अमित यादव कहा कि जो अधिकार पहले गांव, ग्रामसभा और पंचायतों के पास थे, उन्हें इस सरकार ने छीनकर अपने पास समेट लिया है। अब बड़े-बड़े ठेकेदारों के हाथों में बालू का कारोबार चला गया है जिससे बालू की कीमत आसमान छू रही है, और आम जनता घर बनाने तक के लिए परेशान है। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित जिला मंत्री राहुल पांडेय, विजय पांडेय, हरप्रीत सिंह मंटू प्रजापति, साहिल आनंद सुशांत सिंह राजपूत समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राज्य सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है : सीपी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा के जादूगोड़ा स्थित रामनगर बस्ती में शनिवार को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री और रांची के विधायक सीपी सिंह ने जनसंपर्क किया। कार्यक्रम के दौरान महिला मोर्चा की नेत्री शिला उरांव ने अपने समर्थकों के साथ झामुमो छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभा को संबोधित करते हुए सीपी सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार जनभावनाओं से पूरी तरह कट चुकी है और आदिवासी समाज का विश्वास खो चुकी है।



सीपी सिंह ने जनता से अपील की कि आगामी 11 नवंबर को होने वाले घाटशिला उपचुनाव में क्रमांक संख्या-1 पर कमल का बटन दबाकर भाजपा को विजयी बनायें। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो अधिकार, अस्मिता और सम्मान की सच्ची लड़ाई लड़ रही है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह, रोहित सिंह परमार, चंचल दास, विक्रम सिंह, रूपाली सवैया, तनुश्री नंदा, रीना महाली, समेत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रियंका गांधी ने महागठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में की जनसभा, कहा

# हम सत्य और अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं

**बंधु ने आदिवासी हितों को लेकर बुलंद की आवाज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कटिहार।** चौकी पंचायत, कदवा विधानसभा, कटिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की जनसभा में प्रियंका गांधी ने महागठबंधन प्रत्याशी डॉ शकील अहमद खान के पक्ष में समर्थन मांगा। इसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने भी मंच साझा कर आदिवासियों के हित में आवाज बुलंद की। प्रियंका गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और महागठबंधन लड़ाई लड़ रही है, वहीं लड़ाई महात्मा गांधी जी ने लड़ी थी। आज हम सत्य के लिए लड़ रहे हैं, अधिकार के लिए लड़ रहे हैं, उसी तरह बीजेपी साम्राज्य पाने को लड़ रही हैं। उन्होंने लोगों से महागठबंधन को भरपूर समर्थन देने की अपील की।




बंधु तिर्की ने जनसभा को संबोधित करते हुए आदिवासी हितों की रक्षा को लेकर जोरदार ढंग से आवाज बुलंद की। कहा कि हमारी लड़ाई केवल सत्ता पाने की नहीं, बल्कि अपनी अस्मिता और अधिकारों की रक्षा की लड़ाई है। उन्होंने आदिवासी समाज से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा जिस तरह वोट की चोरी कर रही है, उसी तरह आने वाले समय में हमारे जंगल और जमीन भी छीन लेगी। इसे हर हाल में बचाना है। बिहार चुनाव दौरे में अपनी बातों को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार के आते ही आदिवासियों की हिस्सेदारी बढ़ेगी और उनकी आवाज हर स्तर पर सुनी जायेगी। मौके पर बंधु तिर्की ने प्रियंका गांधी से बिहार के आदिवासी समाज की स्थिति पर चर्चा करते हुए सबसे पहले सोशल ऑडिट कराने पर चर्चा किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हर गरीब, आदिवासी और वंचित व्यक्ति को उसका अधिकार मिले। जनसभा में हजारों की संख्या में स्थानीय नागरिक, कार्यकर्ता और समर्थकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

# भाजपा नेत्री डॉ सुनीता देवदूत सोरेन ने किया जनसंपर्क



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** शनिवार को मुसाबनी के मेड़िया एवं पूर्वी बदिया पंचायत के विभिन्न गांवों में डॉ सुनीता देवदूत सोरेन ने जनसंपर्क किया एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर केंद्र सरकार की योजनाओं को बताया जनहितकारी। घाटशिला आगामी उप - विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गयी हैं। इसी क्रम में शनिवार को भाजपा की सक्रिय कार्यकर्ता डॉ सुनीता देवदूत सोरेन ने मेड़िया एवं बदिया के गांव में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने गांव के गलियों, चौपालों और घरों में जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की और भाजपा की नीतियों और केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी और भाजपा के उम्मीदवार बाबूलाल सोरेन के पक्ष में वोट करने की अपील की। ग्रामीणों ने डॉ सुनीता का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नये आयाम स्थापित किये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए जो योजनाएं चलायी हैं, वे समाज के हर वर्ग को सशक्त बना रही हैं।

# राज्य सरकार महिलाओं के साथ भेदभाव कर रही : लक्ष्मण नायक



**भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ धालभूमगढ़ के विभिन्न बूथों का दौरा किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला उपचुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान में गोमिया के पूर्व विधायक प्रत्याशी लक्ष्मण नायक ने धालभूमगढ़ प्रखंड के जुनबनी पंचायत अंतर्गत जुनबनी, बगुला, रघुनाथडीह डोभा, हरिंधुकड़ी बूथों का जनसंपर्क चलाया। सभी को क्रम संख्या एक कमल निशान पर बटन दबाकर भारी से भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को विजय करने का अपील किया गया। झारखंड सरकार महिलाओं के साथ भेदभाव करने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित थे कनक कुमार प्रजापति, प्रशांत महतो, सुधांशु मुन्ना, नीतीश चंद्र महतो, नंदन मन्ना, सुधीर मंडल, विश्वनाथ टुडु, राजीव टुडु, सोहन मुंडा, शिशुपाल मुंडा, उमा मंडल, सुशांति मुंडा, चंपारानी मेहता, पानो टुडु, लालटू मंडल, कृष्णा समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# अंग्रेजी सिविल सर्विस यूं बनी भारतीय

सरदार वल्लभभाई पटेल की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जाती है आजादी के बाद देश को एक सूत्र में बांधना। उन्होंने साढ़े पांच सौ से ज्यादा रियासतों को एक किया। इनमें से हर रियासत की अलग मांग, परिस्थिति और परेशानी थी। सरदार पटेल ने ताकत और कूटनीति के बेहतरीन तालमेल से इस असंभव से दिखने वाले काम को कर दिखाया। लेकिन, यही एक काम नहीं था, जो सरदार पटेल ने इस देश को मजबूत करने के लिए किया- उन्होंने सिविल सर्विस और जनगणना जैसे वे काम कराये, जिनसे देश अपने पैरों पर खड़ा हो सका। भारत में सिविल सेवा की शुरुआत ब्रिटिश शासन के शुरूआती दौर में हुई थी। अंग्रेज इस सर्विस को अपने शासन का मजबूत ढांचा कहा करते थे। इसलिए जब भारत आजाद हुआ, तो कई लोग आजाद भारत में सिविल सर्विस को जारी रखने को लेकर संदेह में थे। सरदार पटेल 1947 के पहले बनी अंतरिम सरकार में भी गृह मंत्री थे। उसी समय से उन्होंने सिविल और पुलिस सर्विस पर काम करना शुरू कर दिया था। आजाद भारत में सिविल सर्विसेज का स्वरूप कैसा होगा, इसे लेकर उन्होंने अक्टूबर 1946 में प्रांतीय प्रधानमंत्रियों की एक बैठक बुलाई। सरदार पटेल का मानना था कि पूरे भारत को एक साथ जोड़े रखने के लिए योग्यता आधारित अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा बहुत जरूरी है। उनकी पहल और दृढ़ इच्छा के कारण भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) और भारतीय पुलिस सेवा (IPS) का गठन हुआ। यह ब्रिटिश शासन की ICS यानी इंडियन सिविल सर्विस का नया भारतीय रूप था। सरदार पटेल ने नयी सेवाओं के अधिकारियों से कहा था कि वे जनता की सेवा ईमानदारी और विनम्रता से करें। उन्होंने जिस सर्विस को आकार दिया, वह आज देश की प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ है। सरदार पटेल ने पहली जनगणना की योजना बनायी और उद्देश्य साफ किया। अपनी मौत से केवल 10 महीने पहले, फरवरी 1950 में उन्होंने दिल्ली में जनगणना अधिकारियों की एक कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना देश की प्रशासनिक नीतियों को निर्धारित करने में अहम साबित होगी। उन्होंने कहा था कि जनगणना सिर्फ आंकड़े गिनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि समाज से जुड़ी अहम और वैज्ञानिक जानकारी जुटाने का माध्यम है। उन्होंने यह भी बताया कि इस जनगणना में खास ध्यान लोगों के रोजगार के साधनों और आर्थिक गतिविधियों से जुड़ा डेटा एकत्र करने पर दिया जायेगा। उनका कहना था कि जनगणना सरकार के लिए ऐसा मौका है, जब वह देश के हर घर तक पहुंच सकती है। कह सकते हैं कि सरदार पटेल ने 1951 में शुरू हुई देश की पहली राष्ट्रीय जनगणना के लिए दिशा तय की थी।


**सरदार पटेल ने ताकत और कूटनीति के बेहतरीन तालमेल से इस असंभव से दिखने वाले काम को कर दिखाया। लेकिन, यही एक काम नहीं था, जो सरदार पटेल ने इस देश को मजबूत करने के लिए किया- उन्होंने सिविल सर्विस और जनगणना जैसे वे काम कराये, जिनसे देश अपने पैरों पर खड़ा हो सका।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत हमेशा कभी इतना स्थिर नहीं रहा जितना आज है। 1947 में ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से देश को बार-बार भुगतान संतुलन की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के बाद विनाशकारी सूखा पड़ा, जिसके कारण देश को खाद्य सहायता पर निर्भर रहना पड़ा, जिसके बदले में अमेरिका ने उसे रुपये का अवमूल्यन करने पर मजबूर कर दिया था।**

# पड़ोसी देशों में मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद देश शांत है

**द इकोनॉमिस्ट ब्यूरो**



एक दूर दृष्टि वाला अर्थशास्त्री नई दिल्ली में खड़ा होकर चारों ओर की अशांति को देख-समझ सकता है। इस साल की शुरूआत में भारत के पूर्वोत्तर पड़ोसी देश नेपाल में असमानता को लेकर जेन-जी के आंदोलन से विरोध प्रदर्शन भड़क उठे थे। इसका मुख्य कारण था कि जहां एक और आम नेपाली नागरिक बेरोजगारी से जूझ रहा था वहीं दूसरी ओर राजनीतिक राजवंशों के बच्चे इंस्टाग्राम पर विदेशों में बिताई गयी अपनी शानदार छुट्टियों और डिजाइनर कपड़ों का प्रदर्शन कर रहे थे। इससे पहले बांग्लादेश के छात्रों ने भी पिछले साल शेख हसीना की सरकार को हटाने के लिए क्रांति का नेतृत्व किया, जो 2009 से प्रधानमंत्री थीं। भारत के दक्षिण में पड़ोसी देश श्रीलंका में लोगों ने 2022 में राष्ट्रपति भवन पर धावा बोल दिया था, जिसके बाद राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को सत्ता छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। श्री राजपक्षे के कार्यकाल में आर्थिक संकट उत्पन्न हुआ था, जिसके कारण देश दिवालिया हो गया था तथा ईंधन और दवाइयों का संकट हो गया था। देश के पश्चिम में स्थित पाकिस्तान को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री के समर्थकों के विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ रहा है तथा आइएमएफ द्वारा भी उसकी डूबती अर्थव्यवस्था को बचाया गया है, लेकिन भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत आश्चर्यजनक रूप से स्थिर है। इस वर्ष देश राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार का सामना कर रहा है। भारत को रूस से तेल की खरीद के कारण विशेष रूप से इस दंडात्मक टैरिफ का निशाना बनाया गया है। इसके साथ ही इस वर्ष भारत ने परमाणु-सशस्त्र पाकिस्तान के साथ भी युद्ध का सामना किया था। देश की अर्थव्यवस्था पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका भी आइएमएफ के कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं।

**भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 700 अरब डॉलर या सकल घरेलू उत्पाद का 18 प्रतिशत है–जो 11 महीनों के आयात के लिए पर्याप्त है।**

इस बीच भारत की दस वर्षीय सरकारी बॉन्ड यील्ड दर वर्ष की शुरुआत से 7 प्रतिशत से थोड़ा कम है तथा पाकिस्तान और श्रीलंका को जो 12 प्रतिशत ब्याज दर देनी पड़ रही है, यह उससे काफी कम है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 700 अरब डॉलर या सकल घरेलू उत्पाद का 18 प्रतिशत है–जो 11 महीनों के आयात के लिए पर्याप्त है। विकास दर 6 से 8 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से बढ़ रही है।

भारत हमेशा कभी इतना स्थिर नहीं रहा जितना आज है। 1947 में ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से देश को बार-बार भुगतान संतुलन की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के बाद विनाशकारी सूखा पड़ा, जिसके कारण देश को खाद्य सहायता पर निर्भर रहना पड़ा, जिसके बदले में अमेरिका ने उसे रुपये का अवमूल्यन करने पर मजबूर कर दिया था। 1991 में खाड़ी युद्ध के कारण तेल की कीमतों में वृद्धि तथा कुवैत में श्रमिकों द्वारा भेजे जाने वाले धन में कमी के कारण देश को एक और संकट का सामना करना पड़ा। सरकार को ऋण के लिए कोलैटरल के रूप में देश का सोना विमान द्वारा ब्रिटेन भेजने के लिए बाध्य होना पड़ा। हालांकि, भारत के वित्त मंत्री मनमोहन सिंह ने इस संकट का फायदा उठाया और इसे निर्यात नियंत्रण की लाइसेंस राज प्रणाली को खत्म करने और मुद्रा अवमूल्यन के बहाने के रूप में इस्तेमाल किया। इससे अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में मदद मिली। फिर भी, 2013 तक देश अभी भी वैश्विक पूंजी की दया पर निर्भर था। मॉर्गन स्टेनली नामक बैंक ने भारत को ब्राजील, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका और तुर्की के साथ उभरते बाजारों के फ्रेजाइल फाइव समूह में रखा था। ये सभी देश बढ़ती अमेरिकी ब्याज दरों के प्रति संवेदनशील थे। टेपर टैंट्रम के दौरान, जब अमेरिका ने वित्तीय संकट के बाद क्वांटिटेटिव इजिंग प्रोग्राम को कम करना शुरू किया, तो मई से अगस्त तक रुपये में 20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सरकार ने देश की बैंकिंग प्रणाली में सुधार किया, ऋणदाताओं को खराब ऋणों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया और दिवालियापन संहिता में सुधार किया। गैर-निष्पादित ऋण 2018 में 15 प्रतिशत से घटकर इस वर्ष 3 प्रतिशत हो गये हैं।

राजकोषीय अपरिवर्तनवाद ने भी इसमें मदद की है। श्रीलंका का हालिया संकट, अपर्याप्त कर कटौती और मुद्रा मुद्रण द्वारा सक्षम घाटे के खर्च के कारण उत्पन्न हुआ था। भारत में राजकोषीय और चालू खाता दोनों तरह के दोहरे घाटे हैं, लेकिन इसने अपने बजट घाटे को कोविड-19 महामारी की शुरूआत के 9 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत से कम कर दिया है। सरकार की योजना 2031 तक अपने ऋण-से-जीडीपी अनुपात को 57 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत करने की है। हालांकि विनिर्माण निर्यात में गिरावट आई है, लेकिन सेवाओं के निर्यात–ज्यादातर व्यावसायिक प्रक्रिया और आईटी आउटसोर्सिंग–से होने वाला राजस्व अब जीडीपी का 15 प्रतिशत है, जो एक दशक पहले 11 प्रतिशत था, जिससे विदेशी पूंजी प्रवाह पर भारत की निर्भरता कम हुई है। यहां तक कि तेल, जो लंबे समय से भारत की दुखती रग रहा है, भी इन दिनों कोई समस्या नहीं रह गया है। इसका एक कारण यह भी है कि पिछले कुछ वर्षों में तेल की कीमतें अपेक्षाकृत कम रही हैं। लेकिन ऐसा इसलिए भी है क्योंकि सरकार और उद्योग ने अर्थव्यवस्था की इस संवेदनशीलता को कम कर दिया है। रणनीतिक तेल बफर और नई रिफाइनरी क्षमता से भी इसमें अंतर आता है। सस्ते आयातित रूसी कच्चे तेल से भी इसमें फर्क पड़ा है, जिससे पिछले वर्ष लगभग 8 बिलियन डॉलर की विदेशी मुद्रा की बचत हुई, हालांकि इससे अमेरिका के राष्ट्रपति श्री ट्रम्प की नाराजगी को भी भारत को झेलनी पड़ी है। 2021 में पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने के आदेश से उन ड्राइवरों को परेशानी हुई है जो अपने इंजन की सुरक्षा के लिए चिंतित थे, लेकिन इससे गन्ना किसान खुश हुए हैं और जीवाश्म ईंधन के आयात बिल में और कमी आई है।

भुगतान संतुलन संकट का न होना ही युवा भारतीयों के सड़कों पर न उतरने का एकमात्र कारण नहीं है। ठीक वैसे ही जैसे नेपाल में सोशल मीडिया पर काफी असमानता देखी जा सकती है (हालांकि इसका ज्यादातर हिस्सा बॉलीवुड सितारों से आता है, जिन्होंने कम से कम अपनी खुद की दौलत तो कमाई है)। बांग्लादेश की तरह सरकारी नौकरियों तक पहुँच भी शिकायतों का कारण बनती है। आधी से ज्यादा नौकरियां पिछड़ी जातियों या अन्य वंचित समूहों के लिए आरक्षित हैं, जिससे बाकी सभी परेशान हैं। पिछले साल स्नातक बेरोजगारी दर 29 प्रतिशत थी। यह आंशिक रूप से इसलिए क्योंकि कई लोग बार-बार सिविल सेवा प्रवेश परीक्षाओं में बैठते हैं। कुछ लोग या तो कम रोजगार वाले गिग वर्क में लगे हैं या टाइम पास में लगे हैं, जिसका भारतीय-अंग्रेजी शब्द है बेवजह समय काटना है।

शायद भारत में असंतोष जताने के अन्य रास्ते भी हैं जो उसे इस तरह की राजनीति से दूर ले जाते हैं। मार्च में महाराष्ट्र के 35 लाख की आबादी वाले शहर नागपुर में दंगे भड़क उठे। इसका निशाना कोई भी वर्तमान सत्ताधारी नहीं था - बल्कि निशाना था 17वीं सदी के मुस्लिम सम्राट औरंगजेब का मकबरा, जिसने हिंदुओं पर अत्याचार किया था। लेकिन विरोध प्रदर्शनों के न होने के लिए एक अधिक आशावादी व्याख्या भी है की भारत की स्पष्ट रूप से बढ़ती अर्थव्यवस्था देश में यह विश्वास और भावना पैदा करती प्रतीत होती है कि बेहतर चीजें अभी वास्तव में आने वाली हैं। डेटा प्रदाता सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी द्वारा किये गये एक सर्वेक्षण में भारतीयों से एक से दस के पैमाने पर अपने जीवन की संतुष्टि का मूल्यांकन करने के लिए कहा गया। हालांकि इस समय अधिकांश लोग इस सर्वेक्षण में चार या पांच अंक दे रहे हैं, लेकिन वे अपने भविष्य को लेकर अधिक आशान्वित हैं।

पांच साल में उन्हें इसके बढ़ कर छह या सात अंक तक पहुंचने की उम्मीद है। अंत में यह कहना भी आवश्यक है कि, किसी भी चीज को सहना आसान है, यहां तक कि अशांत दक्षिण एशियाई अर्थव्यवस्था में जीवन के तनाव और दबाव को भी, अगर आप यह उम्मीद नहीं करते कि यह हमेशा के लिए बना रहेगा।

## कोल्हान की खबरें

# सारंडा जंगल में आइइडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ का श्वान शहीद, जवान घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मनोहरपुर।** सारंडा जंगल में चल रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान शनिवार को आईईडी विस्फोट का एक मामला प्रकास में आया है।घटना में सीआरपीएफ का स्वान शहीद हो गया और उसका हैंडलर जवान सुमित कुमार घायल हो गया। घटना छोटानागरा थाना क्षेत्र के बालिबा जंगल इलाके की है।

पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने पुष्टि की ब्लास्ट के दौरान सभी जवान सुरक्षित हैं, जबकि घायल को प्राथमिक उपचार के लिए कैंप में भर्ती कराया गया।

सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके में कंबिंग ऑपरेशन तेज कर दी। बम निरोधक व फॉरेंसिक टीम को भेजकर विस्फोटक की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में संकेत हैं विस्फोट नक्सलियों द्वारा लगाये गए प्रेशर बम के कारण हुआ।



**चाईबासा : सीआरपीएफ कैंप में जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के छोटानागरा स्थित सीआरपीएफ 193 (एफ) कैंप में शनिवार सुबह एक जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान 52 वर्षीय राजेश कुमार के रूप में की गई है।मिली जानकारी के अनुसार राजेश कुमार सुबह ड्यूटी पर तैनात थे। तभी अचानक उन्हें चक्कर आया और वे गिर पड़े। साथी जवानों ने तुरंत उन्हें मनोहरपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मौत के कारणों का आधिकारिक खुलासा नहीं हुआ है। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक जवान की मृत्यु हार्ट अटैक से होने की संभावना जताई जा रही है।फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सरायकेला में अवैध क्लिनिक सील, 20 वर्षों से बिना पंजीकरण हो रही थी संचालित

सरायकेला (आजाद सिपाही)। जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने पक्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत दलभंगा स्थित पूनम क्लिनिक पर छापेमारी कर उसे अवैध संचालन के आरोप में सील कर दिया।शनिवार को जांच में पता चला परमानंद महतो बीते 20 वर्षों से बिना वैध पंजीयन या अनुमति के क्लिनिक चला रहे थे। निरीक्षण के दौरान चिकित्सकीय योग्यता प्रमाणपत्र या अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। साथ ही क्लिनिक में अवैध दवाइयाँ और जला हुआ जैव अपशिष्ट पाया गया।जिला नोडल पदाधिकारी अनिर्बन महतो और सहायक घनपत महतो ने चेतावनी दी बिना पंजीयन चिकित्सकीय सेवा देना कानूनन अपराध है और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# विधायक संजीव सरदार के जन्मदिन पर 305 यूनिट रक्त संग्रह



पोटका (आजाद सिपाही)। संजीव सेना की ओर से करनडीह दिशोम जाहेर परिसर में पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शनिवार को शिविर में 305 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मौके पर विधायक ने स्वयं उपस्थित होकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और उन्हें हेलमेट, सर्टिफिकेट व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। विधायक श्री सरदार ने कहा रक्तदान महा दान है। उन्होंने कहा रक्तदान केवल जीवन बचाने तक सीमित नहीं, बल्कि मानवता की सेवा भी है। जमशेदपुर ब्लड बैंक और प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन से सहयोग आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# आशुतोष राय ने बोधि मैदान का मुआयना कर चतुर्थ बाल मेला की तैयारियों के लिए की समीक्षा

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी आशुतोष राय ने शनिवार को बोधि मैदान का मुआयना किया और 14 से 20 नवंबर तक होने वाले चतुर्थ बाल मेला की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने स्टेज, स्टॉल, प्याऊ और पंडाल निर्माण से जुड़े दिशा-निर्देश दिए और बच्चों की प्रतियोगिताओं व आगंतुक बैठने के स्थानों का अंतिम निर्णय लिया। इसके पूर्व श्री राय ने सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स के साथ बैठक कर मेले का प्रचार-प्रसार बेहतर तरीके से करने पर चर्चा की।मौके पर नीरज सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, सुनील सिंह और रंजीत प्रसाद भी मौजूद रहे।

# विधायक ने मुख्यमंत्री से तांती समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने का मांग की



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर तांती समुदाय को अत्यंत पिछड़ा वर्ग से हटाकर अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग की।विधायक ने पत्र में तांती समुदाय को पान/स्वांसी जाति का पर्यायवाची बताते हुए आयोगीय और शासकीय रिपोर्टों का हवाला दिया। उन्होंने 2004 में राज्य मंत्रिमंडल द्वारा तांती नाम जोड़ने के निर्णय का भी जिक्र किया।पूर्णिमा साहू ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया तांती समाज को अनुसूचित जाति में शामिल कर संविधान प्रदत्त सामाजिक समानता और अधिकार दिलाने का निर्णय शीघ्र लेने के लिए आग्रह किया।

# मनोहरपुर में बैंकिंग रेल इंजन की चपेट में आने से महिला गंभीर



**मनोहरपुर (आजाद सिपाही)।** मनोहरपुर रेलवे स्टेशन के निकट एक दर्दनाक हादसे में एक महिला बैंकिंग रेल इंजन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। शनिवार को दुर्घटना में घायल महिला की पहचान सिमिरता गांव निवासी 45 वर्षीय जयमनी महतो के रूप हुई।जानकारी के अनुसार जयमनी महतो रोजाना की तरह सब्जी बेचने के लिए मनोहरपुर बाजार गई थीं। सब्जी खरीदने के बाद जब वह सिर पर टोकरी लेकर रेलवे ट्रैक पार कर रही थीं अचानक अप लाइन से आ रहे बैंकिंग रेल इंजन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में महिला का बायां पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया।हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।सूचना मिलते ही रेल सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उच्च केंद्र रेफर कर दिया। रेलवे प्रशासन ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए लोगों से रेल लाइन पार करते समय सावधानी बरतने की अपील की।

# नीमडीह में एसएम स्टील एंड पावर कंपनी की स्थापना के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध तेज



**नीमडीह (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह प्रखंड स्थित आदरडीह समेत पांच मौजा में प्रस्तावित एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड की स्थापना को लेकर ग्रामीणों का विरोध तेज हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कंपनी प्रबंधन लालच और झूठे वादों के जरिए उनकी जमीन अधिग्रहीत कर ली है। ग्रामीणों का कहना है अधिकांश लोग शुरूआत से ही कंपनी के विरोध में रहे और लगभग 95 प्रतिशत ग्रामीण जमीन देने के खिलाफ हैं। उन्होंने पूर्व उपमुखिया के बयानों को खारिज करते हुए कहा कंपनी ने कई लोगों को भ्रमित कर जमीन की रजिस्ट्री कराई है। आदरडीह पंचायत के मुखिया सुभाष सिंह के भाई युधिष्ठिर सिंह ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा उन्हें झूठे आश्वासनों के तहत जमीन बेचने के लिए मजबूर किया गया। ग्रामीणों ने सरायकेला-खरसावां जिले के डीसी को ज्ञापन सौंपकर कंपनी की स्थापना पर रोक लगाने की मांग की। मौके पर रूपसिंह सरदार, राज कुमार, शरत कुमार, अर्जुन सिंह, बिजय कुमार, शक्तिपद मंडल, हरिश्चंद्र सिंह, श्रीपति सिंह, युधिष्ठिर सिंह मौजूद रहे।

# तेजश्विनी महिला संगठन ने महिला पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा को दी बधाई

आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। तेजश्विनी महिला संगठन ने झारखण्ड की पहली महिला पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा को हार्दिक बधाई दी।शनिवार को संगठन की अध्यक्ष नीतू शर्मा ने कहा तदाशा मिश्रा की नियुक्ति से दबे-कुचले समाज की महिलाओं को जल्द ही न्याय मिलने की संभावना है।नीतू शर्मा ने कहा तदाशा मिश्रा के नेतृत्व में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों की रोकथाम के लिए आम से लेकर खास तक पूरे झारखण्ड की जनता उनके साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा तदाशा मिश्रा जैसी पुलिस महानिदेशक के नेतृत्व में झारखण्ड की महिलाएं सुरक्षित महसूस करेंगी और झारखंड की महिलाओं को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा तदाशा मिश्रा की कहानी उन सभी महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है जो अपने सपनों को पूरा करना चाहती हैं।तेजश्विनी महिला संगठन की ओर से तदाशा मिश्रा को हार्दिक बधाई देते हुए नीतू शर्मा ने कहा हम गौरवान्वित हैं हमारे राज्य में तदाशा मिश्रा जैसी पुलिस महानिदेशक हैं।

# सरायकेला-खरसावां में अवैध शराब अड्डों पर छापेमारी, 50 लीटर शराब बरामद

सरायकेला (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिले के डीसी नीतीश कुमार सिंह के निर्देश पर उत्पाद अधीक्षक सौरभ तिवारी के नेतृत्व में सरायकेला थाना क्षेत्र के पदमपुर और धनोबांध महादेवीपुर में अवैध शराब अड्डों पर छापेमारी की गई।छापेमारी में 50 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद कर जब्त की गई और 350 किलोग्राम जावा महुआ मौके पर नष्ट किया गया। अवैध शराब निर्माण और बिक्री में संलिप्त गोपी उराँव और बाबू लाल मंडल के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।उत्पाद अधीक्षक सौरभ तिवारी ने कहा अवैध शराब कारोबार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जिला प्रशासन का दोषियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगा।

# घाटशिला में झामुमो के पक्ष में रुझान : सुधीर पप्पू



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सामाजिक चिंतक सह अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने कहा घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में मतदाताओं का रुझान झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर है। उन्होंने दावा किया भाजपा का प्रचार अभियान फीका पड़ गया है और उनके जनसभाओं में भीड़ नदारद है। जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन की सभाओं में भारी जनसमर्थन देखने को मिल रहा है। पप्पू ने कहा झामुमो उम्मीदवार सोमेश सोरेन की शानदार जीत तय है। मतदाता मुख्यमंत्री को झारखंड रजत जयंती वर्ष का उपहार देंगे।

# टाटा स्टील फाउंडेशन ने गम्हरिया में लगाया नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर




जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। टाटा स्टील फाउंडेशन ने अपने सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल के तहत गम्हरिया में 27 अक्टूबर से 8 नवंबर तक दस दिवसीय मोतियाबिंद जांच एवं सर्जरी शिविर का आयोजन किया। शंकर नेत्रालय के तकनीकी सहयोग से आयोजित इस शिविर में 558 लोगों की जांच की गई और 128 मरीजों की नि:शुल्क सर्जरी की गई। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को आंखों की देखभाल और नियमित जांच के महत्व पर भी जागरूक किया गया।

# चोरों का तांडव, एक रात में ही आधा दर्जन दुकानों को बनाया निशाना

**बंशीधर नगर/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र में चोरों ने शुक्रवार की रात जमकर तांडव मचाया। चोरों ने शहर के अलग-अलग हिस्सों में पांच दुकानों को निशाना बनाते हुए नगद सहित सामान की चोरी कर ली। इससे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार, चोरों ने सबसे पहले हेन्हो मोड़ स्थित फिरोज अंसारी के मीट की दुकान को निशाना बनाया। चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर बटखारा और कटार सहित कई सामान चोरी कर ली। इसके बाद उन्होंने बगल में स्थित डॉ धीरेंद्र कुमार के आरोग्य मेडिकल हॉल में छत का सिटा तोड़कर प्रवेश किया और दराज में रखे 50 हजार रुपये नगद सहित दवा और अन्य सामान की चोरी कर ली। इतना ही नहीं, चोरों ने दुकान के अंदर रखी दवाओं और सामग्री भी तोड़ दी। इसके बाद चोरों ने मेडिकल हॉल के ठीक सामने स्थित मंटू कुमार के ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) में भी घुसकर नगद राशि और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की चोरी की। वहीं, ग्राहक सेवा केंद्र के बगल में स्थित सुनील जायसवाल की मिल दुकान को भी चोरों ने निशाना बनाया और वहां से भी नगद और सामान लेकर फरार हो गए। चोरों का तांडव यहीं नहीं रुका। उन्होंने भवनाथपुर मोड़ स्थित एचपी पेट्रोल पंप के बगल में संजीव कुमार के आकांक्षा स्पेयर पार्ट्स दुकान में छत का रोशनदान तोड़कर प्रवेश किया और वहां से काउंटर में रखा लैपटॉप, 50 हजार रुपये नगद, बाइक की तीन बैटरियां और कई अन्य सामान की चोरी कर ली। उधर, घटना की सूचना मिलने पर श्री बंशीधर नगर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने दुकानों के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उधर, स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन से रात में गश्त बढ़ाने और व्यापारिक क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई कि मांग की है।

# आरपी नर्सिंग कॉलेज में 'वंदे मातरम' गायन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के 150 वर्ष पूरा होने पर गढ़वा में कल्याणपुर स्थित आरपी नर्सिंग कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें वंदे मातरम का सामूहिक गायन कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि वंदे मातरम गीत भारतीय स्वतंत्रता का अमर मंत्र है, जो हिंदुस्तान के प्रति समर्पण और त्याग की भावना को व्यक्त करता है। राष्ट्रीय गीत कर्तव्यनिष्ठा और सामूहिक भावना की अभिव्यक्ति है। वहीं, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय ने कहा कि वंदे मातरम भक्ति और शक्ति का सामूहिक स्वरूप है। कोई भी अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन करें तो वही राष्ट्रभक्ति है। भाजपा नेता डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि वंदे मातरम भारतीय स्वाधीनता संग्राम का प्रेरणा स्त्रोत रहा है। यह देश की राष्ट्रीय गीत भी है। अंग्रेजी हुकूमत के पैरों तले जमीन खिसकाने के साथ देशभक्ति का प्रतीक है। कहा कि वंदे मातरम के गायन से मन आत्मविश्वास से भर जाता है। हिंदुस्तान की समृद्धि और एकता के लिए वंदे मातरम का गायन आवश्यक है। इस मौके पर भाजपा नेता ओंकार तिवारी, मुकेश निरंजन सिन्हा, विनय चौबे, मीना गुप्ता, विनोद चंद्रवंशी, ओमप्रकाश तिवारी, राजीव रंजन तिवारी, मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, धनंजय गौड़, विनय चंद्रवंशी, विश्वनाथ ठाकुर, शुभम गुप्ता, अभिषेक कश्यप, प्रिंसिपल मनू जेम्स, विकास केशरी, प्रद्युम्न कुमार गुप्ता, शशि शेखर विश्वकर्मा, शिवम कुमार चौधरी, ओम प्रकाश यादव, संतोष कुमार, राहुल प्रकाश, सचिन कुमार, दीपक कुमार, प्रीति कुमारी और सुप्रिया कुमारी आदि उपस्थित थे।

# जंगल में चरने गयी 12 बकरियों की मौत से हड़कंप

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सिकरिया जंगल में शुक्रवार को चराई के दौरान अचानक देखते ही देखते 12 बकरियों की मौत हो गई। इस घटना से पशुपालकों में मातम फैल गया। मृत बकरियां जंगल में ही पड़ी मिलीं, जिन्हें बाद में ग्रामीण अपने घर ले आए। जानकारी के अनुसार, जिन पशुपालकों की बकरियां मरी हैं, उनमें धनंजय सिंह की दो, रतनी देवी की तीन, ज्योति मिंज की एक, संजय राम की दो, विफन मांझी की दो और समीर मिंज की दो बकरियां शामिल हैं। सभी बकरियां शुक्रवार की सुबह प्रतिदिन की तरह चरवाहे के साथ जंगल चरने गई थीं। शाम के वक्त अचानक सूचना मिली कि कई बकरियां बेहोश होकर मरने लगी हैं। सूचना मिलते ही पशुपालक जंगल पहुंचे और मृत बकरियों को घर लाकर दफनाया। पशुपालकों ने आशंका जताई है कि जंगल में किसी ने बोरे में भरकर एक्सपायरी दवाएं, इंजेक्शन, सिरिंज, पानी की बोतल और अन्य मेडिकेटेड सामग्री फेंकी हैं। संभव बकरियों ने इन्हें खा लिया होगा, जिससे उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब जंगल में इस तरह का मेडिकल कचरा फेंका गया हो। उन लोगों ने मांग की कि तुरंत जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उधर, इस संबंध में पशु चिकित्सक पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार डे ने बताया कि यह मामला जांच का विषय है। इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पशुपालक इस संबंध में थाने में सन्हा दर्ज कराएं और मेरे नाम से भी एक आवेदन दें, ताकि चिकित्सीय जांच की जा सके। उन्होंने यह भी संभावना जताई कि जंगल में कई बार जहरीले पौधे और पत्ते होते हैं, जिन्हें खाने से भी पशुओं की मौत हो सकती है।

# श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी के 138वें जन्म महोत्सव की तैयारी पूरी, शोभायात्रा आज

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** जंगीपुर ग्राम स्थित लघु सिंचाई विभाग के मैदान में रविवार को आयोजित होने वाले श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी के 138वां जन्म महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में है। इसकी जानकारी देते हुए ऋत्विक धृति सुंदर ने बताया कि कार्यक्रम में सत्संग आश्रम देवघर के ठाकुर परिवार के पूज्यनिया अर्चिता चक्रवर्ती, अग्निमान चक्रवर्ती, आईआईटी धनबाद के फिजिक्स प्रोफेसर राम विलास चौधरी, एल एंड टी के सेवानिवृत डायरेक्टर केके सिंह, वोकल सिंगर सूरज कुमार सिंह, थियेटर आर्टिस्ट चंदन कुमार के अलावा देश के विभिन्न राज्यों के ऋत्विक गण शामिल होंगे। साथ ही चिकित्सा टीम जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, जेनरल फिजिशियन आदि भी मौजूद रहेंगें। इस दौरानु निःशुल्क ईलाज की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि बंशीधर मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा निकलेगी जिसमें पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिला के शक्ति बैंड पार्टी सहित कई भजन गायक के साथ सत्संगी बृंद रहेगें। कहा कि इस कार्यक्रम में सभी धर्म प्रेमी सज्जनों को आमंत्रित किया गया है। मौके पर राजकुमार दा, अखिलेश प्रसाद, शक्ति दास सिन्हा और पप्पू जयसवाल उपस्थित थे।

# पढ़ाई की उम्र में जिम्मेदारियों का बोझ, जंगलों से लकड़ी ला कर बेचने को मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** गरीब तबके के लोगों के बीच प्रखंड स्तर पर राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग बेहतर शैक्षणिक माहौल मुहैया कराने के बड़े-बड़े दावे करती और दंभ भरती है। लेकिन भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा विभाग का इसका विपरीत असर दिख रहा है। जिस हाथों में कलम और कॉपी होनी चाहिए वह जंगलों से दतवन और लकड़ी ला कर बाजार में बेचने को मजबूर है। मामला अरसली उत्तरी पंचायत के आदिम जनजाति के लरहरा टोला का है। जहां के रहने वाला पिंटू कोरवा अजीत कोरवा, संतोष कोरवा, पंचाल कोरवा और सोनू कुमार ने बताया कि घर में दो वक्त की रोटी के लिए मां ने दातुन और लकड़ी बेचने के लिए भेज दिया है। परिवार के भरण पोषण के लिए आये दिन पास के जंगलों से दातुन और लकड़ी काट कर माथे पर ढोकर बाजार में बेचकर घर का खर्च निकालने पर मजबूर है। दातुन और लकड़ी नहीं बेचेंगें तो घर का खर्चा कैसे चलेगा। बच्चों ने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में घर का खर्च जंगलों से लकड़ी काट कर उसे बाजार में बेचकर किसी प्रकार खर्च चल रहा है। बच्चों ने बताया कि सुबह इसलिए आए हैं कि जल्दी से दातुन और लकड़ी बेचने के बाद विद्यालय में मध्याह्न भोजन के लिए जा सकें। सभी बच्चे नवप्राथमिक विद्यालय लरहरा में कक्षा तीन और चार में पढ़ते है। इस संबंध में बीईईओ विजय पांडे से पूछे जाने पर कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है। जांच करवाते है।

**बड़ी कार्रवाई :** दानरो नदी किनारे टंडवा में चल रही थी अवैध डंप साइट

# एसडीएम ने पकड़ा अवैध बालू का विशाल भंडारण

**भंडार को किया गया जब्त, प्राथमिकी दर्ज करने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



बालू के अवैध विशाल भंडारण को जब्त करती पुलिस।

**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) संजय कुमार ने शनिवार को सीओ सफी आलम एवं खनन निरीक्षक चंदन रविदास को साथ लेकर टंडवा दानरो नदी किनारे औचक छापामारी की। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध डंप बालू का भंडार पाया गया। जो देखने से प्रमाणित हो रहा था कि वहां से लगातार बालू बेची जा रही है। एसडीएम की उपस्थिति में सीओ एवं खनन निरीक्षक ने आंकलन किया तो बालू की मात्रा लगभग 220 ट्रैक्टर से अधिक आंकी गई। बालू का उक्त विशाल भंडार किसी डंप यार्ड की शक्ल में दिख रहा था जो लगभग 200 से 300 मीटर की दूरी में फैला था। एसडीएम ने मौके पर ही सीओ, खनन पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं खनन निरीक्षक को बालू को जब्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। साथ ही गढ़वा थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि वे इस जब्त बालू भंडार की निगरानी अपने स्तर से करवाएंगे। उन्होंने कहा कि संभवतः यह कार्य किसी एक आदमी का न होकर संगठित बालू माफिया का लग रहा है। कहा कि यह सच है कि वर्तमान में बालू की किल्लत है जिससे विकास कार्य भी बाधित होने का तर्क दिया जा सकता है। लेकिन बालू संकट का हवाला देकर ऐसे संगठित अपराध को फलने- फूलने नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बालू घाटों की नीलामी प्रक्रियाधीन है। जिससे शीघ्र ही बालू संकट दूर होने की उम्मीद है, इसलिए शहर के जिम्मेदार लोग हड़बड़ी में चोरी का बालू खरीदने से बचे। इससे बालू के अवैध कारोबारी हतोत्साहित होंगे। उन्होंने शहर के आम लोगों से भी अनुरोध किया कि यदि उनके इर्द-गिर्द इस प्रकार से अवैध खनन के मामले हो तो वे जरूर सूचित करें, उनका नाम पता गोपनीय रखा जाएगा। जहां-तहां से बालू उठाकर बेच देना न केवल आर्थिक अपराध है, बल्कि पर्यावरणीय अपराध भी है जिसे रोकने में आमजन की भी सहभागिता अपेक्षित है।

# गरीबी के रंगों में उम्मीद की कूची

अरुण कुमार चौबे



**गढ़वा/कांडी (आजाद सिपाही)।** कहते हैं 'हुनर को पहचान की जरूरत नहीं होती, बस एक मौका चाहिए चमकने का'। गढ़वा जिला के कांडी प्रखंड के पतहरिया गांव की रहने वाली अंजलि कुमारी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा है। जो आज इसी कहावत को चरितार्थ कर रही हैं। आर्थिक तंगी के बावजूद अंजलि ने अपनी कला से सबका दिल जीत लिया है। अंजलि बचपन से ही चित्रकला में गहरी रुचि रखती हैं। उनकी पेंटिंग्स में जीवन की सरलता, भावनाओं की गहराई और रंगों की कहानी झलकती है। उंगलियों और ब्रश की मदद से कागज पर जब वह रंग बिखेरती हैं, तो साधारण चित्र नहीं, बल्कि भावनाओं से भरे जीवंत दृश्य सामने आ जाते हैं। सिर्फ पेंटिंग ही नहीं, अंजलि मूर्तिकला और सिलाई-कढ़ाई में भी माहिर हैं। उसकी प्रतिभा को विद्यालय स्तर पर कई बार सम्मानित भी किया जा चुका है। उसने कई पेंटिंग प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। लेकिन इस होनहार बेटी की राहें आसान नहीं हैं। पिता सुनील राम की आर्थिक स्थिति कमजोर है और माता रीता देवी का स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता। इन परिस्थितियों के बावजूद अंजलि हार नहीं मानतीं। उसका सपना प्रोफेशनल पेंटर बनकर अपने गांव, विद्यालय और जिले का नाम देशभर में रोशन करना है। विद्यालय की वार्डन आर उषा कुमारी बताती हैं कि अंजलि बहुत ही मेहनती और प्रतिभाशाली छात्रा है। यदि उसे उचित सहयोग और मार्गदर्शन मिले, तो वह निश्चित रूप से बहुत आगे जा सकती है। अंजलि की कला को पहचान और सहारा देने की जरूरत है। समाज के यदि कुछ लोग या संस्थान उसकी मदद के लिए आगे आएं, तो यह न केवल अंजलि का सपना पूरा करेगा, बल्कि हमारे समाज में अनेक अंजलियों को प्रेरणा देगा। यदि कोई संस्था, कला संगठन या समाजसेवी अंजलि कुमारी की सहायता करना चाहता है, तो वह कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से संपर्क कर इस होनहार बेटी के सपनों को उड़ान देने में सहभागी बन सकता है।

**रंका आरके प्लस टू उच्च विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन**

# साइंस और टेक्नोलॉजी से ही विकास संभव : डीएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित राजकीय कृत ओरप्लस टू उच्च विद्यालय में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने कहा कि आज के युग साइंस और टेक्नोलॉजी से ही सभी प्रकार के विकास संभव है। कहा कि विज्ञान ने ही मानव जगत को आदि युग से आधुनिक युग में लाकर खड़ा कर दिया है। आज जो भी हो रहा है वह विज्ञान की देन है। वहीं, प्रधानाध्यापक इंद्र नारायण झा ने कहा कि उक्त विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य और आयोजन बच्चों में विज्ञान के प्रति जानकारी और रूचि को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया है। इस मौके पर रंका थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी, पुलिस निरीक्षक अभिजीत गौतम मिश्रा, प्रधानाध्यापक इन्द्र नारायण झा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद चंद्रवंशी एवं ओमप्रकाश दास आदि उपस्थित थे।


SARASWATI SHISHU VIDYA MANDIR

DHURWA, RANCHI-4, Mob.: 9123187487, 9934170460

(CBSE Affiliated, Sr. Secondary Co-Ed. School)

E-mail : ssvmdhurwa14@gmail.com, Website : ssvmdhurwaranchi.in

ADMISSION NOTICE FOR CLASSES PRE-NURSERY TO VIII

Admission form for the Session 2026-27 is available at School Office from 10.11.25 (9:00am to 1:00pm)

Hostel Facility Available for Boys VI to X

Principal


# विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** हूर स्थित आरके पब्लिक स्कूल में शनिवार को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा एक से सात तक के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान, विज्ञान, खेल एवं वर्तमान घटनाओं से संबंधित रोचक प्रश्न पूछे गये। सभी प्रतिभागियों ने अपने ज्ञान, आत्मविश्वास और त्वरित उत्तर देने की क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका छाया चौबे, सोनाली महतो और अंकिता चौबे ने किया। अंत में प्रधानाचार्या नसरीन हक ने विजेता टीम को पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर उनका मनोबल बढ़ाया। कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक और शिक्षाप्रद अनुभव सिद्ध हुई, जिसने उनमें सीखने की रुचि और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को और मजबूत किया।

# राशि के अभाव में अधर में 25 गांवों की जलापूर्ति योजना

कृष्णा यादव

**धुरकी/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** राशि के अभाव में धुरकी और सगमा प्रखंड के 25 गांव के लोगों की प्यास बुझाने की जलापूर्ति योजना अधर में लटक गई। विदित हो कि धुरकी प्रखंड के मांझ पानी गांव स्थित कनहर नदी में इंटेक वेल का निर्माण कर धुरकी एवं सगमा प्रखंड में 68 करोड रुपए की लागत से निर्माणाधीन पेयजलापूर्ति की योजना का कार्य रुका हुआ है। गौरतलब हो कि पीएचडी विभाग की ओर से धुरकी एवं सगमा के 25 गांव के लोगों की प्यास बुझाने के उद्देश्य और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कनहर नदी से पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन की मदद से धुरकी एवं खाला में एक दशक पूर्व बने पानी टंकी के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए योजना पारित कर बोकारो के प्रीति इंटरप्राइजेज को वित्तीय वर्ष 2020-21 में 68 करोड़ रुपये की योजना के लिए एकरारनामा किया गया था। योजना के पूरा होने का समय 2025 निर्धारित है। उक्त योजना का निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2022-23 में शुरू किया गया पर राशि के अभाव में कार्य रुका हुआ है। कनहर नदी स्थित इंटेक्स वेल का निर्माण तो हो चुका है और एक-दो स्थानों पर टंकी का निर्माण भी हो गया है। पर धनराशि के अभाव में पाइपलाइन सहित अन्य कार्य बाधित है। धुरकी प्रखंड के धुरकी शक्ति, शिवरी, खाला, खुटिया, रक्सी, अंबाखोरिया, परासपानी, बरहसोती, माझपानी, पचपेड़ी, केतमा एवं सगमा प्रखंड के सभी गांव शामिल है। जबकि कार्य पूर्ण होने का समय अवधि समाप्ति की ओर है। पर कार्य पूरा नहीं होने से स्थानीय ग्रामीणों में सरकार एवं प्रशासन के प्रति नाराजगी है। पीएचडी विभाग के कनीय अभियंता अजीत रंजन का कहना है कि विभाग में फंड का अभाव ह। जिस कारण कार्य रुका हुआ है। सरकार से फंड मिलते ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। बताया कि काम शुरू करने के लिए जिला स्तर पर बैठक भी हुई थी, लेकिन अभी तक कोई निर्देश नहीं मिला है। फंड और निर्देश मिलते ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

# गुमला में निकाय चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस, नगर-वार्ड अध्यक्षों की हुई घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोई गठबंधन नहीं, अपने दम पर कांग्रेस लड़ेगी नगर निकाय चुनाव**

**कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने बताया कि कांग्रेस अब पूरे दमखम से मैदान में उतरेगी। कहा कि कांग्रेस किसी गठबंधन पर नहीं, बल्कि अपने बलबूते चुनाव लड़ेगी। सभी वार्ड अध्यक्ष 12 नवंबर तक जनता से संवाद स्थापित कर पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों का चयन पारदर्शिता से होगा और कांग्रेस पार्टी नगर परिषद चुनाव में अपना विजय पताका फहराएगी।**

**गुमला।** निकाय चुनाव को लेकर गुमला जिला कांग्रेस ने तैयारी तेज कर दी है। शनिवार को सांसद प्रतिनिधि के आवासीय कार्यालय में जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें संगठन को मजबूती प्रदान करने और नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को विजयी बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई।

## जय कुमार बने कांग्रेस के नये नगर अध्यक्ष

जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने बैठक में गुमला नगर कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए जय कुमार सिंह की नियुक्ति की। साथ ही गुमला नगरीय क्षेत्र के 22 वार्डों के लिए 22 वार्ड अध्यक्षों के नाम की भी घोषणा की।

## ये हैं कांग्रेस के नगरीय वार्ड अध्यक्ष

कांग्रेस ने नगर निकाय चुनाव के लिए प्रत्येक वार्ड में एक-एक अध्यक्ष नियुक्त किया है, जो नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस के प्रति अपने दायित्व का निर्वाहन करेंगे। उनमें से वार्ड एक से तुरतन टोपनो, वार्ड दो से सुरेंद्र तिग्गा, वार्ड तीन से प्रवीण टोप्पो, वार्ड चार से गणेश राम, वार्ड पांच से मो शदाब अंसारी, वार्ड छह से सुषमा कुजूर, वार्ड सात से डेविड केरकेट्टा, वार्ड आठ से चांद मंजर, वार्ड नौ से शमशाद अंसारी, वार्ड 10 से मो पप्पू, वार्ड 11 से तरनिका कच्छप, वार्ड 12 से सुनील उरांव, वार्ड 13 से संगियस तिर्की, वार्ड 14 से मो अख्तर बबलू, वार्ड 15 से अभिषेक कुमार, वार्ड 16 से आशीष गोप, वार्ड 17 से विमल टोप्पो, वार्ड 18 से सुनील महतो, वार्ड 19 से प्रकाश सिंह, वार्ड 20 से सूर्या सिंह, वार्ड 21 से पंचम विलूंग और वार्ड 22 से अभिषेक सोरेंग को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मौके पर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, वरिष्ठ कांग्रेसी आशिक अंसारी, प्रदेश सचिव अकील रहमान, पूर्व युवा अध्यक्ष रोहित उरांव, मिडिया चेयरमैन मो आरिफ मौजूद थे।

# धुरकी पुलिस ने पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार




**सगमा/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के एसपी अमन कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष छापामारी अभियान के तहत धुरकी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। धुरकी पुलिस ने पांच फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें उचित मार्ग रक्षण में भेजा गया। इस बाबत धुरकी थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि एसपी के दिशा-निर्देशन में जिलेभर में फरार चल रहे अभियुक्तों के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में धुरकी थाना कांड संख्या 104/23 के अभियुक्त भागीरथी सिंह, हरिबंश सिंह, महेंद्र पासवान, सीएफ संख्या 139/12 के वारंटी सुकन परहिया और सी संख्या 1880/16 के वारंटी दिनेश बैठा को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि एसपी के कुशल नेतृत्व में पुलिस अपराधियों पर लगातार शिकंजा कस रही है। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी से क्षेत्र के अपराधियों में भारी खौफ है। कहा कि ऐसे अभियानों से कानून व्यवस्था और मजबूत होगी और आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और बढ़ेगा।


AFFIDAVIT

I, SHANICHARWA ORAON, S/o Late Godhva Oraon, R/o Bhuwal Toli, Silwai, P.O. - Tati Silwai, P.S. - Tati Silwai, Dist.- Ranchi - 835103, (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows :-

1. That I am Indian National by birth.
2. That I am residing at mentioned above address.
3. That my name is SHANICHARWA ORAON which is mentioned in my Indian Bank Pass Book A/c No. - 50015007032 and Voter Id Card No. BBD4257606.
4. That in my Aadhaar Card, being No. 9265 2196 6227 my name is written as SHANICHARAN ORAON.
5. That SHANICHARWA ORAON and SHANICHARAN ORAON is same and one person i.e. my name.
6. That I swear this Affidavit to correction my name as SHANICHARWA ORAON in place of SHANICHARAN ORAON, in my Aadhaar Card hence this Affidavit.
7. That above mentioned all the statements are true and correct to the best of my knowledge and belief.
8. That I shall solely responsible for the statements mentioned in this affidavit.

Sl. No-4863, Date- 07.11.2025

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 09 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## राहे के खिलाड़ी ने मलेशिया में जीता सिल्वर मेडल



राहे (आजाद सिपाही)। मलेशिया के क्वालालंपुर में आयोजित प्रथम लॉन बॉल वर्ल्ड कप मुकाबला में शनिवार को सिल्ली विधानसभा के राहे प्रखंड का खिलाड़ी दिनेश कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस वर्ल्ड कप में सिल्वर मेडल देकर इन्हें पुरस्कृत किया है। इनका मुकाबला इंग्लैंड के टीम के साथ था। दिनेश कुमार भारत का नेतृत्व करते हुए सिल्वर मेडल जीता है। इनके सफलता पर पूर्व विधायक सुदेश महतो, पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा, सुनील सिंह, जयपाल सिंह, श्याम महतो, रंग बहादुर महतो, मायूकभूषण महतो, सुनील महली आदि ने बधाई दिया है।

## विद्यार्थी परिषद और हिंदी विभाग ने बिरसा कॉलेज में चलाया स्वच्छता अभियान



खूंटी (आजाद सिपाही)। बिरसा कॉलेज खूंटी में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान की शुरूआत कॉलेज के मुख्य द्वार से हुई, जहां से छात्रों ने विभिन्न विभागों, उद्यान क्षेत्र, लाइब्रेरी मार्ग और छात्र इकाई भवन परिसर की सफाई की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ चंद्र किशोर भगत ने कहा कि कॉलेज केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व निभाने का भी स्थान है। हिन्दी विभाग की अध्यक्ष संगीता कुमारी ने कहा कि विभाग हर वर्ष सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों में अग्रणी रहा है। एबीवीपी रांची विभाग संयोजक, प्रकाश टूटी ने कहा कि एबीवीपी समाज और कैंपस से जुड़े मुद्दों पर सदैव सक्रिय रहती है। कार्यक्रम में बर्सर डॉ पूनम मैथ्यू सहित कई शिक्षक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चार दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ

अड़की (आजाद सिपाही)। शहीद रमेश सिंह मुंडा के जन्मदिन के अवसर पर अड़की प्रखंड के मदहातू पंचायत स्थित चलकद मैदान में चार दिवसीय हॉकी टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट का शुभारंभ 08 नवंबर 2025 को विधायक प्रतिनिधि अड़की मनोज मंडल ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अब्राहम सोय, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मागो बोदरा, संतोष बंडिग, प्रेम मुंडा, संतोष कुमार, रतन मुंडा, नीयरन बंडिग, सिंगा मुंडा, मार्शल मुंडू, मसीह सोय सहित कई स्थानीय ग्रामीण व खेलप्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन 11 नवंबर 2025 को किया जायेगा।

## सरना एकेडमी कुसुमटोला में विज्ञान प्रदर्शनी और बाल मेला का आयोजन



खलारी (आजाद सिपाही)। सरना एकेडमी कुसुमटोला में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी, विद्यालय के निदेशक महेंद्र उरांव, प्रधानाचार्य गोपाल सिंह तथा उप प्रधानाचार्य ओम प्रकाश गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों के माध्यम से विज्ञान के सिद्धांतों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा की भरपूर सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र-छात्रायें और अभिभावक उपस्थित थे।

## सीसीएल अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में पिपरवार की टीम का रहा शानदार प्रदर्शन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल के ढोरी एरिया मे संपन्न हुए सीसीएल अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में पिपरवार एरिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रतियोगिता में पिपरवार एरिया की टीम ने कुल 12 पुरस्कार प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। जानकारी ने अनुसार ख्याल इवेंट मे बिजय शर्मा तीसरा पुरुस्कार, ठुमरी में गोपाल शर्मा द्वितीय, तबला में संतोष कुमार दास तीसरा, भजन में संजय चटर्जी द्वितीय, गिटार में हीरा दास द्वितीय, ध्रुपद में बिजय कुमार शर्मा प्रथम,गीत मे रतन लाल तीसरा, लोकगीत मे शिवमंगल गिरी प्रथम, सिंथेसाईजर और माउथ ओग्रर में अरविंद कुमार द्वितीय, लाईट सोंग में रतन लाल प्रथम, कव्वाली में इंतियाज अंसारी ने दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया है। पिपरवार एरिया के कलाकारों के द्वारा इस शानदार प्रदर्शन पर क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार, अशोक परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह, कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल, कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग सहित कई अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा श्रमिक प्रतिनिधियों ने सभी कलाकारों को बधाई दी है।

# पिपरवार के एकेटी गैरेज के समीप अज्ञात अपराधियों ने लहराया हथियार

## घटना के बाद मची अफरा-तफरी, लोकल सेल का काम हुआ बंद

**पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर जगह-जगह छापेमारी अभियान चलाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



घटना के बाद सुनसान पड़ी सड़क।

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खलारी थाना क्षेत्र के एकेटी गैरेज के समीप शनिवार की सुबह अज्ञात अपराधियों ने हथियार को लहराते हुए दहशत का माहौल बना दिया। अपराधियों के द्वारा हथियार लहराते ही वहां पर अफरा तफरी का माहौल बन गया और लोग इधर-उधर भागने लगे। जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह करीब 10 बजे लोकल सेल से जुड़े ट्रक ऑनर, डीओ होल्डर व लिफ्टर सहित स्थानीय लोग व वाहन चालक एकेटी गैरेज के समीप खड़े थे। बताया गया कि गाड़ी लगाने सहित कागजात संबंधित कामों को लेकर प्रत्येक दिन की तरह लोग पुराने एकेटी गैरेज के समीप खड़े थे, इसी बीच दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर पांच नकाबपोश अज्ञात अपराधी मौके पर पहुंचे और हथियार को लहराने लगा, जिसके बाद वहां मौजुद लोगों में अफरा तफरी का माहौल बन गया और लोग इधर उधर जान बचाने के लिए भागने लगे। इस बीच अपराधियों ने वहां खड़े एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना को भी अंजाम दिया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी मौके से फरार हो गया। वहीं घटना के बाद लोकल सेल से जुड़ी सभी तरह के कार्य पूरी तरह से बंद हो गया है।

इधर घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर जगह-जगह छापेमारी अभियान शुरू कर दी है। दिन दहाड़े हुई इस तरह की घटना से लोकल सेल में काम करने वाले लोगों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक लोकल सेल का काम पूरी तरह से बंद है।

# जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी ने राज्य की सर्वश्रेष्ठ बैंड टीम का खिताब जीता

आजाद सिपाही संवाददाता




खूंटी। खेलो झारखंड के तहत आयोजित राज्य स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी ने एक बार फिर अपना वर्चस्व स्थापित करते हुए राज्य की सर्वश्रेष्ठ बैंड टीम का खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन 7 नवंबर को खेलगांव परिसर में हुआ, जिसमें पूरे राज्य से कुल 39 बैंड टीमों ने भाग लिया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक चंद्र देव सिंह ने शनिवार को बताया कि ब्रास बैंड बालिका वर्ग में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय खूंटी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 74 अंक प्राप्त किए और प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य की सर्वश्रेष्ठ बैंड टीम बनी। इसके साथ ही विद्यालय ने आगामी जोनल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर राज्य का प्रतिनिधित्व करने का गौरव भी हासिल किया। उल्लेखनीय है कि विद्यालय ने वर्ष 2024-25 में भी इसी वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया था और इस वर्ष लगातार दूसरी बार विजेता बनकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अन्य वर्गों में भी विभिन्न विद्यालयों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ब्रास बैंड बालक वर्ग में संत जेवियर स्कूल, लुपुंग गुट्ठू (पश्चिमी सिंहभूम) ने 53 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं पाइप बैंड बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रांची ने 69 अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। पाइप बैंड बालक वर्ग में करेली स्कूल धुर्वा, रांची ने 63 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। ये सभी चारों टीमें जोनल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई हैं।

### उपायुक्त ने दी बधाई

विद्यालयों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर खूंटी की उपायुक्त आर रॉनिटा, उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पाल चौधरी, जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील सहित विभिन्न पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं जिला खेल कोषांग के सदस्यों ने दोनों विद्यालयों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पाइप बैंड बालक वर्ग में खूंटी जिले के नेताजी सुभाषचंद्र बोस विद्यालय ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिससे जिले का गौरव और बढ़ा।

# एसीसी पब्लिक स्कूल में आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता

**नन्हे कलाकारों ने दिखायी अपनी रचनात्मक प्रतिभा**

आजाद सिपाही संवाददाता



प्रतियोगिता में भाग लेने वाले नन्हे बच्चे।

खलारी। खलारी स्थित एसीसी पब्लिक स्कूल में बच्चों की कलात्मक अभिरुचि एवं रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों पर बढ़ते अध्ययन के दबाव को कम करते हुए उनमें रचनात्मकता, कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि गिरि ने बताया कि प्रतियोगिता में नर्सरी से लेकर छठी कक्षा तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने कागज, गत्ते, रंगों और विभिन्न सामग्रियों का प्रयोग कर फ्लावर पॉट, कार्टून आकृतियां, मॉडल्स तथा ज्ञान-विज्ञान से जुड़े हस्तशिल्प तैयार किये। बच्चों की कल्पनाशक्ति और सृजन शीलता देखते ही बनती थी। प्रधानाध्यापक ने सभी प्रतिभागियों की हौसला-अफजाई करते हुए कहा कि हर बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा छिपी होती है, जरूरत है उसे पहचानने और प्रोत्साहित करने की। वहीं कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की चहुमुखी प्रतिभा को निखारने में सहायक होती हैं।

## मुरी रेलवे यार्ड में मिला कटा हुआ शव

मुरी (आजाद सिपाही)। मुरी रेलवे स्टेशन के रेलवे यार्ड स्थित लाइन नंबर 7 से शनिवार को एक व्यक्ति का कटा हुआ शव मिला, जिसकी सूचना पर राजकीय रेल थाना, मुरी की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर थाना परिसर में सुरक्षित रखा। शव की स्थिति देखकर पुलिस ने आशंका जतायी है कि व्यक्ति की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई होगी। मृतक की पहचान महेंद्र जयशी उम्र 43 वर्ष, पिता स्वर्गीय दुबराज, जयशी निवासी - रामप्रभा क्लॉथ स्टोर, डोरंडा, थाना डोरंडा, जिला रांची के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मृतक महेंद्र जयशी रांची जेएफ-1 में कार्यरत थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया है। राजकीय रेल थाना, मुरी की टीम मामले की जांच में जुट गयी है।

## विधायक ने किया 8वीं जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का उद्घाटन




खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी जिला स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के तत्वावधान में स्थानीय नगर भवन में शनिवार जिला कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक राम सूर्य मुंडा और विशिष्ट अतिथि फादर एलडी फोन्स ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर लोयोला इंटर कॉलेज के प्राचार्य फादर विमल मिंज, झारखंड स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के सीईओ सेंसाई केके सिंह, सह सचिव सेंसाई शशि पांडे, रेफरी कमिशन के उपाध्यक्ष सेंसाई नरेंद्र सिन्हा उपस्थित थे। प्रतियोगिता का संचालन राष्ट्रीय रेफरी संजय सोनकर, कमल नायक, विनय रंजन, अमृत मुंडा, शादाब खान, सचिन कुमार, बालाजी होरो, विक्रम सांगा, संतोष गोस्वामी एवं रवि कुमार ने किया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के 350 कराटेकरों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिषेक टूटी, जॉनसन, रेश्मा, किरण, आभा, विष्णु, अमर, विशाल एवं अभय के द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। मंच संचालन सुरभि सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन खूंटी जिला कराटे संघ के अध्यक्ष सेंसाई हेजाज असदक ने किया।

## राम ब्रदर्स बना फुटबाल प्रतियोगिता का विजेता



पुंडीदीरी (आजाद सिपाही)। पुंडीदीरी के फुटबॉल मैदान रूंगकड़ी में युवा संघ द्वारा शनिवार को एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आठ टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला राम ब्रदर्स और रिया स्पोटिंग के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों के बीच शानदार प्रदर्शन किया गया। पेनल्टी शूट आउट में राम ब्रदर्स 4-3 से विजयी रहा। विजेता टीम को मुखिया लक्ष्मीकांत सिंह मुंडा और हीरालाल दास के द्वारा और उपविजेता टीम को अशोक कुमार दास, सुधीर कुमार दास और आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन धनु नाग ने किया। इस अवसर पर अभिराम मुंडा सुभाष स्वांसी, संजय, सुनील, काली, आशीष, आशीष, अजय, राहुल, उमेश, महेश्वर, प्रभास जीतेंद्र आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एसडीएम ने अफीम खेती की रोकथाम को लेकर की बैठक

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। अफीम की अवैध खेती पर रोक लगाने के उद्देश्य से बुंडू एसडीएम किस्टो कुमार बेसरा ने शनिवार को प्रखंड सभागार में ग्राम प्रधान, मुखिया, वार्ड सदस्य आदि के साथ संयुक्त बैठक की। बैठक में प्रमुख विक्टोरिया देवी, सीओ सह बीडीओ मनोज महथा,उपप्रमुख सविता देवी, पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। एसडीएम ने निर्देश दिये कि अफीम की अवैध खेती करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाये और गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। जनप्रतिनिधियों से अवैध अफीम खेती को रोकने के लिये सहयोग करने की अपील की गयी। इस क्रम में बाल विवाह और डायन प्रथा के खिलाफ जागरूक करने की बात कही गयी। इस दौरान हर पंचायत के जनप्रतिनिधियों से अवैध खेती की रोकथाम के लिए सुझाव लिए गये।

## प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बीआरसी ईचागढ़ में शनिवार को प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के 6 संकुल के रसोईया एवं सहायिका भाग लिये, जिसमें प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान संकुल चिपड़ी को मिला। चिपड़ी संकुल अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारुणा के गीता देवी को प्रथम स्थान तथा प्राथमिक विद्यालय रुगरी बाजार के समना मिश्रा को द्वितीय स्थान मिला। विजेता और उपविजेता रसोईया को प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ एकता वर्मा, बीपीएम चंदन कुमार सिंह, शिक्षक संतोष कुमार महतो, हेमंत महतो, कृष्णा दास महतो, सीआरपी शक्ति पद महतो, कंप्यूटर ऑपरेटर शाहिद अंसारी आदि उपस्थित थे।

## उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में कल होगा विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन

खलारी (आजाद सिपाही)। उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल शांतिनगर में 10 नवंबर दिन सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का भव्य आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डोरंडा कॉलेज, रांची के शिक्षा विभाग के एचओडी डॉ मनोज कुमार होंगे। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रातः 9 बजे से किया जायेगा। प्राचार्या डॉ सिस्टर निर्मला सैमुअल के नेतृत्व में शिक्षकगण और विद्यार्थी पूरी लगन से तैयारी में जुटे हैं। प्राचार्या ने सभी से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करें और इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## डीसी ने किया तमाड़ प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण

# कार्य में लापरवाही पर उपायुक्त ने पंचायत सचिव प्रदीप कुमार साहू का रोका वेतन

**उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी तरह की लापरवाही या विलंब पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



तमाड़। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रांची मंजूनाथ भजंत्री ने शनिवार को तमाड़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति, अभिलेखों, सेवा पुस्तिका, आगत-निर्गत पंजी, जनशिकायत निवारण व्यवस्था, पेंशन और विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे। कार्य में लापरवाही पाए जाने पर उपायुक्त ने पंचायत सचिव प्रदीप कुमार साहू का वेतन रोकने का आदेश तमाड़ बीडीओ को दिया।

उपायुक्त श्री भजंत्री ने स्पष्ट कहा कि सरकारी कार्यालयों में बिचौलियों की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। यदि किसी भी स्तर पर बिचौलिया गतिविधि पायी जाती है तो संबंधित कर्मी पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

भूमि संबंधी मामलों पर उपायुक्त ने कहा कि सभी लंबित मामलों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित किया जाये, ताकि लोगों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी तरह की लापरवाही या विलंब पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने पेंशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समय पर पहुंचना चाहिए। साथ ही 'अबुआ आवास योजना' के तहत लाभुकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में स्वच्छ और अनुशासित वातावरण होना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम किस्टो कुमार बेसरा, बीडीओ सावित्री कुमारी, सीओ समरेश भंडारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## फोरलेन भूमि अधिग्रहण मुआवजा नहीं मिलने पर हाइकोर्ट का हस्तक्षेप, उपायुक्त ने बुंडू में ली वस्तुस्थिति की जानकारी



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू प्रखंड के डमारी मोड़ के समीप फोरलेन परियोजना के लिए वर्ष 2012 में एनएचएआई द्वारा शीतल बिद की 19 डिसमिल जमीन अधिग्रहित की गयी थी, लेकिन अब तक मुआवजा नहीं दिया गया। लगातार रांची स्थित एनएचएआई कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी न्याय नहीं मिलने पर शीतल बिद ने झारखंड उच्च न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई। मामले में हाईकोर्ट ने रांची उपायुक्त मंजू नाथ भजंत्री से जवाब तलब किया, जिसके बाद उपायुक्त शनिवार को बुंडू पहुंचे और स्थल निरीक्षण कर शीतल बिद से मुलाकात की। शीतल बिद ने बताया कि उनकी जमीन प्लॉट नंबर 490 में 12 डिसमिल और 491 में 7 डिसमिल है, जिसे रांची-टाटा फोरलेन के लिए लिया गया। वहीं, एनएचएआई अधिकारियों ने दावा किया कि उन्होंने उक्त भूमि का अधिग्रहण नहीं किया। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद उपायुक्त ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसी लापरवाही के कारण उन्हें रांची का काम छोड़कर बुंडू आना पड़ रहा है। उन्होंने तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मौके पर एसडीएम किष्टो कुमार बेसरा, भूमि सुधार उपसमाहर्ता छवि बारला, सीओ हंस हेंब्रोम, डीएसपी ओमप्रकाश और थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा मौजूद थे।

# उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था और प्रसव के दौरान खतरों पर कार्यशाला

**यह प्रशिक्षण अलग-अलग क्लस्टर के अनुसार तीन दिनों तक आयोजित किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी। खूंटी सदर अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मरंगहादा में शनिवार को ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण परियोजना के तहत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सीनी) संस्था के सहयोग से खूंटी सदर क्षेत्र की सभी सहिया को उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था और गर्भकाल और प्रसव के दौरान खतरों के निशान विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमार आलोक बिहारी ने किया। यह प्रशिक्षण अलग-अलग क्लस्टर के अनुसार तीन दिनों तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाना तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है।

प्रशिक्षण के दौरान सीनी संस्था की प्रशिक्षक संगीता मिश्रा ने सहिया दीदियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान करना तथा उनकी विशेष निगरानी और देखभाल करना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही यह भी बताया गया कि हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दिन सदर अस्पताल या निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेफर करने हेतु सहिया दीदियों को प्रेरित करना चाहिए, ताकि समय पर उचित जांच एवं उपचार हो सके। इस अवसर पर सीनी संस्था खूंटी सदर के जिला समन्वयक रोहित राज, अमरनाथ, वशिष्ठ, अल्पना, अंकिता, प्रियंका, किरण, अनिसाय सहित खूंटी सदर की सभी बीटीटी सहिया साथी एवं सहिया टीम उपस्थित रहीं।

### मांडर विस में 'घर-घर स्वदेशी' अभियान और जनजातीय गौरव दिवस पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलकर ही पूरी हो सकती है विकसित झारखंड की परिकल्पना : सन्नी

**हजारों कार्यकर्ताओं ने लिया स्वदेशी अपनाने का संकल्प**

## जनजातीय समाज की एकमात्र सच्ची शुभचिंतक भाजपा है : सुदर्शन भगत



भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते सन्नी टोप्पो।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड के मुड़मा स्थित जोहार भवन में शनिवार को भाजपा की ओर से 'आत्मनिर्भर भारत-हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' विषय पर कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान अपने संबोधन में सन्नी टोप्पो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन के माध्यम से विश्व में एक प्रमुख निर्माण केंद्र के रूप में उभर रहा है। कहा कि झारखंड की मिट्टी में अपार संभावनाएं हैं। यहां का हुनर, संसाधन और परंपरा आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत हैं। अगर हम अपने राज्य के उत्पादों, हस्तशिल्प और कृषि वस्तुओं को अपनाएं, तो गांव-गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और झारखंड देश के स्वदेशी अभियान का नेतृत्व कर सकता है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे हर पंचायत और गांव में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें और अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करके भारतीय उद्यमों को प्रोत्साहित करें। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता सुदर्शन भगत ने कहा कि 'स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर बनो' केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का मार्ग है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया कि वे छोटे स्थानीय व्यवसायों को सहयोग दें और 'घर-घर स्वदेशी' अभियान के माध्यम से लोगों को भारतीय उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के आयोजन की तैयारियों का भी विवरण साझा किया। भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सुदर्शन भगत ने कहा कि बगवान बिरसा मुंडा का जीवन हमें यह सिखाता है कि अपनी संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष करना ही सच्चा राष्ट्रधर्म है। भाजपा कार्यकर्ता जनजातीय समाज की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाएँ पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। भाजपा रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा कि स्वदेशी अपनाना सिर्फ एक विचार नहीं, बल्कि हमारी पहचान और जिम्मेदारी है। अगर हम अपने ही राज्य और देश के उत्पादों, कारीगरों और उद्यमियों को अपनाएँ, तो न केवल हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराओं का सम्मान भी बढ़ेगा। वहीं, हजारीबाग के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय ने राज्य सरकार पर कड़ा हमला करते हुए कहा कि स्वदेशी क्रांति और आत्मनिर्भर भारत के अभियान में बाधा डाली जा रही है। कहा कि यह सरकार केवल दिखावा कर रही है, जबकि असली काम किसानों, मजदूरों और छोटे उद्योगपतियों की मदद करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वदेशी उत्पादन, ग्रामीण रोजगार और किसान हितों के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार से अपील की कि वह फसल, रोजगार और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने में वास्तविक कदम उठाए, न कि केवल नीतियों का दिखावा। भाजपा प्रदेश मंत्री मनोज महतो ने कहा कि स्वदेशी अपनाना ही सच्ची राष्ट्रसेवा है और भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जबकि भाजपा नेता रमेश सिंह ने कहा कि घर-घर स्वदेशी अभियान जनभागीदारी का प्रतीक है। हर कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह गांव-गांव जाकर स्वदेशी का संदेश फैलाए। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने हर घर स्वदेशी का संकल्प लिया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन सुदरकर चौबे ने किया। इस मौके पर यूवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा, जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, जिला परिषद सुसमा देवी, संजीव तिवारी, विनय राज आदि मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं के जीवन में शिक्षा और खेल का संतुलन होना जरूरी : शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** संत अन्ना विद्यालय प्रांगण में शनिवार को इंटर स्कूल एथलीट मीट 2025 में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी शामिल हुई, जिन्होंने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसमें रांची, गुमला एवं एमपी प्रोविंस के छात्र एथलीट मीट में भाग लिये। इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षा और खेल का संतुलन होना जरूरी है। यह विद्यार्थी को शैक्षणिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है। लंबे समय तक कमरे में बंद होकर किताबी ज्ञान के बाद खेल प्रदर्शन से शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। विद्यार्थियों का ऑल राउंड डेवलपमेंट जरूरी है। कहा कि इस तरह के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। मंत्री शिल्पी ने एथलीट मीट में भाग लेने वाले विद्यार्थियों खासकर सफल प्रतिभागियों को ढेरों शुभकामनाओं दी। इस दौरान एथलीट में सफल खिलाड़ियों को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पुरस्कृत भी किया।



## फादर कोंस्टनट लिवेंस के व्यक्तित्व ने सभी को प्रभावित किया : कृषि मंत्री

इसके अलावा बेड़ो प्रखंड के लिवेंस एकेडमी दिघिया में आयोजित लिवेंस डे 2025 में भी मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शामिल हुई। इस दौरान छात्रों की ओर से आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सबका मन मोह लिया। समाज में बेटियों को बराबरी का हक दिलाने पर आधारित नाट्य की प्रस्तुति को सबने सराहा। बेटियां दूल्हा और चूल्हा तक सीमित नहीं है इसका स्पष्ट संदेश नाटक के माध्यम से छात्रों ने दिया। इस मौके पर रांची आर्च बिशप विंसेंट आइंद विशेष रूप से मौजूद रहें। इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि फादर कोंस्टनट लिवेंस एक ऐसे व्यक्ति रहे, जिनके व्यक्तित्व ने सबको प्रभावित किया है। समाज में साहूकारों से आदिवासी समाज की मुक्ति, जमीन संरक्षण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आज उन्हीं के दिखाए रास्ते और सिद्धांतों को अपनाते हुए हम सभी आगे बढ़ रहे हैं। संत अन्ना विद्यालय के कार्यक्रम में सिस्टर सुजाता कुजूर, फादर विपिन कंडुलना, सिस्टर सरोज एक्का, सिस्टर मेरी टोप्पो, सिस्टर प्रभा कुल्लू, सिस्टर ललिता, कांग्रेस नेत्री सेराफिना मिंज, सरिता तिग्गा, बेरनादेत बेक, कुलदीप कुजूर मौजूद रहें। जबकि लिवेंस एकेडमी दिघिया के कार्यक्रम में फादर थॉमस, फादर रॉबर्ट मिंज, सिस्टर दिव्या, जिला परिषद बेरोनिका और उप प्रमुख मुद्दसिर हक आदि मौजूद थे।

## विभिन्न योजनाओं के लिए किसानों के फॉर्म पर किया गया विचार विमर्श



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड कार्यालय में शनिवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2025-26 के तहत विभिन्न पंचायतों के किसानों द्वारा भरें गये फार्म पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर गव्य विकास योजना के तहत दो गाय, पांच गाय एवं 10 गाय, विद्युतचालित चेफ कटर मशीन काऊ मैट, बोरिंग, केचुआ खाद आदि योजनाओं का प्रखंड स्तरीय अनुशंसा समिति की ओर से लाभुकों का चुनाव किया गया। इस दौरान बैठक में उपस्थित नगड़ी जिप सदस्य पूनम देवी और प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप ने संयुक्त रूप से कहा कि आज जो किसानों का चयनित किया है उसे जल्द शिविर लगाकर किसानों के बीच वितरण करायें। ताकि किसान लाभावित हो सकें। इस मौके पर प्रखंड स्तरीय अनुशंसा समिति में नगड़ी प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप, प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत, विधायक प्रतिनिधि संजय जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रभात कुमार पांडे, मिथिलेश सहाय और रीना कुमारी शामिल थे।

## जरूरतमंद-वृद्ध महिला-पुरुषों के बीच कंबल का वितरण



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत परिषद के 14वें स्थापना दिवस पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह इंडियन हुयुमन राइट्स के नेशनल चीफ सेक्रेटरी संजय पांडेय एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ और इंडियन ह्यूमन राइट्स के वाइस प्रेसिडेंट संगीता नायक, झारखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वा तिर्की एवं रांची जिला सचिव रेखा देवी की उपस्थित में नगड़ी प्रखंड ग्राम खूंटा में शनिवार को जरूरतमंद-वृद्ध महिला-पुरुषों के बीच 101 कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह इंडियन ह्यूमन राइट्स के नेशनल चीफ सेक्रेटरी संजय पांडेय ने उपस्थित ग्रामीणों को संस्था का मुख्य उद्देश्य एवं जनहित में कार्य संस्था द्वारा किये जाने वाले कार्यो से अवगत कराया। कहा कि जो भी आम नागरिक अपने कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगा कर थक चुके हों वे हमारी संस्था में आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उनकी यथासंभव मदद की जाएगी।

# बेड़ो के महादानी मैदान के 500 मीटर की परिधि में अगले आदेश तक निषेधाज्ञा लागू



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल कार्यालय सदर रांची के गोपनीय शाखा की ओर से निर्गत सामान्य आदेश के तहत महादानी मैदान के 500 मीटर की परिधि में शनिवार से अगले आदेश तक निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि गत पांच नवंबर को बेड़ो पुलिस उपाधीक्षक और थाना प्रभारी की ओर से पत्र प्रेषित किया था। जिसमें उल्लेख किया गया था कि रविवार को पड़हा समिति एवं आदिवासी समुदाय के धार्मिक संगठनों की ओर से हजारों की संख्या में हरवे हथियार के साथ बेड़ो थाना क्षेत्र के 1.05 एकड़ भूमि पर बिना प्रशासनिक स्वीकृति एवं ग्राम सभा द्वारा पारित प्रस्ताव के घेराबंदी करने की सूचना दी गई थी। पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि उक्त जमीन का एक बड़ा भाग महादानी मैदान में पड़ता है। यहां सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, धार्मिक एवं बच्चों का खेलकूद कार्यक्रम होता है। बच्चों के खेलकूद के लिए यह एकमात्र मैदान है। उक्त भूमि पर घेराबंदी का कार्य किए जाने से विधि और शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना है। पत्र के माध्यम से बेड़ो पुलिस उपाधीक्षक और थाना प्रभारी की ओर से बेड़ो अंचल के अंतर्गत विवादित महादानी मैदान पर नौ नवंबर को विधि व्यवस्था की समस्या के मद्देनजर बीएन एसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने का अनुरोध किया गया था। इस आलोक में अनुमंडल दंडाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार ने बीएनएस एस की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए महादानी मैदान के 500 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी कर दिया है। जिसमें उक्त जमीन पर पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के जमा होने, किसी प्रकार का अस्त्र शस्त्र, बंदूक, राइफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद एवं हरवे हथियार में से लाठी, डंडा, तीर धनुष, गड़ासा और भाला आदि लेकर चलने और जमा होने पर पाबंदी लगा दी गई है। साथ ही किसी प्रकार का धरना प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली, आमसभा के आयोजन एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने पर भी पाबंदी लगा दी गई है। जबकि सरकारी काम में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को इससे छूट दी गई है। यह निषेधाज्ञा शनिवार की सुबह छह बजे से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। वहीं सदर अनुमंडल दंडाधिकारी रांची ने इसकी प्रतिलिपि रांच जीसी, वरीय पुलिस अधीक्षक, अपर जिला दंडाधिकारी, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, बेड़ो सीओ और थाना प्रभारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दिया है। उधर, शनिवार को सीओ राज कुंवर सिंह, डीएसपी अशोक कुमार राम, थाना प्रभारी सुजीत कुमार उरांव ने सशस्त्र बलों के साथ निषेधाज्ञा क्षेत्रों में पोस्टर एवं इश्तेहार चिपकाया। पदाधिकारियों ने निषेधाज्ञा की जानकारी देते हुए आदेश का अनुपालन करने की हिदायत दी।

# फादर लिवेंस का सारा जीवन लोगों की भलाई के लिए समर्पित रहा: विंसेंट आइंद




आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के दिघिया पल्ली स्थित लिवेंस अकादमी विद्यालय में शनिवार को वार्षिक लिवेंस डे मनाया गया। जहां काथलिक महाधर्मप्रांत की ओर से संचालित लिवेंस अकादमी विद्यालय प्रांगण में आयोजित बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम में नशीली पदार्थो एवं मोबाईल के दुष्प्रभाव को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद एवं विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित रहीं। इस मौके पर रांची महाधर्माध्यक्ष सह विद्यालय के अध्यक्ष विंसेंट आईंद ने कहा कि फादर लीवन्स ने अपना सारा जीवन को लोगों की भलाई के लिए समर्पित कर दिया। लोगों की जमीन बचाने में अपनी पूरी ताकत लगा दी। उन्हीं ही धरोहर से ही यह लिवन्स अकादमी विद्यालय दिघिया आज बच्चों में शिक्षा की ज्योत जला रहा है। यह सिर्फ. शिक्षा का मंदिर नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों को भी आगे बढ़ा रहा है। वहीं, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्ता भरा शिक्षा लाने में प्रयासरत लिवन्स अकादमी विद्यालय दिघिया की प्रशंसा की। उन्होंने अपने शिक्षा एवं वोट के अधिकार के प्रति सजग रहने का भी आह्वान किया। साथ ही कृषि एवं पशुपालन विभाग से मिलने वाले योजनाओ के बारे में भी बताये। वहीं, फादर थॉमस पोवाथिल ने लिवन्स विद्यालय के प्रिंसिपल एवं निर्देशक ने विद्यालय की स्थापना के इतिहास को बताया एवं इसे महामहिम स्व कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो के दूरदृष्टी का फल बताया। इस मौके पर सिस्टर विनाया एलएसटी विद्यालय की प्रधानाध्यापिका, फादर रॉबर्ट मिंज फादर जॉर्ज लकड़ा, फादर सुमित खलखो, फादर दीपक बाड़ा, सिस्टर जॉन्सी, सिस्टर निर्मला, उपप्रमुख मोदस्सीर हक, जिपस बेरोनिका उरांव, देवनिस, प्रकाश, मो फहिम, रोज, कमला और सलोमी आदि उपस्थित थे।

### उषा मार्टिन की पहल : किसानों के लिए ड्रिप सिंचाई बनीं लाभकारी तकनीक

# खेती लायक 89 एकड़ भूमि को सिंचित बनाया: डॉ मयंक मुरारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** पानी की घटती उपलब्धता और खेती में बढ़ती लागत के बीच ड्रिप सिंचाई किसानों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरी है। इस तकनीक से न केवल पानी को 70 फीसदी तक बचाया जा रहा है, बल्कि फसल उत्पादन में भी 20 से 35 प्रतिशत वृद्धि हुई है। उषा मार्टिन फॉउंडेशन ने अभी तक 89 एकड़ असिंचित भूमि को ड्रिप सिंचाई के माध्यम से खेती योग्य बनाया है। टाटीसिलवे क्षेत्र के किसान इसके कारण अब तीन फसल ले पा रहे है। इससे मानसून पर निर्भरता कम हुई है। साथ ही किसानों में नकदी एवं आयवृद्धि करनेवाले फसलों की खेती कर पा रहे है। उषा मार्टिन फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि इस साल 30 किसानों को ड्रिप सिंचाई से जोड़ा जायेगा। अभी तक 18 गांवों में 90 से अधिक किसानों को जोड़ा गया है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच नामकुम और अनगड़ा प्रखंड के 50 से अधिक गांवों में खेती के लिए भरोसेमंद विकल्प साबित हो रही है। ये किसानों की लागत घटाती और पानी की कमी वाले क्षेत्रों के लिए वरदान है। महिलौंग के किसान भदया महतो कुल आठ एकड़ में खेती करते है, जिसको ड्रिप सिंचाई से जोड़ा गया है। वे बताते हैं कि इसके माध्यम से अब किसान पौधों की जड़ों तक नियंत्रित और नपी-तुली मात्रा में पानी और पोषक तत्व पहुंचा पाते है। इससे पानी की बर्बादी नहीं होती और हर पौधे को उसके विकास के लिए सटीक मात्रा में नमी मिलती है। इससे उपज बढ़ती और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिलता है। अनगड़ा के रीतलाल महतो ने बताया कि इससे पौधों को सही मात्रा में पानी मिलता है और खरपतवार भी नियंत्रित रहते है। वहीं, जानुम के गर्वद्धन मुंडा बताते है कि ड्रिप सिंचाई प्रणाली के जरिये पानी के साथ ही उर्वरक और दवाओं को सीधे पौधों की जड़ों तक पहुंचाया जाता है। इसके लिए, किसान टैंक में उर्वरक और कीटनाशक घोलकर पाइपलाइन के जरिये उन्हें खेत तक पहुंचा सकते है। पौधों को सही मात्रा में पोषक तत्व मिलते है, जिससे उनका विकास बेहतर होता है।



## ड्रिप सिंचाई व मलचिंग से खेती लाभकारी : मेवालाल

उषा मार्टिन फॉउंडेशन के एग्री बिजनेस कोऑडिनेटर मेवालाल ने बताया कि ड्रिप सिंचाई तकनीक से पानी की बचत के साथ फसलों को काफी फायदा होता है। पारंपरिक सिंचाई में जरूरत से अधिक पानी देने पर पौधे झुक जाते है और फसल जमीन से लगकर खराब हो जाती है। वहीं, ड्रिप सिंचाई से पौधों को केवल उतना ही पानी मिलता है, जितनी उन्हें आवश्यकता होती है। इससे गुणवत्ता और मात्रा, दोनों में सुधार होता है। पत्तियों पर पानी न जमने से रोग कम होते है।

## 61 किसानों में 1500 सहजन बांटा गया

उषा मार्टिन फॉउंडेशन की ओर से 18 गांवों के 61 किसानों में 1500 से अधिक सहजन का पौधा बांटा गया। उक्त जानकारी देते हुए रौशन लिंडा ने बताया कि सहजन के पौधा को बनाने के लिए बैजनाथ टाटा और उलातू में नर्सरी कराया गया था। किसानों को नर्सरी से जोड़ने एवं पौधा निर्माण के साथ आय के वैकल्पिक उपाय के तहत यह अभियान भी चलाया गया है।

## स्वस्थ मां ही स्वस्थ समाज की होती है आधारशिला : मनीषा कुमारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** शालिनी अस्पताल एवं उषा मार्टिन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सालहन पंचायत भवन में 'स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका उद्देश्य ग्रामीण समुदाय, विशेषकर महिलाओं, किशोरियों, गर्भवती और धात्री माताओं में स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता लाना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य टीम की ओर से ग्रामीणों का ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन आदि की जांच की गयी। जबकि गर्भवती व धात्री माताओं के बीच आयरन, कैल्शियम, प्रोटीन पाउडर सहित अन्य आवश्यक दवाइयाँ वितरित की गईं। सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी मनीषा कुमारी ने कहा कि मौसमी बीमारियों से बचाव, स्वच्छता और संतुलित आहार अपनाना जीवन शैली का एक अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए। अधिकांश बीमारियों से बचाव के लिए नियमित जांच और संतुलित दिनचर्या सबसे प्रभावी उपाय हैं। गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार और डॉक्टर की नियमित सलाह लेना मां और शिशु दोनों के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने खानपान पर विशेष ध्यान दें। समय-समय पर जांच करवाएं और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लें। बताया कि एक स्वस्थ मां ही स्वस्थ समाज की आधारशिला होती है। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीणों में स्वास्थ्य सुरक्षा, पोषण जागरूकता और रोगों की रोकथाम के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि संतुलित आहार, स्वच्छ पेयजल, समय पर टीकाकरण और नियमित व्यायाम के जरिए ग्रामीण समुदाय कई बीमारियों से बच सकता है। वहीं, शालिनी अस्पताल के वरीय प्रबंधक राणा विकास ने कहा कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मिलनी चाहिए। यह कार्यक्रम केवल एक गतिविधि नहीं है, बल्कि सामदुायिक स्वास्थ्य में बदलाव की मुहिम है। वहीं, सालहन की मुखिया सरिता तिर्की ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीणों को स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न आयामों की जानकारी मिलती है। ग्राम प्रधान शिबू मुंडा ने कहा कि शालिनी अस्पताल का यह प्रयास मिल का पत्थर साबित होगा। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में शालिनी अस्पताल के शिशिर भगत, दिलीप मुंडा, सीताराम साहू, संपूर्णानंद, पंकज, मोहर, सहिया रानी कच्छप, आशामनी देवी, सेविका विजयलक्ष्मी आदि का योगदान रहा।

## 20वां चैंपियंस ट्रॉफी : युगांडा के साबिर का जादुई खेल, चित्तरकोटा एफसी फाइनल में



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** 20वां चैंपियंस ट्रॉफी फुटबाल टूर्नामेंट में चित्तरकोटा एफसी की टीम फाइनल में पहुंच गयी है। शनिवार को अनगड़ा स्टेडियम में खेले गए एकतरफा मुकाबले में चित्तरकोटा एफसी ने ब्लैक पैंथर माथटोली को 4-0 गोल से हराया। चित्तर कोटा की तरफ से खेल रहे घाना के खिलाड़ी ओटिका ने दूसरे मिनट में ही शानदार गोल दागकर टीम को बढ़त दिला दी। 29 वें मिनट में युगांडा के खिलाड़ी साबिर ने शानदार गोल दागा। 54 वें मिनट में लाइबेरिया के खिलाड़ी जोसेफ ने गोल दागा। जबकि 66 वें मिनट में लक्ष्मीकांत ने गोल किया। साबिर ने पूरे मैच में फुटबॉल का जादू दिखाया। अपनी रफ्तार, स्किल, सटीक पास से विरोधी टीम को लगातार परेशान कर रखा। साबिर को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार फाइनेशियल एडवाइजर गोविंद महतो ने दिया। इस मौके पर झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के रांची जिलाध्यक्ष फरीद खान, आजसू नेता वनमाली मंडल मौजूद थे। रविवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच अंश क्लब कांके एवं भगत इलेक्ट्रॉनिक्स पारेपाट के बीच खेला जाएगा। इस मौके पर अध्यक्ष राजेंद्र शाही मुंडा, सचिव अनिल कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष रामसाय मुंडा, समाजसेवी रामानंद बेदिया, रामपोदो महतो, राजू नायक, जलेश महतो, बिगेश्वर महतो, शंकर बैठा और राजन महतो आदि उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकरायी एक की मौत, दो अन्य युवक घायल

### बंदई मेला देखकर लौटने के क्रम में हुआ हादसा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। उसकी पहचान विमल लकड़ा (35) के रूप में हुई है। वह अरंडा खक्सी टोली का रहने वाला था। इसी हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल भी हो गये। उनके नाम रायडीह के डूमरटोली निवासी संतोष मिंज और विनोद लकड़ा हैं। दुर्घटना महुआ टोली मोड़ के पास हुई। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर बंदई मेला देखने नारोटोली गये थे। वहां, मेल देखकर लौटने के क्रम में रात 8.30 बजे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे आम के पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि विमल लकड़ा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि संतोष मिंज और विनोद लकड़ा को गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। इधर, शनिवार की सुबह 11 बजे सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया।

## दुमका पहुंची महिला हैंडबॉल की टीम



**गुमला (आजाद सिपाही)।** 11वीं राज्य स्तरीय सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए गुमला जिला की महिला हैंडबॉल टीम शुक्रवार को दुमका रवाना हुई। यह प्रतियोगिता झारखण्ड हैंडबॉल एसोसिएशन और दुमका हैंडबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 8-9 नवंबर को दुमका गांधी मैदान में आयोजित होगी। स्पोर्ट्स अकादमी एवं गुमला हैंडबॉल एसोसिएशन के संचालक एवं कोच सैयद जुन्नू रैन ने बताया कि 12 सदस्यीय टीम जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। खिलाड़ियों में प्रियंका सिंह, अर्पणा कुमारी, पूनम कुमारी, सुमिता तिग्गा, मंजू कुमारी, प्रीति कुमारी, अनामिका, सुहानी, प्रीति, संध्या, सोनाली और दीपिका शामिल हैं। उनके साथ सैयद जुन्नू रैन, हाफिजर रहमान, दीपक कुमार और विक्रम राज ठाकुर भी गए हैं। टावर चौक से टीम को रवाना करते समय स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी अणिमा, अलका, सूर्यलेखा, असर आब्दीन, सुरीला, शशांक, हर्षिकेश और हर्ष उपस्थित रहे।

## डाईर मेला में लोगों ने जमकर की मस्ती



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कराकेल गांव में शनिवार को पारंपरिक डाईर मेला धूमधाम से आयोजित हुई। जिसमें लोगों के मनोरंजन के लिये नागपुरी ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम रखा गया था। इसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान स्थानीय युवाओं को नागपुरी गीत की धून पर जमकर झूमते-नाचते देखा गया। इससे पहले सुबह सात बजे मेला टांड़ पर गांव के पहान द्वारा पारंपरिक रूप से पूजा की गई और ईष्ट देव से गांव की सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की गई। इस मेले में बिक्री के लिये जगह-जगह साग-सब्जी, मिठाई, खिलौने, श्रृंगार सहित अन्य चीजों की दुकानें सजी थी। इस मेले में खासकर मुर्गा लड़ाई और जदूरा नाच मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। मेले की सफलता में अजय साहू, दाले मुंडा, धनंजय साहू, निबय तोपनो आदि का अहम योगदान रहा।

### अधिकारियों ने किया चैनपुर प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों का निरीक्षण

## हाजिरी काटते हुए अनुपस्थित कर्मियों से मांगा स्पष्टीकरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** गुमला डीसी प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर निदेशक लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन जिला ग्रामीण विकास शाखा की ओर से शनिवार को चैनपुर सीओ बीडीओ एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कई अनियमितताएं सामने आई है। जिस पर निदेशक ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान दोनों कार्यालयों में कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। निदेशक ने इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए बीडीओ को निर्देश दिया कि वे अनुपस्थित कर्मियों की उपस्थिति काटते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगें। निरीक्षण के क्रम में अंचल कार्यालय में ओलिया कुजूर नामक आवेदिका ने निदेशक के समक्ष शिकायत दर्ज कराई कि वे अपनी भूमि की रसीद कटवाने के लिए विगत छह माह से लगातार प्रयास कर रही हैं, लेकिन अभी तक उनकी रसीद निर्गत नहीं की गई है। निदेशक लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्क्षण संज्ञान लिया। उन्होंने अंचल निरीक्षक और संबंधित हल्का कर्मचारी को मामले में नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही चैनपुर अंचल अधिकारी को आदेश दिया गया कि संबंधित आवेदिका की भूमि रसीद अविलंब निर्गत की जाए।



रिपोर्ट तलब करते अधिकारी।

### पारदर्शिता के लिए 10 दिनों में पंजी संधारण का निर्देश

निदेशक ने कार्यालयों में पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्देश भी जारी किया। उन्होंने प्रखंड और अंचल कार्यालय के सभी कर्मियों को आदेश दिया है कि वे रोकड़ पंजी एवं अन्य सभी आवश्यक पंजियों का संधारण नियमानुसार 10 दिनों के भीतर पूरा कर लें।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने की औचक छापामारी छोले में अखाद्य रंग मिलने पर हुई कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता





**गुमला।** खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के नेतृत्व में शनिवार को गुमला शहरी क्षेत्र और आसपास के इलाकों में औचक निरीक्षण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य शीतकालीन मौसम में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करना था। निरीक्षण के दौरान होटल जयपुर, साबू ब्रदर्स, अनिल चाट भंडार, होटल चंद्रानी, जयसवाल ढाबा और हरियाली ढाबा की जांच की गई। अनिल चाट भंडार में छोले के नमूने में अखाद्य रंग पाए जाने पर सामग्री नष्ट की गई, जबकि होटल चंद्रानी के पनीर एवं खोवा मानक अनुरूप मिले। कोटपा अधिनियम के उल्लंघन पर 500 रुपये का जुर्माना और चार प्रतिष्ठानों से वार्षिक रिटर्न विलंब पर 61 हजार रुपये वसूले गये। विभाग ने स्पष्ट किया कि मिलावट पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी और अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## डीसी ने सुनी जन समस्याएं, 25 मामलों का हुआ त्वरित निष्पादन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भरनो प्रखंड में शनिवार को अंचल दिवस का आयोजन डीसी प्रेरणा दीक्षित की उपस्थिति में हुआ। जिसमें उन्होंने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, डीसीएलआर गुमला एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में भूमि, राशन, प्रमाण पत्र और दाखिल-खारिज से जुड़ी कुल 122 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 25 मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया। इस दौरान 8 पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, 9 दाखिल-खारिज शुद्धिपत्र, दो ऑनलाइन रसीदें और एक एलपीसी लाभुकों को प्रदान किये गये। साथ ही किशोरियों को सावित्री बाई फुले योजना का लाभ, विद्यार्थियों को साइकिल और दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरित की गई। डीसी ने कहा कि प्रशासन जन समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। अगला अंचल दिवस 22 दिसंबर को गुमला अंचल में आयोजित होगा।

## व्यापारी स्वत: हटा लें अतिक्रमण : रमेश



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर में जाम और अतिक्रमण का सामना लोगों को फिर से करना पड़ रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों ने त्योहारों के मद्देनजर अतिक्रमण अभियान को छठ तक स्थगित किया था। अब किसी भी समय पुन: लोगों को यातायात सुविधा देने के लिए अभियान शुरू किया जा सकता है। इसे लेकर चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से जो समय दिया गया था। वह अवधि समाप्त हो गई है। अब किसी प्रकार की कार्रवाई हो। उससे पहले सभी व्यापारी स्वत: अतिक्रमण हटा लें, ताकि किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो और लोगों को सुगम यातायात सुविधा का लाभ मिल सकें।

## मशरूम उत्पादन से ग्रामीण महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर : तमन्ना परवीन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मशरूम उत्पादन कर जहां की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। इससे उनके घर की आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो रहा है। जिससे परिवार का पालन पोषण, शिक्षा दीक्षा और रहन-सहन के स्तर में भी बढ़ोतरी हो रही है। उक्त बातें जिला उद्यान पदाधिकारी तमन्ना परवीन ने कहीं। वे शनिवार को घटगांव पंचायत के काटासारू में आयोजित पांच दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक की उपस्थिति में बोल रही थीं। बतातें चलें कि जिला उद्यान विकास विभाग की ओर से क्लस्टर आधारित मशरूम उत्पादन कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है। जिला उद्यान विभाग एवं संस्था ऐप अग्रेगेट के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण में 52 महिला किसान शामिल हुईं। इनमें 11 आदिम जनजाति समुदाय की थीं। विशेषज्ञों ने मशरूम उत्पादन, रखरखाव एवं प्रसंस्करण की तकनीकी जानकारी दी। समापन पर प्रत्येक महिला को 30 मशरूम बैग और एक स्प्रेयर प्रदान किया गया। उद्यान विभाग ने गुमला, सिसई और नवाडीह-डुमरी प्रखंडों में भी ऐसे प्रशिक्षण आयोजित किये हैं। इस पहल से ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं और आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा मिल रही है।

## गुमला में आवारा कुत्तों का आतंक, एक ही दिन में 28 लोगों को काटा

सुधाकर कुमार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शहर के हर गली-मोहल्ले में कुत्तों के झुंड खुलेआम घूम रहे हैं। कई कुत्तों में पागलपन जैसे लक्षण भी दिखाई दे रहे हैं, जो राहगीरों पर अचानक हमला कर दे रहे हैं। शनिवार को स्थिति और भयावह हो गई, जब शहर और आसपास के गांवों में कुल 28 लोगों को पागल कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया। इसमें बच्चे, युवा, महिला एवं बुजुर्ग शामिल है। ये लोग अपने विभिन्न कार्यों से गुमला शहर साप्ताहिक बाजार आए थे। तभी पागल कुत्ते ने उन्हें अपना शिकार बना दिया। घायलों में आजाद बस्ती निवासी जैद खान (20), खड़ियापड़ा के कुमुद टोप्पो (35), पतगच्छा की जितिका कुमारी (10), सरहुल नगर के मनीष भगत (32), अम्बवा निवासी सरताज आलम (34), तारा गुट्टू के आशीष उरांव (5), डुमरडीह की चंद्रदेवी चीक बड़ाइक (29), हुसैन नगर के मोहम्मद जीलानी (10), कसीरा के श्रेयांश महली (8), पुग्गुखोपा टोली के विनोद तिर्की (36), बसुआ की महक महवीश (11), कलिगा की नैसी कुमारी (21), सुरसुरिया के टार्जन नायक (16), खोरा के जावरा उरांव (60), सिलाफारी के मोहित कुमार (15), चाहा के जगरनाथ साहू (21), भंडरिया के अनिल लोहरा (21), रजा कॉलोनी के मोहम्मद नदीम (35) तारागुट्टू चंद्रदेव उरांव (65), फोरी मनोज लोहरा (65), डीएसपी रोड रविकांत कुमार (32), शांति नगर हरि नारायण (25), गुमला एसके (30), आनंदी कुमारी (8), गुमला स्वीटी कुमारी (25), अंबोआ नेहरू सिंह (38), बसुआ स्वराज बड़ाइक (23) और भंडरिया बेनी राय (55) शामिल हैं। अस्पताल में पीड़ितों की संख्या अचानक बढ़ने से स्वास्थ्यकर्मी भी परेशान दिखे। सभी घायलों को एंटी-रेबीज वैक्सीन दी गई है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने और पकड़ने की मांग की है।

### घाघरा में कचरा प्रबंधन को लेकर सीओ ने की बैठक

## विवाह या अन्य सामाजिक कार्यक्रमों से उत्पन्न कचरे का निस्तारण आयोजक खुद करेंगे: सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** कचरा प्रबंधन को लेकर तीसरे दौर कि बैठक शनिवार को सीओ कार्यालय कक्ष में हुईं। जिसकी अध्यक्षता सीओ खाखा सुशील कुमार ने की। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और वैज्ञानिक ढंग से कचरा निपटान की योजना पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि कचरा प्रबंधन कार्य के लिए बायलॉज तैयार किए जाएंगे, जिसमें सभी संबंधित पक्षों की राय ली जाएगी। बताया कि गीला एवं सूखा कचरा, कम्पोस्ट से संबंधित फल और सब्जियों का कचरा सहित सभी प्रकार के सॉलिड वेस्ट को सूचीबद्ध किया जाएगा। कहा कि शादी या अन्य सामाजिक कार्यक्रमों से उत्पन्न कचरे का निस्तारण आयोजकों द्वारा खुद किया जाएगा, ताकि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैले। कचरा उठाव कार्य में मजदूरों एवं वाहनों के खर्च का प्रावधान भी रखा जाएगा।

### बैठक में चिन्हित किया गया सीमांकन

बैठक में मौजूद ग्रामीणों क्षेत्र का सीमांकन करते हुए चिन्हित किया गया। जिसमें चपका पुल से नवडीहा पुल तक, पतगाई पुल से कोटामती पुल तक, चांदनी चौक से आनंद नगर तक। इसके अलावा पॉकेट बनाने पर भी चर्चा हुई जिसमें घाघरा पूल से चांदनी चौक तक, छठ नगर पप्पू सिन्हा के घर से हाई स्कूल मैदान तक, चांदनी चौक से कॉलेज मोहल्ला-बंसरी पुल तक, बिंदेश्वर यादव के घर से होते हुए उत्तम स्वीट्स तक और आनंद नगर-टोंकाटोली-मिलन चौक मार्ग तक को पॉकेट प्लान के रूप में शामिल किया गया है। इस मौके पर अमित ठाकुर, संजीव उरांव, किशोर जायसवाल, कमलेश ठाकुर, राजेश पंडित भोला, सुशीत गोस्वामी, धनकुंवर साहू, गौतम जायसवाल, सोनू जायसवाल और अनिल बैठा आदि मौजूद थे।



### कचरा प्रबंधन शुरू होने से पहले होनी चाहिए व्यापक प्रचार प्रसार : अनिरुद्ध

इस दौरान 'दिशा' के सदस्य अनिरुद्ध चौबे मोती ने कहा कि इस अभियान की शुरूआत से पहले क्षेत्र सीमांकन, कार्यकारिणी समिति, निगरानी समिति, प्रबंधन समिति और कोर कमेटी का गठन किया जाएगा। उन्होंने जोर दिया कि कचरा प्रबंधन प्रणाली लागू करने से पहले व्यापक प्रचार-प्रसार जरूरी है, ताकि लोगों में जागरूकता फैले। आदर्श मॉडल के रूप में घाघरा को विकसित करने की योजना बनाते हुए सीओ ने अकहा कि थोड़ा समय लेकर योजनाबद्ध तरीके से इस मुहिम की शुरूआत की जाएगी, ताकि घाघरा प्रखंड को स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किया जा सके।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 31 छात्र-छात्राएं सम्मानित



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** राजकीयकृत बालक मध्य विद्यालय में शनिवार की दोपहर एक बजे आइसीटी चैंपियनशिप की शिक्षा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 31 छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा एवं मुखिया शोभा देवी द्वारा प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। बतातें चलें कि कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रखंड स्तरीय ऑनलाइन कंप्यूटर परीक्षा दी थी, जिसमें कुल पांच स्कूलों (सरकारी हाई स्कूल भठौली, प्रोजेक्ट हाई स्कूल चैनपुर, बुनियादी विद्यालय कुरूमगढ़, आवासीय विद्यालय चैनपुर, सरकारी विद्यालय सिविल) के 31 विद्यार्थियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि डिजिटल क्रांति के इस युग में राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों के स्कूलों तक शिक्षा और डिजिटल प्रशिक्षण को पहुंचना है। इसके तहत विद्यार्थियों को ऑनलाइन कंप्यूटर परीक्षा आयोजित कर डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा दिया जा रहा है। कहा कि आज कंप्यूटर युग है। प्रौद्योगिकी संचालित दुनिया के लिए तैयार होने की आवश्यकता है, जो भविष्य में आपके करियर और जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर कई विद्यालय के प्रधानाचार्य शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## सदर अस्पताल में ब्लड स्टोरेज को मिली मान्यता, नागरिकों ने जताया आभार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर के पूर्व अध्यक्ष दामोदर कसेरा और जिला वासियों ने डीसी प्रेरणा दीक्षित एवं सिविल सर्जन के प्रति आभार व्यक्त किया है। कहा कि उनके अथक प्रयासों से बहुत कम समय में गुमला सदर अस्पताल को ब्लड स्टोरेज की मान्यता मिल गयी है। लाइसेंस संबंधी समस्या के कारण ब्लड बैंक बंद होने से लोगों में भय का माहौल था। मरीजों को ब्लड के लिए रिम्स अस्पताल भेजा जा रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीसी ने तुरंत संज्ञान लेकर मान्यता की प्रक्रिया पूरी कराई, जिससे नागरिकों को बड़ी राहत मिली। साथ ही जिला प्रतिनिधियों ने मांग की कि सदर अस्पताल के साथ ही सभी प्रखंडों में डॉक्टरों की कमी को भी जल्द दूर किया जाए, ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।


कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड (उद्यान प्रभाग)
कार्यालय – जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा
(पता– संयुक्त कृषि भवन, प्रथम तल, पिपराकलां, गढ़वा 822114)
आवेदन आमंत्रण सूचना

विभागीय राज्यादेश संख्या 49 दिनांक 15-10-2025 एवं पत्रांक 112 दिनांक 31-10-2025 द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में केन्द्र प्रायोजित योजना अन्तर्गत राष्ट्रीय बागवानी मिशन (MIDH) योजनान्तर्गत गढ़वा जिला के सभी कृषक बन्धुओं को सूचित किया जाता है कि जिला में निम्नांकित रूप से योजना के विभिन्न कार्य अवयवों का कार्यान्वन किया जाना है। उक्त कार्य अवयवों हेतु दिनांक 24-11-2025 तक आवेदन आमंत्रण इच्छुक कृषकों से किया जाता है।

राष्ट्रीय बागववानी मिशन (MIDH) योजना का भौतिक लक्ष्य (हे0 / इकाई / संख्या में)

| क्र0 सं0 | कार्य अवयव का नाम | भौतिक लक्ष्य | विभागीय अनुदान | कृषक अंशदान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | i. Strawberry – without drip irrigation | 4 ha. | 40% | 60% |
| 2 | ii. Dragon fruit- without drip irrigation | 4 ha. | 40% | 60% |
| 3 | iii. Banana (by suckers) without integration | 4 ha. | 40% | 60% |
| 4 | iv. Banana (by tissue culture) without integration | 4 ha. | 40% | 60% |
| **Fruit Crops other than cost intensive iii. New orchards of, lime, guava, aonla, Bael, L Jack fruit etc. (Regular spacing)- without irrigation** | | | | |
| 5 | i. Papaya- without integration | 6 ha. | 40% | 60% |
| 6 | ii. Mango | 4 ha. | 50% | 50% |
| 7 | iii. Guava | 4 ha. | 50% | 50% |
| 8 | iv. Litchi | 4 ha. | 50% | 50% |
| 9 | v. Lime | 4 ha. | 50% | 50% |
| 10 | vi. Aonla | 2 ha. | 50% | 50% |
| 11 | vii. Bael | 2 ha. | 50% | 50% |
| 12 | viii. Jackfruit | 4 ha. | 50% | 50% |
| **Vegetable (for maximum area of 2 ha. per beneficiary)** | | | | |
| 15 | i. Hybrid Vegetables | 35 ha. | 40% | 60% |
| 16 | ii. Onion and Garlic in open pollinated | 4 ha. | 40% | 60% |
| **Flowers (for a maximum of 2 ha per beneficiary)** | | | | |
| 17 | i. Cut Flowers (Rose, Gerbera, Tuberose, Gladiolus etc.) | 5 ha. | 40% | 60% |
| 18 | ii. Bulbous and Rhizomatic Flowers (Gladiolus, Lily Daisy,etc.) | 5 ha. | 40% | 60% |
| 19 | iii. Loose Flowers (chrysanthemum, Jasmine, Marigold etc.) | 5 ha. | 40% | 60% |
| **Spices(for a maximum area of 2 ha per beneficiary)** | | | | |
| 22 | i. Rhizomatic and bulbous spices | 15 ha. | 40% | 60% |
| 23 | **Low cost/small scale mushroom production unit** | 2 unit | 50% | 50% |
| **Rejuvenation replacement of senile plantation, canopy management** | | | | |
| 25 | Removal of dead/dying old plants | 4 ha. | 40% | 60% |
| **Poly house/Hybrid /Retractable structures** | | | | |
| 26 | i. Naturally ventilated system- (i) Tubular/Rectangular Structure | 1500 sqm. | 50% | 50% |
| **Shade Net/Agro Textile Net House** | | | | |
| 27 | i. Tubular / Rectangular structure | 2500 sqm. | 50% | 50% |
| 28 | Anti Bird/Anti Hail Nets | 10000 sqm. | 50% | 50% |
| 29 | Cost of planting material & Cultivation of high value fruits and vegetables grown in poly-house/net house | 2500 sqm. | 50% | 50% |
| 30 | Cost of planting material & Cultivation of carnation & Gerbera grown in ploy houses. | 1000 sqm. | 50% | 50% |
| 31 | Cost of planting material & Cultivation of Rose, Chrysanthemum and Lilum grown in poly houses. | 500 sqm. | 50% | 50% |
| 32 | Mulching plastic/Jute/Agro textile/ any other biodegradable material | 40 ha. | 50% | 50% |
| **Add on Components:** | | | | |
| 33 | i. Hydroponics and Aeroponics | 500 sqm. | 50% | 50% |
| 34 | Promotion of IPM/INM | 200 ha. | 50% | 50% |
| **Vermi compost Units/organic input production** | | | | |
| 35 | Vermi-beds (HDPE) | 200 unit | 50% | 50% |
| **Training/Exposure visit of farmers** | | | | |
| 36 | Within State | 200 unit | 100% | - |
| 37 | Outside State | 80 unit | 100% | - |
| 38 | Pusa Zero energy cool chamber (100 kg) | 200 unit | 50% | 50% |
| 39 | Solar Crop Dryer (with 24 Hrs. Backup)- General areas | 10 unit | 50% | 50% |
| 40 | Static/Mobile vending cart/platform with cool chamber | 2 unit | 50% | 50% |

उपरोक्त योजनाए विभागीय अनुदान पर आधारित है। जिसका उल्लेख संबंधित कार्य अवयव में किया गया है।

आवेदन पत्र में सभी आवश्यक कागजात यथा फोटोग्राफ, आधार कार्ड मोबाईल नं0 एवं आधारभूत संरचना निर्माण हेतु अंचल कार्यालय से निर्गत भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र / चेक स्लिप की छाया प्रति जमीन का अद्यतन रसीद आवेदक के हिस्से में पड़ने वाले भूमि का कागजात के संबंध में मुखिया से सत्यापित वंशावली संलग्न होना आवश्यक है।

अनुदान हेतु लाभुक चयन के निम्नांकित न्यूनतम मापदण्ड आवश्यक होगा।

1. आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ एवं सभी कगजात के साथ हो।
2. आवेदन की प्रति पर BAO/BTM/ATM /VLW/ उद्यान मित्र / मुखिया / जनप्रतिनिधि द्वारा अनशंसित किया होना आवश्यक है।
3. आवेदक के पास पर्याप्त भूमि हो तथा वे सब्जी, फल, फूल आदि की खेती करते हो तथा सिंचाई का पार्यप्त साधन हो।
4. वैसे कृशक जो कृषक अंशदान की राशि व्यय करने में इच्छुक हो।
5. योजना के लाभुक के चयन में ST/SC कृशकों एवं JSLPS / कृषक समूह / महिला स्वयं सहायता समूह तथा FPO की सूची को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. आवेदन पत्र स्वीकार करने के निर्धारित तिथि 24-11-2025 के अपराह्न 05:00 बजे के उपरान्त कोई आवेदन स्वीकार नहीं की जाएगी।
7. योजना के लाभ हेतु कृशकों की भूमि का निरीक्षण तथा जाँच के उपरान्त सर्वाधिक उपर्युक्त कृषकों का चयन किया जाएगा।
8. लाभुकों के चयन में चार सदस्यीय चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। कृशक द्वारा मात्र आवेदन भर देने से चयन की दावेदारी मान्य नहीं होगी।
9. BAO/BTM/ATM /VLW/उद्यान मित्र या कृशकों द्वारा आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ यथा वांछित कागजातों के साथ प्राप्त होने पर ही स्वीकार किया जाएगा।
10. अपूर्ण आवेदन स्वत: अस्वीकृत किए जाएगें जिसपर कोई दावा मान्य नहीं होगा।

नोट:– विशेष परिस्थिति में किसी भी आवेदन को स्वीकृत करना या रद्द करने की अधिकार जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा के पास सुरक्षित रहेगा, जिस पर किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए जिला उद्यान कार्यालय, संयुक्त कृशि भवन, प्रथम तल, पिपराकलां, गढ़वा में सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला उद्यान पदाधिकारी
गढ़वा।

PR 365595 Agriculture(25-26)D

# दुबई में बैठा प्रिंस खान गिरोह पर शिकंजा
# आयकर विभाग और पुलिस की कार्रवाई तेज

**गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने 17 लाख 34 हजार 900 रुपये नकद, एक पिस्टल, 47 कारतूस, 70 जमीन के डीड, 18 एटीएम कार्ड और आठ मोबाइल फोन बरामद किये**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में दुबई से आपराधिक नेटवर्क संचालित करने वाले प्रिंस खान और उसके गिरोह पर पुलिस और आयकर विभाग का शिकंजा कस गया है। पुलिस रिमांड पर लिये गये प्रिंस खान के तीन गुर्गों - परवेज खान, सैफ आलम उर्फ राशिद और तौशिफ आलम उर्फ मूसा से आयकर विभाग ने घंटों पूछताछ की। विभाग यह पता लगा रहा है कि प्रिंस ने कितनी अवैध संपत्ति अर्जित की और उसे कहां निवेश किया। पुलिस को रंगदारी वसूली के कई स्रोतों की जानकारी मिली है, जिनमें बिल्डर, ठेकेदार, कोयला माफिया, ट्रांसपोर्टर और होटल व्यवसायी शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, यह रकम स्थानीय सहयोगियों के माध्यम से एकत्र की जाती थी और बाद में हवाला व क्रिप्टो के जरिए दुबई भेजी जाती थी, जहां से प्रिंस और उसका भाई गोपी खान गिरोह को संचालित करते थे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ में लगभग 100 सहयोगियों की सूची प्राप्त की है, जो किसी न किसी रूप में आर्थिक मदद पहुंचाते थे। इनमें रियल एस्टेट कारोबारी और कोयला परिवहन से जुड़े लोग प्रमुख हैं।

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने 17 लाख 34 हजार 900 रुपये नकद, एक पिस्टल, 47 कारतूस, 70 जमीन के डीड, 18 एटीएम कार्ड और आठ मोबाइल फोन बरामद किये। मोबाइल की कॉल डिटेल और बैंक ट्रांजेक्शन की जांच में हवाला चैनल और ऑनलाइन लेनदेन के कई सुराग मिले हैं। गिरोह रंगदारी की रकम को जमीन कारोबार और बिल्डिंग प्रोजेक्ट में निवेश कर वैध दिखाता था।

एसएसपी प्रभात कुमार ने गिरोह के आर्थिक नेटवर्क को ध्वस्त करने के निर्देश दिये हैं। पुलिस अब सहयोगियों के आर्थिक लेनदेन, बैंक खातों और संपत्ति की जांच कर रही है। आयकर विभाग ने भी जब्त नकदी और संदिग्ध सौदों की जांच शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में कई और व्यवसायियों से पूछताछ और गिरफ्तारियों की संभावना है।

## बोकारो स्टील टाउनशिप प्रबंधन में आया नया मोड़
# राजस्व में रिकॉर्ड उछाल, 70 प्लॉट्स रद्द

**प्लांट गेटों के पास लगभग 20 एकड़ में पार्किंग बनाने की योजना**

धर्मेंद्र सिंह



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन ने टाउनशिप के प्रशासन और राजस्व वसूली में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रबंधन ने जहां एक ओर राजस्व वसूली में ऐतिहासिक सफलता दर्ज की है, वहीं दूसरी ओर वित्तीय अनुशासनहीनता पर सख्त कार्रवाई और स्थानीय लोगों के कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण योजना बना रही है।

बोकारो टाउनशिप के तेजी से विस्तार के प्रमाण के रूप में, प्रबंधन ने बड़े पैमाने पर नये प्लॉट्स का आवंटन किया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ये आवंटन पूर्व कर्मचारियों, विस्थापितों या आम नागरिकों की किस विशिष्ट श्रेणी के तहत किये गये हैं, पर आवंटन की यह बड़ी संख्या शहर के तेजी से विस्तार का संकेत देती है।

इसके साथ ही, प्रबंधन ने बकायेदारों के प्रति 'सख्ती' का स्पष्ट संदेश दिया है। नवीनीकरण की राशि बकाया रखने वाले आवंटियों के खिलाफ कठोर कदम उठाते हुए, लगभग 70 प्लॉट्स को रद्द कर दिया गया है । इन आवंटियों को नोटिस जारी किये गये हैं और भविष्य में भी कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की संभावना है। प्रबंधन का यह कदम वित्तीय अनुशासन और नियमों के पालन को अनिवार्य बनाने की दिशा में एक सख्त संदेश है, जिससे नये और गंभीर आवंटियों के लिए अवसर पैदा होंगे।

इसके अतिरिक्त, प्राप्त जानकारी के अनुसार, बोकारो स्टील प्रबंधन ने स्थानीय आदि लोगों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए एक बड़ी सकारात्मक पहल करने का विचार कर रही है। सेल प्रबंधन लगभग 20 एकड़ भूमि पर एक कल्याणकारी योजना बना रही है।

इस योजना के तहत, प्लांट के मुख्य द्वारों जैसे- सीईजेड गेट, सेक्टर 9 गेट, और मनसा सिंह गेट आदि के पास पार्किंग स्लॉट विकसित करने के लिए बोकारो स्टील प्रबंधन विचार कर रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय परिवारों को आजीविका के स्थिर साधन उपलब्ध कराना है। अगर यह योजना धरातल पर उतरती है तो, ये पार्किंग स्लॉट न केवल यातायात को व्यवस्थित करने में मदद करेंगे, बल्कि स्थानीय आदि लोगों के लिए एक निश्चित आय का स्रोत बनकर उन्हें सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान करेंगे।

शहर में व्यापक रूप से फैले अतिक्रमण की समस्या को प्रबंधन ने एक बड़ी चुनौती माना है। प्लांट की भूमि से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक और शांतिपूर्ण तरीके से अंजाम देने के लिए जिला प्रशासन के पूर्ण और सक्रिय सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। प्रबंधन के अनुसार, भूमि की सुरक्षा और भविष्य के टाउनशिप विकास के लिए अतिक्रमण पर नियंत्रण पाना सर्वोपरि है।

संक्षेप में, बोकारो स्टील प्रबंधन राजस्व वसूली में ऐतिहासिक सफलता, बड़े पैमाने पर नए आवंटन, बकायादारों पर सख्त कार्रवाई और स्थानीय लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से बोकारो टाउनशिप के प्रबंधन में एक नया मानक स्थापित कर रहा है।

## गोवंश चोरी कर भागते दो पकड़ाये

**कतरास (आजाद सिपाही)।** इन दिनों क्षेत्र में बढ़ते गौ तस्करी पर लगाम लगते हुए गोवंश चोरी कर भागते हुए छाता बाद निवासी महताब कुरैसी और छेदार डीह निवासी मुस्तकीम को कतरास पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से वाहन सहित धर दबोचा तथा दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को काको मोड़ के पास ग्रामीणों के सहयोग से एक पिकअप वैन पर लदा दो बछड़ा सहित चालक और उपचालक को पकड़ा गया, जबकि दोनों बछड़े को कतरास गंगा गोशाला को सुपुर्द कर दिया

## रेलवे मंडल में सतर्कता जागरूकता कार्यशाला



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रेल प्रबंधक कार्यालय, में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर पीके सिन्हा के नेतृत्व में मंडल रेल प्रबंधक, अखिलेश मिश्र सहित मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ एक सतर्कता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान सतर्कता तथा कार्य निष्पादन में पारदर्शिता के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गयी। वरिष्ठ उप महाप्रबंधक ने बताया कि रेलवे कार्यप्रणाली में नियमों की सही एवं निष्पक्ष व्याख्या अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सलाह दी कि किसी भी प्रकार की गलत व्याख्या या दुर्भावना से प्रेरित निर्णय से बचते हुए सत्यनिष्ठा एवं वस्तुनिष्ठता के साथ कार्य करें। उन्होंने कर्मचारियों की सुदृढ़ सत्यनिष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, निर्धारित प्रक्रियाओं एवं रेलवे नियमों का पालन करने तथा दैनिक कार्यों में पारदर्शिता अपनाने पर जोर दिया। वरिष्ठ उप महाप्रबंधक द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के दौरान धनबाद मंडल में स्कूली बच्चों के बीच आयोजित क्विज, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## उत्खनन मामले में एजीएम, पीएम, पीओ और देवप्रभा आउट्सोर्सिंग संचालक को कोर्ट की नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद ।** लोदना क्षेत्र में चल रहे जयरामपुर परियोजना विस्तारीकरण और विस्थापन विवाद को लेकर न्यायालय ने बीसीसीएल के एजीएम, पीएम, पीओ सहित देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी के संचालक को 25 नवंबर को अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इस संबंध में न्यायालय की ओर से नोटिस जारी किया गया है। यह मामला राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ (आरसीएमएस) के लोदना क्षेत्रीय सचिव धर्मेंद्र सिंह की ओर से दायर किया गया है। उन्होंने परियोजना विस्तार और विस्थापन में कथित अनियमितताओं को लेकर न्यायालय में मामला दर्ज कराया है।

इस संबंध में मजदूर नेता धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पूर्व में प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच जयरामपुर उत्खनन को लेकर एक समझौता हुआ था, जिसके तहत 150 मीटर की सीमा के बाद ही उत्खनन करने पर सहमति बनी थी, लेकिन अब कंपनी ने उस निर्धारित सीमा को पार कर लिया है। जिससे बूढ़ा बाबा मंदिर पर भी खतरा मंडराने लगा है। उन्होंने कहा कि विस्थापन प्रक्रिया में भी गंभीर गड़बड़ियां हुई हैं। कई ऐसे परिवारों को विस्थापित घोषित कर कंपनी बंगलो आवंटित कर दिया गया जो न तो नोटिस सूची में थे और न ही प्रभावित क्षेत्र की जद में आते हैं। वहीं कई वास्तविक प्रभावित परिवारों को अब तक विस्थापन का लाभ ही नहीं मिला है। धर्मेंद्र सिंह ने इस पूरे मामले की जांच की मांग की है।

## गिरिडीह बस स्टैंड में मारपीट और छिनतई

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह शहर के बस स्टैंड परिसर में शनिवार को यात्रियों के साथ मारपीट और छिनतई की घटना सामने आयी। कुछ युवक ऑटो चालक से रंगदारी मांगने पहुंचे थे, तभी उन्होंने यात्रियों पर हमला कर दिया। इस घटना में चकरदाहा निवासी पंकज कुमार सिंह के परिवार के साथ मारपीट हुई और उनके गले से सोने की चेन, करीब 20 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन छीन लिया गया। पुलिस की कार्रवाई पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और पूरे मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी। नगर थाना प्रभारी ज्ञान रंजन ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा। प्रभावित परिवार प्रभावित परिवार ने बताया कि वे श्राद्ध कार्यक्रम से लौट रहे थे और बस स्टैंड पर ऑटो से उतर रहे थे तभी यह घटना हुई। उन्होंने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है और आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है।

# हवाई अड्डा विस्तारीकरण को लेकर हटाया गया बुचड़खाना

**प्रशासन ने झोपड़ीवासियों को नोटिस जारी किया था, जिसकी समयसीमा समाप्त होने पर यह कार्रवाई की गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो में हवाई कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने और पूरी तरह तैयार बोकारो हवाई अड्डे को जल्द चालू करने के उद्देश्य से बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) प्रबंधन ने अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई शुरू की है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अधीन बीएसएल प्रशासन ने शनिवार को बोकारो नगर सेवा भवन की उजाड़ पार्टी के सहयोग से झुग्गी-झोपड़ियों को हटाने का अभियान चलाया।

यह कार्रवाई सेक्टर-12 मोड़ और दुंदीबाग बाजार क्षेत्र में की गयी, जहां करीब 200 झोपड़ियां और दुकानें ध्वस्त की गईं। यह क्षेत्र तीन दिशाओं से अतिक्रमित था, जिसके कारण एयरपोर्ट निर्माण कार्य में बाधा आ रही थी। पूर्व में प्रशासन ने झोपड़ीवासियों को नोटिस जारी किया था, जिसकी समयसीमा समाप्त होने पर यह कार्रवाई की गयी।

अभियान के दौरान बीएसएल प्रशासन, मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की संयुक्त टीम मौजूद रही। अब तक करीब 40 एकड़ में फैले अतिक्रमण क्षेत्र में से पांच एकड़ जमीन को खाली कराया गया है। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में शेष क्षेत्र से भी अतिक्रमण हटाया जायेगा।

बोकारो के पुराने एयर स्ट्रिप को ही नये एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया जा रहा है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के एयरपोर्ट कनेक्टिविटी प्लान के तहत इस परियोजना को आगे बढ़ाया जा रहा है। बीएसएल प्रबंधन का कहना है कि यह कदम शहर के विकास और क्षेत्रीय हवाई संपर्क को मजबूत करने के लिए जरूरी है। अभियान की प्रगति के साथ ही एयरपोर्ट संचालन की दिशा में तैयारियां तेज कर दी गयी हैं।

# 'धरती के नीचे सुलगता कोयला, ऊपर तड़पते लोग'
## लकड़का 8 नंबर में भूमिगत आग, धुएं से घुट रहा जनजीवन

**बीसीसीएल की चुप्पी से ग्रामीण नाराज**

**बीसीसीएल अफसर को जनता के सवाल खटकते हैं, जैसे जमीन के नीचे की आग नहीं, सच की चिंगारी सता रही हो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा/कतरास।** बीसीसीएल एरिया-4 अंतर्गत लकड़का 8 नंबर बंद चानक में भूमिगत शनिवार की सुबह आग भड़कने से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गयी है। कतरी नदी किनारे स्थित इस क्षेत्र में आग से उठता घना काला धुआं अब बस्ती तक पहुंच चुका है। इससे घरों के भीतर दमघोंटू माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से भूमिगत कोयले की परतों में आग सुलग रही थी, लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन ने कोई संज्ञान नहीं लिया। शुक्रवार को आग भड़कने के बाद पूरा इलाका धुएं से भर गया। बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगो के अनुसार 'घर में धुआं इतना भर जाता है कि आंखें जलने लगती हैं। रात में बच्चों को नींद नहीं आती।' ग्रामीणों ने बीसीसीएल और जिला प्रशासन से तत्काल निरीक्षण कर आग पर नियंत्रण के उपाय करने की मांग की है। कतरी नदी के नजदीक होने के कारण आग का फैलाव पर्यावरण और जलस्रोत दोनों के लिए खतरा बन सकता है। लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद घंटो बीत जाने के बाद न तो कोई अधिकारी मौके पर आया, न ही आग बुझाने की कोई कोशिश की गयी। हालांकि घंटो बाद बीसीसीएल के अधिकारी आये लेकीन उन्होंने मीडिया से बचते रहे और किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया घटना को लेकर नहीं दी मीडिया के सवाल पर उन्होंने कहा गलत चीज नहीं पूछिए मैं कोई भी बयान के लिए अधिकृत नहीं हूं और चलते बने। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने जल्द कदम नहीं उठाया, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। हालांकि बाद में बीसीसीएल द्वारा अग्नि प्रभावित सुरंग को बंद कर करने का प्रयास किया गया।


समाहरणालय, लातेहार(भू–अर्जन शाखा)समाहर्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या–567 /भू0 अ0 दिनांक–04.11.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार /समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–करमा थाना–बारियातु थाना संख्या–29 अंचल–बारियातु जिला–लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना–हेरहंज ब्लॉक से बारियातु भाया फुलसू पथ (लम्बाई 23.3 कि0मी0) तक पथ का चौडीकरण एवं मजबुतीकरण का कार्य अपेक्षित है पथ निर्माण के दौरान ज्यादातर लोगों की जमीन का अंश भाग अधिग्रहित किया जायेगा। भू–अर्जन के कारण कुल शून्य परिवारों के विस्थापित होने की संभावना है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1)(ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी को प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–करमा थाना–बारियातु थाना संख्या–29 अंचल–बारियातु जिला–लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–0.4550 एकड़ मानक माप का भूखंड, प्रारंभिक अधिसूचना किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | भूमि का स्वामित्व | भूमि का प्रकार | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0, पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | करमा | 13 | 1059 | रैयती | टाड़ दो नई परती एक साल | 1.11 | 0.0050 | गरजा गंझु, पिता– दीना गंझु, निवासी– निजग्राम | लक्ष्मी गंझु वै0 पिता– स्व0 चन्द्रदेव गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– निज द0– सड़क पु0– 1060 प0– 1058 |
| 2 | करमा | 13 | 1061 | रैयती | टाड़ दो नई परती एक साल | 0.39 | 0.0050 | गरजा गंझु, पिता– दीना गंझु, निवासी– निजग्राम | मोहर गंझु पिता– स्व0 गरज गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– निज द0– सड़क पु0– सड़क प0– 1061 |
| 3 | करमा | 13 | 1075 | रैयती | टाड़ दो नई परती दो साल | 0.54 | 0.0200 | गरजा गंझु, पिता– दीना गंझु, निवासी– निजग्राम | मोहर गंझु पिता– स्व0 गरज गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– निज द0– सड़क पु0– 1076 प0– सड़क |
| 4 | करमा | 13 | 992 | रैयती | गढ़ा | 0.10 | 0.0200 | गरजा गंझु, पिता– दीना गंझु, निवासी– निजग्राम | मोहर गंझु पिता– स्व0 गरज गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– सड़क द0– निज पु0– 993 प0– 991 |
| 5 | करमा | 13 | 1023 | रैयती | टाड़ दो नई | 2.41 | 0.0400 | गरजा गंझु, पिता– दीना गंझु, निवासी– निजग्राम | मोहर गंझु पिता– स्व0 गरज गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– सड़क द0– निज पु0– 1024 प0– निज |
| 6 | करमा | 38 | 1085 | रैयती | टाड़ दो | 1.40 | 0.0200 | झरी गंझु वो0 हरी गंझु वो0 सावन गंझु, पिता– जेलवा गंझु, निवासी– निजग्राम | अन्दु गंझु वै0 पिता– स्व0 फिटी गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– 1084 द0– 1086 पु0– निज प0– सड़क |
| 7 | करमा | 60 | 947 | रैयती | टाड़ दो | 0.82 | 0.0100 | फिटी गंझु, पिता– हड़ता गंझु, जाति– भोगता, निवासी– निजग्राम | अन्दु गंझु वै0 पिता– स्व0 फीरी गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– 946 द0– 948 पु0– सड़क प0– निज |
| 8 | करमा | 64 | 1080 | रैयती | परती झाड़ी | 0.6 | 0.0100 | फल साहय पाहन वो बालदेव पाहन, पिता– भादे पाहन, अंश समान, जाति– भोगता, निवासी– निजग्राम | फलिन्द्र गंझु वै0 पिता– स्व0 मरन गंझु निवासी–निजग्राम | उ0– 1079 द0– 1081 पु0– 1081 प0– सड़क |
| 9 | करमा | 64 | 1082 | रैयती | टाड़ दो | 0.71 | 0.0050 | फुल सहाय पाहन वो0 बालदेव पाहन, पिता– भादे पाहन, अंश समान | अन्दु गंझु वै0 पिता– स्व0 फिटी गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– 1081 द0– 1084 पु0– निज प0– 1080 |
| 10 | करमा | 64 | 1084 | रैयती | टाड़ दो | 1.35 | 0.0100 | फुल सहाय पाहन वो0 बालदेव पाहन, पिता– भादे पाहन, अंश समान | अन्दु गंझु वै0 पिता– स्व0 फिटी गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– 1082 द0– 1085 पु0– निज प0– सड़क |
| 11 | करमा | 64 | 1027 | रैयती | टाड़ दो | 2.15 | 0.0300 | फुल सहाय पाहन वो0 बालदेव पाहन, पिता– भादे पाहन, अंश समान | फलिन्द्र गंझु वै0 पिता– स्व0 मरन गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– 1026 द0– 1028 पु0– सड़क प0– निज |
| 12 | करमा | 64 | 1029 | रैयती | टाड़ दो | 0.11 | 0.0200 | फुल सहाय पाहन वो0 बालदेव पाहन, पिता– भादे पाहन, अंश समान | अन्दु गंझु वै0 पिता– स्व0 फीरी गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– 1028 द0– 1030 पु0– सड़क प0– निज |
| 13 | करमा | 64 | 1032 | रैयती | टाड़ दो | 0.40 | 0.0200 | फुल सहाय पाहन वो0 बालदेव पाहन, पिता– भादे पाहन, अंश समान | फलिन्द्र गंझु वै0 पिता– स्व0 मरन गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– 1031 द0– 1033 पु0– सड़क प0– निज |
| 14 | करमा | 81 | 990 | रैयती | टाड़ दो नई परती एक साल | 1.66 | 0.0100 | बंगाली गंझु, पिता– ललित गंझु, जाति– गंझु, निवासी– निजग्राम | अन्दु गंझु वै0 पिता– फिरी गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– सड़क द0– निज पु0– 991 प0– 989 |
| 15 | करमा | 86 | 927 | रैयती | टाड़ दो | 0.97 | 0.0300 | भिखारी उरांव, पिता– उर्दु उरांव वगैरह अंश | जयराम उरांव वै0 पिता– स्व0 निवासी– निजग्राम | उ0– निज द0– सड़क पु0– निज प0– 933 |
| 16 | करमा | 86 | 926 | रैयती | टाड़ दो नई परती एक साल | 0.12 | 0.0100 | भिखारी उरांव, पिता– उर्दु उरांव वगैरह अंश | जयराम उरांव वै0 पिता– स्व0 निवासी– निजग्राम | उ0– निज द0– सड़क पु0– निज प0– सड़क |
| 17 | करमा | 86 | 945 | रैयती | टाड़ दो नई परती एक साल | 0.79 | 0.0300 | भिखारी उरांव, पिता– उर्दु उरांव वो अंश | जयराम उरांव वै0 पिता– स्व0 निवासी– निजग्राम | उ0– सड़क द0– निज पु0– सड़क प0– निज |
| 18 | करमा | 89 | 1014 | रैयती | टाड़ दो | 3.12 | 0.0050 | मनराज गंझू पिता गैनौरी गंझू वगैरह | धनेसर गंझु पिता– स्व0 मंडल गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– सड़क द0– निज पु0– 1016 प0– 997 |
| 19 | करमा | 96 | 920 | रैयती | टाड़ दो | 0.84 | 0.0200 | मल्लु गंझु वो फिह गिंझु वो चुहर, पिता हउता गंझू निवासी– निजग्राम | अन्दु गंझु पिता– स्व0 पिटी गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– निज द0– सड़क पु0– निज प0– सड़क |
| 20 | करमा | 96 | 948 | रैयती | टाड़ दो | 0.97 | 0.0150 | मल्लु गंझु वो फिह गिंझु वो चुहर, पिता हउता गंझू निवासी– निजग्राम | अन्दु गंझ पिता– स्व0 फीरी गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– 947 द0– 985 पु0– सड़क प0– निज |
| 21 | करमा | 110 | 1062 | रैयती | टाड़ दो नई परती | 0.10 | 0.0050 | मोहन गझु वो पुरन गंझु वो बुधन गंझु, पिता– पागल गंझु, जाति– भोगता, निवासी– निजग्राम | मोहन गझु वो पुरन गंझु वो बुधन गंझु, पिता– पागल गंझु, जाति– भोगता, निवासी– निजग्राम | उ0– 947 द0– 985 पु0– सड़क प0– निज |
| 22 | करमा | 110 | 994 | रैयती | टाड़ दो | 2.38 | 0.0050 | मोहन गंझु वो पुरन गंझु वो बुधन गंझु प्रयाग गंझू, निवासी– निजग्राम | संदीप गंझु वै0 पिता–स्व0 मोहन गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– सड़क द0– निज पु0– 985 प0– 993 |
| 23 | करमा | 119 | 1077 | रैयती | टाड़ दो नई परती एक साल | 0.51 | 0.0200 | राम किशुन राम, पिता– होपन राम, एक अंश | मोहर गंझु पिता– स्व0 गरज गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– निज द0– 1078 पु0– निज प0– सड़क |
| 24 | करमा | 127 | 922 | रैयती | टाड़ दो | 0.83 | 0.0100 | ललित तुरी, पिता– भुखरू तुरी, जाति– तुरी, निवासी– निजग्राम | अन्दु गंझु वै0 पिता– स्व0 पिटी गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– निज द0– 921 पु0– निज प0– सड़क |
| 25 | करमा | 147 | 1016 | रैयती | टाड़ दो नई परती एक साल | 1.32 | 0.0100 | हरखु गंझु वो मलू गंझु, पिता– चोपे गंझु, जाति– भोगता | जितन गंझु पिता छटु गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– सड़क द0– निज पु0– सड़क प0– निज |
| 26 | करमा | 155 | 1022 | रैयती | टाड़ दो नई परती एक साल | 4.12 | 0.0050 | हिरामन गंझु वो सहदेव गंझु वो हीरादेव गंझु, पिता गोवि गंझू निवासी– निजग्राम | दिनेश गंझु वै0 पिता– स्व0 पनु गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– सड़क द0– निज पु0– 1023 प0– 1021 |
| 27 | करमा | 156 | 1078 | रैयती | टाड़ दो | 0.71 | 0.0100 | बिहार भूदान यज्ञ समिति | मोहर गंझु पिता– स्व0 गरज गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– 1077 द0– 1079 पु0– निज प0– सडक |
| 28 | करमा | 156 | 1079 | रैयती | टाड़ दो | 0.66 | 0.0200 | बिहार भूदान यज्ञ समिति | फलिन्द्र गंझू पिता स्व0 मरन गंझू वगैरह | उ0– 1078 द0– 1080 पु0– निज प0– सडक |
| 29 | करमा | 156 | 1024 | रैयती | टाड़ दो | 1.300 | 0.0150 | बिहार भूदान यज्ञ समिति | मोहर गंझु पिता– स्व0 गरज गंझु निवासी– निजग्राम | उ0– 1023 द0– 1026 पु0– सड़क प0– निज |
| 30 | करमा | 156 | 1026 | रैयती | टाड़ दो | 1.210 | 0.0200 | बिहार भूदान यज्ञ समिति | फलिन्द्र गंझू पिता स्व0 मरन गंझू वगैरह | उ0– 1024 द0– 1027 पु0– सड़क प0– निज |
| | | | कुल– | | | | 0.4550 | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है। भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार

PR 365554 (Land Reforms)25-26*D

# आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड मणिकांत धान को



झारखंड के अग्रणी मीडिया संस्थान आजाद सिपाही की ओर से झारखंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और हस्तियों को सम्मानित करने के लिए शुरू किये गये 'आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड' प्रदान करने का सिलसिला जारी है। सेल, बोकारो स्टील प्लांट सिटी के संचार प्रमुख मणिकांत धान को यह सम्मान प्रदान किया गया। लैंडस्केप मीडिया (प्रा) लिमिटेड द्वारा प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह और सहायक महाप्रबंधक नामधारी प्रसाद के अलावा बोकारो के ब्यूरो चीफ हरेराम भारती ने मणिकांत धान को प्रमाणपत्र सौंपा।

# जन्मदिन की बधाई देने लालकृष्ण आडवाणी के आवास पहुंचे पीएम मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार शाम को भारत रत्न और वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी से उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इससे पहले पीएम मोदी ने लालकृष्ण आडवाणी को एक्स पर उन्हें जन्मदिन पर बधाई दी थी। आडवाणी शनिवार को 98 वर्ष के हो गए हैं। उन्हें इस वर्ष भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा, महान दृष्टिकोण और तीक्ष्ण बुद्धिमत्ता वाले राजनेता आडवाणी जी का जीवन भारत की प्रगति को सुदृढ़ करने के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने निस्वार्थ कर्तव्य और दृढ़ सिद्धांतों की भावना को सदैव अपनाया। उनके योगदान ने भारत के लोकतांत्रिक और सांस्कृतिक परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी है। ईश्वर उन्हें उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करे।



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी को जन्मदिन की बधाई दी। शाह ने लिखा, ₹भाजपा के संस्थापक सदस्य, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत, 'भारत रत्न' लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आडवाणी जी ने यह बताया है कि कैसे निस्वार्थ भाव से पूरा जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पित किया जाता है। संगठन से लेकर सरकार तक, उनके हर दायित्व का एक ही लक्ष्य रहा है - राष्ट्र प्रथम।

उन्होंने आगे लिखा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन को गांवों की चौपालों से लेकर महानगरों तक पहुंचाया और गृह मंत्री के रूप में देश की सुरक्षा को सुदृढ़ किया। श्रीरामजन्मभूमि आंदोलन में भी उन्होंने अग्रणी भूमिका निभाई और रथ यात्रा निकालकर पूरे देश में जनजागरण किया। ईश्वर से उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भी आडवाणी को जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री, द्यभारत रत्नह्न आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। आपका संपूर्ण जीवन शुचिता, नैतिकता और राष्ट्रप्रेम की जीवंत अभिव्यक्ति है। अपने समर्पण और कठिन परिश्रम से देशभर में संगठन सींचने और असंख्य कार्यकताओं को गढ़ने में आपका महत्वपूर्ण योगदान हम सभी के लिए प्रेरणीय है। मैं ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने लालकृष्ण आडवाणी को जन्मदिन की बधाई दी और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने लिखा, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, हमारे प्रेरणास्त्रोत भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और मंगलमय जीवन की प्रार्थना करता हूं।

## फीस नहीं देने पर प्रिंसिपल ने कहा धर्मशाला नहीं खोल रखी

# मुजफ्फरनगर में छात्र ने खुद को आग लगायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** यूपी के मुजफ्फरनगर में डीएवी कॉलेज के कैंपस में छात्र ने शनिवार दोपहर खुद को आग लगा ली। प्रिंसिपल ने फीस जमा न होने पर उसे परीक्षा फॉर्म नहीं दिया था। इससे वह परीक्षा नहीं दे पाता। उसके साथी छात्र ने प्रिंसिपल पर मारपीट के आरोप लगाये हैं। घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में छात्र उज्ज्वल राणा कह रहा है कि प्रिंसिपल ने छात्रों के सामने उसकी बेइज्जती की। कहा- धर्मशाला नहीं खोल रखी है। इससे नाराज छात्र ने बैग से पेट्रोल की बोतल निकाली और खुद पर छिड़क कर आग लगा ली। वह जलते हुए क्लासरूम की तरफ भागा। पीछे-पीछे साथी छात्र दौड़ते हुए पहुंचे। स्कूल बैग और पानी डालकर आग बुझाई। इसमें एक और छात्र भी झुलस गया।

छात्र को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। इसके बाद दिल्ली रेफर कर दिया गया। वह 70% से ज्यादा झुलस गया है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। खाकरोबान गांव का रहने वाला उज्ज्वल डीएवी पीजी कॉलेज, बुढ़ाना से बीए सेकेंड ईयर का छात्र है। वह थर्ड सेमेस्टर में है।



अस्पताल में अपने झुलसे भतीजे को देख कर चीख पड़ा चाचा।

### प्रत्यक्षदर्शी छात्र ने बतायी घटना

प्रत्यक्षदर्शी छात्र शोभन ने बताया- गुरुवार को उज्ज्वल को बहुत पीटा गया था। पहले प्रिंसिपल ने दो पुलिसकर्मियों के साथ उसकी पिटाई की। इसके बाद पीटीआई ने भी उसे कमरे में बंद करके मारा। पुलिस ने कहा था कि जो भी छात्र उज्ज्वल का समर्थन करेगा, उस पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। शनिवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे उसने कैंपस में टीचर के सामने ही खुद पर पेट्रोल डाला और माचिस हाथ में ली, लेकिन किसी ने उसे रोकने की कोशिश नहीं की। सब खड़े देखते रहे। टीचर के सामने ही उसने खुद को आग लगा ली और तड़पते हुए क्लासरूम की ओर भागा। उसे जलता देख टीचर दूर भाग गये। हम छात्रों ने किसी तरह कमरे में घुसकर उसके ऊपर बैग और कपड़े डालकर आग बुझाने की कोशिश की, फिर पानी डाला। इस दौरान कोई भी टीचर मदद के लिए आगे नहीं आया। कॉलेज में कार खड़ी थी, लेकिन उसे अस्पताल नहीं ले जाया गया। करीब आधे घंटे तक वो तड़पता रहा। इसके बाद पुलिस पहुंची और एम्बुलेंस से उसे अस्पताल भिजवाया गया।

# समस्तीपुर में वीवीपैट पर्चियां फेंकी हुई मिलीं

- डीएम रोशन कुशवाहा ने एफआइआर दर्ज करायी, जांच के आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले में चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाला चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिले के सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र के शीतलपट्टी गांव के पास हजारों वीवीपैट पर्चियां कूड़े में फेंकी हुई पायी गयीं। इस विधानसभा क्षेत्र में 6 नवंबर को मतदान हुआ था, जबकि 8 नवंबर की सुबह ग्रामीणों ने कूड़े के ढेर में वीवीपैट पर्चियां देखीं। इस मामले में चुनाव आयोग ने कार्रवाई करते हुए 2 कर्मचारियों को सस्पेंड किया है। इसके बाद इलाके में सनसनी फैल गयी और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गये। सूचना मिलते ही समस्तीपुर के जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा और पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। एसडीओ दिलीप कुमार भी जांच में शामिल हुए। अधिकारियों ने सभी पर्चियों को मौके से जब्त कर लिया और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। डीएम रोशन कुशवाहा ने बताया कि पर्चियों पर मुद्रित जानकारी से संबंधित मतदान केंद्र की पहचान की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये पर्चियां किस केंद्र से संबंधित हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :

**ई. निविदा संख्या : ईएल/39/खुली/2025–26, क्र.सं. 1 : कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : (अ) चैनपुर :** धनबाद डिविजन के तहत चैनपुर (सीएनपीआर) यार्ड में मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर (एमएसडीएसी) का प्रावधान। **(ब)** धनबाद : वंदे भारत और अमृत भारत के रखरखाव के लिए कोचिंग डिपो डीएचएन में पिट नंबर 1 पर रखरखाव सुविधा का उन्नयन। **(स)** बिराटोली (बीआईआरटी) स्टेशन पर रेलवे के स्वामित्व वाले इलेक्ट्रॉनिक इन मोशन वेब्रिज की स्थापना का प्रस्ताव। **(द)** डीएमबीआर, डीएनईए, एएमएलओ और बेरमो में पाइप जलापूर्ति का प्रावधान और सुधार से संबंधित वैद्युतिक कार्य । **(कार्य समापन अवधि : बारह माह), क्र.सं. 2 कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 55,81,519.59, **क्र.सं. 3 बिड सिक्युरिटी :** रू. 1,11,600.00, **क्र.सं. 4 बिड मूल्यांकन प्रणाली :** एक पैकेट प्रणाली,

**ई. निविदा संख्या : ईएल/40/खुली/2025–26, क्र.सं. 1 : कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : (अ)** धनबाद डिविजन के धनबाद में 33/11 केवी सबस्टेशन में विद्युत परिसंपत्तियों का सुदृढ़ीकरण **(ब)** धनबाद डिविजन में मुख्य ट्रांसमिशन लाइनों में पुराने और कम रेटेड बिजली केबलों के लिए बिजली आपूर्ति प्रणाली का विस्तार। **(कार्य समापन अवधि : बारह माह), क्र.सं. 2 कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 1,43,16,178.79, **क्र.सं. 3 बिड सिक्युरिटी :** रू. 2,21,600.00, **क्र.सं. 4 बिड मूल्यांकन प्रणाली :** एक पैकेट प्रणाली,

**ई. निविदा संख्या : ईएल/41/खुली/2025–26, क्र.सं. 1 : कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** धनबाद डिविजन में रंगीन लाइट सिग्नलिंग (सीएलएस) पैनलों के लिए तीन वर्षों के लिए वार्षिक मरम्मत अनुबंध। **(कार्य समापन अवधि : छत्तीस माह), क्र.सं. 2 कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 10,11,185.96, **क्र.सं. 3 बिड सिक्युरिटी :** रू. 20,200.00, **क्र.सं. 4 बिड मूल्यांकन प्रणाली :** एक पैकेट प्रणाली,

- **ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई निविदा बंद होने की तिथि : दिनांक 01.12.2025 को 11:00 बजे। ई निविदा खुलने की तिथि : दिनांक 01.12.2025 को 11.30 बजे के बाद। • वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट **ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत),**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/1252/डीएचएन/वि./टी/25–26/68

प्रो. सुनील मंडल
मंडल बोरवेल्स
बेकोबार, झुमरी तिलैया, कोडरमा
शुद्ध पानी के लिये मशीन द्वारा चापाकल, बोरिंग के लिये सम्पर्क करें-
Contact for : 5"X4.5", 7"X6.5", 8"X6.5"
7762893254, 8789912506

TEXMO®
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX®
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured **Exclusively by**
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

# चैंपियन बनने से महिला क्रिकेटरों की ब्रांड वैल्यू 50% बढ़ी

## जेमिमा की वैल्यू 1.5 करोड़, शेफाली की 1 करोड़ से ज्यादा हो गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारत की महिला क्रिकेट टीम के प्लेयर्स की ब्रांड वैल्यू में 50% से ज्यादा का इजाफा हुआ है। पीटीआइ की रिपोर्ट के अनुसार टॉप परफॉर्मर्स जैसे स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स को अब इंडिविजुअल एंडोर्समेंट डील्स 1 करोड़ रुपये से ऊपर मिलने की उम्मीद है। कई ऐसे ब्रांड्स है, जो इन्हें अपने कैंपेन का चेहरा बनाना चाहते हैं। इनमें कार कंपनियों से लेकर बैंक ऋ्टउऋ् एथलीजर, लाइफस्टाइल, ब्यूटी, पर्सनल केयर और एजुकेशन कंपनियां शामिल हैं। टॉप महिला क्रिकेटर्स अब उस स्पेस में भी एंटर कर रही हैं, जो पहले मेल-डॉमिनेटेड माने जाते थे।



**ब्रांड वैल्यू के बढ़ने का मतलब :** मान लीजिए, एक क्रिकेटर सिर्फ मैदान पर रन बनाने वाला खिलाड़ी नहीं, बल्कि एक 'ब्रांड' है- जैसे किसी कंपनी का लोगो। उसकी ब्रांड वैल्यू बढ़ने का मतलब है कि उसके नाम, इमेज और फैन फॉलोइंग की 'मार्केट प्राइस' बढ़ गयी है। यानी, कंपनियां उसे अपने प्रोडक्ट प्रमोट करने के लिए ज्यादा पैसे देने को तैयार हैं। ये वैल्यू रुपये में मापी जाती है और ये एंडोर्समेंट (विज्ञापन) डील्स से सीधे जुड़ी होती है।

**टॉप लेवल प्लेयर्स की एंडोर्समेंट वैल्यू 2 से 3 गुना बढ़ी :** जेमिमा जैसे प्लेयर्स को मैनेज करने वाली फर्म खरह स्पोर्ट्स के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर करण यादव ने कहा, टॉप लेवल प्लेयर्स की एंडोर्समेंट वैल्यू 2 से 3 गुना बढ़ गयी है। जेमिमा की वैल्यू लगभग 60 लाख से बढ़कर 1.5 करोड़ से ऊपर हो गयी है। शेफाली की भी वैल्यू लगभग 40 लाख से बढ़ कर 1 करोड़ से ज्यादा हो गयी है। सोशल मीडिया पर एंगेजमेंट्स के एक्सप्लोजन से इन प्लेयर्स का फैंस से बढ़ता कनेक्ट साफ दिख रहा है। इसने भी उनकी ब्रांड वैल्यू बढ़ाने में मदद की है। जैसे जेमिमा के फॉलोअर्स डबल होकर 3.3 मिलियन हो गये और शेफाली के 50% से ज्यादा बढ़ गये।

**47 साल इंतजार के बाद चैंपियन बना भारत :** इसी महीने 2 नवंबर को भारतीय महिला टीम ने 47 साल के लंबे इंतजार के बाद साउथ अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीता। डीवाइ पाटिल स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने 7 विकेट खोकर 298 रन बनाये। शेफाली ने 87, दीप्ति शर्मा ने 58, स्मृति मंधाना ने 45 और ऋचा घोष ने 34 रन की पारी खेली। साउथ अफ्रीका से आयाबोंगा खाका ने 3 विकेट लिये। बड़े टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका टीम 246 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने लगातार दूसरा शतक लगाया, लेकिन टीम को जीत दिलाने से पहले ही आउट हो गयीं। भारत से पार्ट टाइम ऑफ स्पिनर शेफाली वर्मा ने 2 विकेट लेकर मैच पलटा। वहीं दीप्ति शर्मा ने 5 विकेट लेकर टीम को जीत दिला दी। दीप्ति प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट चुनी गयीं।

### वर्ल्ड कप विनिंग टीम को सिएरा एसयूवी गिफ्ट देगी टाटा

बीते दिनों टाटा मोटर्स के एमडी और सीइओ शैलेश चंद्रा ने कहा था कि टीम की डिटर्मिनेशन से इंस्पायर होकर सभी प्लेयर्स को टाटा सिएरा का टॉप मॉडल गिफ्ट किया जा रहा है। ये भी एक तरह की ब्रांडिंग स्ट्रैटजी है। सोशल मीडिया मेट्रिक्स के एक्सप्लोड होने से ब्रांड्स को यूनीक स्टोरी टेलिंग मिल रही है।

अपोलो हेल्थ केयर
बाजार रोड, डोमचांच
डॉ. अंकित कुमार साहा
(बी.ए.एम.एस., बैंगलोर)
आयुर्वेद जनरल फिजिशियन
नाड़ी परीक्षा, पंचकर्म अग्नि कर्म और विध कर्म विशेषज्ञ
आयुर्वेद पद्धति द्वारा इलाज होता है
संपर्क करें:+91 9611235549
उपलब्ध उपचार : हड्डी रोग, त्वचा रोग, जीवनशैली विकार, स्त्री रोग, पेट का रोग, मूत्र सम्बन्धी समस्या, नसों के रोग

सुनहरा अवसर
आवश्यकता
रहना और खाना FREE
Seat Limited — प्रशिक्षण क्षेत्र — Seat Limited
1. FASHION DESIGNER: इसके अन्तर्गत फैशन डिजाईनिंग, आर्ट क्राफ्ट, शर्ट, पैन्ट, कढ़ाई, बुनाई, प्रिंसेस ब्लाउज।
2. MULIT SKILL TECHNICIAN : इसके अन्तर्गत ADCA+ (Advance Computer, Photoshop, Corel Draw, Pagemaker, Tally Prime 4.0 With GST, Internet, Chat GPT With AI Tools) Typing Hindi & English, Hotel Management।
3. GENERAL DUTY ASSISTANT : नर्स संबंधित पुरी जानकारी, प्राइमरी ट्रीटमेंट जैसे इंजेक्शन लगाना, घाव पर पट्टी करना फिजियोथेरेपी, सलाइन चढ़ाना एवं टेस्ट करना
आवश्यकता : 18 वर्ष +युवक, युवतियाँ, महिलाएँ एवं गृहिणियाँ के लिए 3 माह की निःशुल्क ट्रेनिंग, रहना-खाना फ्री।
ट्रेनिंग के बाद जॉब पंचायत कोऑर्डिनेटर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, सिलाई फैक्ट्री व बड़े रेस्टोरेंट एवं हॉस्पिटल में।
Salary:12000-20000
Trainning Centre:
Ranchi-7004847471 Ramgarh-7295831484
Office Address: Durgapuri, Kokar, Ranchi (JH.)

VERMA PRESS® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**